CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

हल्द्वानी, सोमवार 6 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 17 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमंता बिस्वा सरमा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : राहुल गांधी पेज 2



मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ी हैदराबाद टीम खेल टाइम्स



युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू सम्पादकीय



अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकाला: ट्रम्प पेज 12

# पायलट बचाने में अमेरिका ने खोए दो हेलीकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान

तेहरान, वार्ता

**ईरान और** अमेरिका के बीच जारी युद्ध लगातार तेज होता दिख रहा है। ईरान की ओर से लगातार अमेरिका विमानों को मार गिराने का दावा किया जा रहा है। रविवार को ईरान की ओर से अमेरिका के विमानों को तबाह करने के सबूत जारी किए गए हैं।

ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिका के विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। ईरान का दावा है कि उसने इस्फहान इलाके में अमेरिकी सैन्य मिशन के दौरान दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर और दो सी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से तस्वीरें और वीडियो जारी किए गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना डाउन हुए पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन इस दौरान उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। इससे पहले ईरानी मीडिया एक विमान गिराने की बात कह चुका था, लेकिन अब आईआरजीसी ने चार एयरक्राफ्ट तबाह करने का दावा किया है। इसके अलावा ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के कथित मलबे की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में भी विमानों मलबा बिखरा हुआ दिख रहा है। इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया था कि लापता अमेरिकी पायलट की तलाश में भेजे गए मिशन के एक विमान को निशाना बनाया गया। ईरान इससे पहले भी अमेरिकी एफ-15 और ए-10 जैसे विमानों को गिराने का दावा कर चुका है। फिलहाल, अमेरिकी पक्ष ने इस नए दावे या तस्वीर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।



ईरान ने अमेरिकी विमानों को तबाह करने के सबूत देते हुए विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए

## ईरान के आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मार गिराया

**तेहरान।** आईआरजीसी ने इस्फहान शहर के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 रीपर को मार गिराया है। प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के एक बयान का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। इससे पहले, ईरान के खातम अल-अंबिया सैन्य कमांड के केन्द्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने कहा था कि ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को तीन एमक्यू-9 रणनीतिक ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया था। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए थे, जिससे जान माल का काफी नुकसान हुआ। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है।

## कुवैत में वित्त मंत्रालय और तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है, जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कुना समाचार एजेंसी के अनुसार हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल में यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक सुरक्षित

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डा. शमुंगा सुंदरम ने कहा कि यदि कोई श्रमिक भारत लौटना चाहता है, तो उसके लिए जॉर्डन के रास्ते वापसी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार लगातार उनकी स्थिति की निगरानी कर रही है और आवश्यकता पड़ने पर वापसी की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। नियमित रूप से इजरायल स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां मौजूद सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना नहीं है।

### चुनाव आयोग ने विस चुनावों से पहले जब्त किए 650 करोड़

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली देश की विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य प्रलोभन सामग्री जब्त की है। आयोग ने रविवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि 15 मार्च को असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 फरवरी से पांच अप्रैल के बीच कुल 651.51 करोड़ रुपये की जब्ती हुई, जिसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 231 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

### झारखंड समेत छह राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है, लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35 डिग्री सेल्सियस से कम या आसपास है। इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई। अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है।

# एपस्टीन और अनिल अंबानी के बीच सैकड़ों मैसेज-ईमेल हुए

## दावा: यौन अपराधी ने खुद को व्हाइट हाउस का इनसाइडर बताया

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिका के** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 2017 में उद्योगपति अनिल अंबानी के सामने खुद को डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के व्हाइट हाउस के 'इनसाइडर' की तरह पेश किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच दो साल तक सैकड़ों मैसेज और ईमेल हुए। इनमें एपस्टीन ने ट्रम्प प्रशासन की नियुक्ति व विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां साझा कीं, जो बाद में सही भी निकलीं।

हालांकि, इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि एपस्टीन की व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच थी। मैसेज में अनिल अंबानी ने एपस्टीन को लिखा था कि 'भारत के रिश्ते और रक्षा सहयोग के लिए व्हाइट हाउस से डील करने में आपकी गाइडेंस चाहिए।' जवाब में एपस्टीन ने 'इनसाइड' जानकारी देने का वादा किया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी मैसेज के रीव्यू के आधार पर बताया कि अनिल अंबानी और एपस्टीन के बीच बातचीत सिग्नल और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर होती थी, जहां अंबानी 'अरमानी ए' नाम से सक्रिय थे। यह संपर्क उस दौर का है, जब एपस्टीन नाबालिगों से जुड़े अपराधों में जेल की सजा काट चुका था। इनका परिचय दुबई की कंपनी डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन सुल्तान अहमद बिन सुलाएम ने कराया था। एपस्टीन ने जब दीपक चोपड़ा से अंबानी के बारे में राय मांगी, तो चोपड़ा ने उन्हें 'बेहद अमीर, चर्चा में रहने का शौकीन और सेलेब्स के प्रति सजग' व्यक्ति बताया था। मैसेज में एपस्टीन खुद को असरदार पावर ब्रोकर के रूप में पेश करता दिखा। मार्च 2017 में अनिल अंबानी ने एपस्टीन से पूर्व सीआईए डायरेक्टर डेविड पेट्रेयस के भारत में अमेरिकी राजदूत बनने की संभावना पूछी थी। एपस्टीन ने जवाब दिया था- वे प्राथमिकता में नहीं हैं। बाद में केनेथ जस्टर राजदूत बने। जुलाई 2017 में एपस्टीन ने यह 'इनसाइड' जानकारी भी दी कि जान बोल्टन नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) होंगे। हालांकि, तब ट्रम्प ने मौजूदा एनएसए मैकमास्टर का बचाव किया था। हालांकि, 8 महीने बाद एपस्टीन की बात सच साबित हुई और बोल्टन ने ही पद संभाला। एपस्टीन ने अनिल अंबानी को ट्रम्प के बेहद करीबी लोगों, जैसे स्टीफन बैनन और थामस बैरक जूनियर से मिलवाने का प्रस्ताव दिया था। बोल्टन 9 अप्रैल, 2018 को एनएसए बने और ट्रम्प ने 10 सितम्बर 2019 को उन्हें पद से हटा दिया। बैरक उस वक्त ट्रम्प की इनॉगरेशन कमेटी के अध्यक्ष थे। एपस्टीन ने दिग्गजों को यह भरोसा दिलाया कि अंबानी से जुड़ना उनके लिए फायदेमंद होगा। वहीं, अनिल अंबानी ने खुद को भारत में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बताते हुए मैसेज लिखा कि 'लीडरशिप' चाहती है कि एपस्टीन उनकी मुलाकात जेरेड कुशनर और बैनन से कराने में मदद करे। अनिल अंबानी की अमेरिकी डिफेंस पॉलिसी में दिलचस्पी की वजह यह भी बताई गई है कि 2016 में उन्हें राफेल के पार्ट्स से जुड़ी डील मिली थी। उस वक्त आलोचकों ने भारत सरकार पर अंबानी को फायदा पहुंचाने के आरोप लगाए थे, जिन्हें सरकार ने खारिज किया था। अंबानी ने लिखा था कि भारत के लिए अमेरिकी राजदूत का चयन उनके लिए बेहद 'अहम' है। वे चाहते थे कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से निपटने के लिए इस पद पर कोई 'मजबूत' व्यक्ति आए।



नियुक्ति-विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां दीं, जो बाद में सही निकली

व्हाइट हाउस से संपर्क करने में अनिल अंबानी ने मांगी थी मदद

### अनिल अंबानी-एपस्टीन के बीच पैसों के लेनदेन का भी जिक्र

**न्यूयॉर्क।** 2019 में जब अनिल अंबानी की कंपनियों पर आर्थिक संकट गहराया और उन्हें कर्ज चुकाने के लिए भाई मुकेश अंबानी की मदद लेनी पड़ी, तब एपस्टीन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दे रहा था। हालांकि, एपस्टीन ने संदेशों में लिखा कि उसे पैसे की जरूरत नहीं है, लेकिन एक ईमेल में 'ट्रांजैक्शन डन' का जिक्र मिला। रिपोर्ट के अनुसार, 23 मई 2019 को भारत में चुनावी नतीजों के दिन अनिल अंबानी न्यूयॉर्क में एपस्टीन के घर गए थे। इसके कुछ ही हफ्तों बाद एपस्टीन को नाबालिगों की यौन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऑनलाइन माध्यम से ही बुक कराएं सिलेंडर: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक कराएं और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं।

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारू और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर शनिवार को 90 प्रतिशत हो गई है ताकि हेराफेरी को रोका जा सके। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए। देश में पीएनजी विस्तार तेजी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गई है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। पश्चिम एशिया में फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकसित हो रही स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और 28 फरवरी से अब तक 7 लाख दो हजार से अधिक भारतीय स्वदेश लौटे हैं। सरकार ने कहा है कि वह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और घबराहट में खरीदारी तथा अनावश्यक बुकिंग से बचें। एलपीजी की जमाखोरी और काला बाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। मार्च से अब तक राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की संयुक्त टीमों द्वारा 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। कंपनियों के अधिकारियों को अचानक निरीक्षण की प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जमाखोरी और काला बाजारी की किसी भी घटना को रोका जा सके। अब तक एलपीजी वितरकों को 1400 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा, अब तक 36 एलपीजी वितरकों को निलंबित किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति के साथ प्राथमिकता दी गई है।

- कहा: आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं, गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं



एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी

## अहमदाबाद प्लेन हादसे के पीड़ित परिवारों का पीएम को लेटर

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश के 10 महीने बाद करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने पीएम से फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है। परिजनों ने कहा कि हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें सच्चाई जाननी है। हम जानना चाहते हैं कि हादसा क्यों हुआ और क्या इसमें कोई तकनीकी खराबी थी। परिजनों का कहना है कि अगर ब्लैक बॉक्स डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, तो कम से कम इसे निजी तौर पर परिवारों के साथ साझा किया जाए। 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787-8 विमान टेकऑफ के तुरंत बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिर गया था। इस हादसे में 241 यात्री और 19 अन्य लोगों समेत कुल 260 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ित परिवारों ने पीएम को लिखे लेटर में एयर इंडिया की तरफ से मदद की कमी का आरोप लगाया।

**कहा: हम पैसे नहीं, हादसे की वजह जानना चाहते हैं, ब्लैक बॉक्स डेटा की मांग**

# TMC के पापों का घड़ा अब भर चुका: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था।

टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है, तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक ओर टीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है, तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।



अब जनता बदलाव चाहती है, चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

# चुनाव आयोग को स्वतंत्र रहना चाहिए: जस्टिस नागरत्ना

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहिए और उस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए।

उन्होंने पटना की चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 'कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म बियॉन्ड राइट्स: व्हाई स्ट्रक्चर मैटर्स' पर बात की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि संवैधानिक ढांचा धीरे-धीरे कमजोर होता है, तो इससे संवैधानिक ब्रेकडाउन की स्थिति पैदा हो सकती है, भले ही अधिकार औपचारिक रूप से मौजूद रहें। जस्टिस नागरत्ना सितम्बर 2027 में सीनियरिटी के आधार पर देश की चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने आगे कहा कि जब संस्थाएं एक-दूसरे की जांच और निगरानी करना बंद कर देती हैं, तभी असली समस्या शुरू होती है। चुनाव आयोग, कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (कैग) और वित्त आयोग जैसी संस्थाएं निष्पक्ष व्यवस्था बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाती हैं।

- कहा: दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए
- कोई भी राजनीतिक प्रभाव न हो

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप में शुभम जायसवाल भगोड़ा अपराधी घोषित

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की एक अदालत ने कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड और मुख्य सरगना शुभम जायसवाल को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को कफ सिरप तस्करी मामले के फरार अभियुक्त शुभम जायसवाल को धारा 84(4) बीएनएसएस के अंतर्गत भगोड़ा अपराधी घोषित किया। पुलिस ने बताया कि शुभम जायसवाल के विरुद्ध उद्घोषणा/इश्तिहार 27 फरवरी को न्यायालय द्वारा जारी किया गया था। न्यायालय द्वारा जारी धारा 84 बीएनएसएस के अंतर्गत आदेशिका की एक प्रति अभियुक्त शुभम जायसवाल के मकान के मुख्य द्वार पर चस्पा की गई थी।

### एमएसएमई निर्यातकों को प्रोत्साहन की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार से सूक्ष्म, मझौले तथा लघु उद्यम (एमएसएमई) और निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन की मांग की है। संगठन ने सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए समयबद्ध, संतुलित और समन्वित कदमों की सराहना करते हुए रविवार को एक 20 सूत्रीय एजेंडा जारी किया। इसमें एमएसएमई के लिए आसान और सस्ती पूंजी उपलब्ध कराने, निर्यातकों के लिए ऋण और बीमा को मजबूत बनाने तथा ऊर्जा स्रोतों पर कर कम करने जैसे सुझाव दिए गए हैं। महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक के शुरुआती उपायों ने बाजार की भावना को स्थिर करने में मदद की है और यह दिखाया है कि देश का नीतिगत ढांचा बाहरी झटकों के सामने भी मजबूत और सक्षम है।

# कम्युनिस्ट और कांग्रेस खत्म हो रहे: शाह

## केरलम में अब एनडीए की सरकार चुनने का सही समय: गृह मंत्री

कुन्नाथुनाडु, वार्ता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुन्नाथुनाडु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सबसे पहले कोई राज्य पढ़ा-लिखा बना, तो वह केरलम था। यहां के युवा शिक्षित और बुद्धिमान हैं, परंतु उनके पास नौकरियां नहीं हैं। हम ऐसे केरलम की रचना करना चाहते हैं, जिससे केरलम के युवाओं को यहीं नौकरियां मिले और अन्य खाड़ी देशों में जाने की आवश्यकता न हो। अब पूरी दुनिया में परिवर्तन आ रहा है।

उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी पूरी दुनिया में समाप्त हो रही है और कांग्रेस पूरे देश में समाप्त हो रही है। आज पूरा देश पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में 14 प्रतिशत वोट एनडीए को केरलम से मिला था, अब यहां एनडीए की सरकार बनाने की बारी है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने के लिए नहीं है, यह एलडीएफ की जगह एनडीए सरकार लाने के लिए चुनाव नहीं है। यह चुनाव केरलम के



उज्ज्वल भविष्य को पक्का करने के लिए है। सालों से केरल के लोग यूडीएफ और एलडीएफ को बारी-बारी से चुनते रहे हैं, लेकिन दोनों ही पार्टियां भ्रष्टाचार में शामिल रही हैं। अगर आप सच्चा विकास चाहते हैं, तो आपको पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार चुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजपी की पॉलिसी बिल्कुल साफ है। सबको इंसाफ, किसी को खुश नहीं करना। जब पीएफआई को भारत विरोधी गतिविधियों में

**■ बीजेपी की पॉलिसी बिल्कुल साफ, सबको इन्साफ किसी को खुश नहीं करना**

शामिल पाया गया, तो बीजेपी ने एक ही दिन में सभी पीएफआई कैडर को गिरफ्तार करके तेजी से कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने वक्फ अमेंडमेंट बिल भी पेश किया। एर्नाकुलम में वक्फ बोर्ड ने 400 एकड़ जमीन हासिल की, जो असल में लगभग 600 ईसाई और हिंदू परिवारों की थी। जब पार्लियामेंट में वक्फ अमेंडमेंट बिल पर बहस चल रही थी, तो एलडीएफ और यूडीएफ ने इन परिवारों की आवाज नहीं उठाई। पूरे देश में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां अलायंस बनाती हैं और साथ मिलकर चुनाव लड़ती हैं, लेकिन केरलम में वे एक साथ नहीं आतीं। इसके बजाय वे एक-दूसरे से मुकाबला करती हैं। जहां कांग्रेस और कम्युनिस्ट भारत में दूसरी जगहों पर एक-दूसरे का साथ देती हैं, वहीं केरलम में वे पॉलिटिकल दुश्मन हैं।

# उप्र में अगले पांच दिन बारिश का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में पिछले 24 घंटे के दौरान मेरठ, बुलंदशहर समेत कई जिलों में जोरदार बारिश के चलते फसलों के साथ जानमाल के भारी नुकसान की भी खबर है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार को राज्य के 15 से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही 6 और 7 अप्रैल को पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना है, वहीं आठ और नौ अप्रैल को आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी की गई है।

शनिवार को यूपी के पूर्वी तथा पश्चिमी इलाकों के कई जिलों में जोरदार बारिश होने के साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से हवा चली। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि होने के



**मेरठ समेत कई जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से किसान परेशान, लखनऊ में बिजली गिरने से दहशत**

साथ-साथ बिजली गिरने से जनहानि के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी हुआ है। ओलावृष्टि होने से जहां फसलों को भारी नुकसान हुआ है, वहीं आंधी तूफान चलने से कई जगह पेड़ों और विद्युत पोल के गिरने से काफी नुकसान हुआ है। घंटों बिजली बाधित रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुलंदशहर के पहासू कस्बा में तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई और ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों की हालत देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। अलीगढ़ में भी रविवार को तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। जिले के इगलास और गोंडा क्षेत्र में खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं, जिससे किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है। पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है, जब फसलों को क्षति हुई है। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# हिमंता सरमा सबसे भ्रष्ट सीएम: राहुल गांधी



**लोकसभा में विपक्ष के नेता ने असम के मुख्यमंत्री बोला पर सीधा हमला, महिला सुरक्षा पर गंभीर नहीं है मोदी सरकार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर सीधा हमला करते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है।

गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है जिसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, सजा तय है। असम में 9 अप्रैल को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है और सब कुछ 'संतोषजनक' बताकर संसद में पूछे हर सवाल पर गुमराह करती है। गांधी ने लोकसभा में 27 मार्च को महिला सुरक्षा को लेकर पूछे अपने एक सवाल के मिले जवाब के आधार पर आरोप लगाया है कि सरकार महिला सुरक्षा पर जवाब नहीं देती और सब कुछ ठीक बताकर बात खत्म कर देती है।

## सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था: सीएम

# विपत्ति के समय सरकार ही देती है साथ: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था और अभी जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, वो उसी विचारधारा से आते हैं। उसने हमारे मंदिर तोड़े थे। महाराज सुहेल देव ने सालार मसूद को मारकर जनता को दासता से मुक्त कराया था।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे वीर नायकों के जीवन पर आधारित नाटकों का निर्माण और मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके इतिहास और योगदान से अवगत हो सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लोगों के बचाव के लिए लॉकडाउन लगा।



**■ महाराजा सुहेलदेव ने मसूद को मारकर मुक्त कराई थी दासता, भारतीय नाट्य अकादमी के भवन व दो प्रेक्षाग्रहों का लोकार्पण**

कामगार जब घरों को लौटे तब सरकार उनके साथ खड़ी रही। उनको न सिर्फ घर पहुंचाया बल्कि उन्हें निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया।

लखनऊ में रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों का लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां सालार मसूद को मारा गया था। वहां उसके नाम से मेला लगता था, लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम कोई नहीं लेता था। भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिलाया। हमारी सरकार ने वहां उनके नाम पर आयोजन शुरू किए। आज सालार मसूद के मेले से ज्यादा भीड़ वहां जुटती है। उन्होंने भारतीय रंगमंच और सिनेमा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं। सीएम ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ऐतिहा. सिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन होना चाहिए।

### योगी ने देखी 'आनंद मठ' नाट्य की प्रस्तुति, कलाकारों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने न केवल नाट्य प्रस्तुति का आनंद लिया, बल्कि कला क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ कलाकारों एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आनंदमठ पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देखी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अकादमी के अध्यक्ष रति शंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। दौरान एक भावुक क्षण तब देखने को मिला, जब एक बच्ची मंच पर पहुंची और सीएम के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

| सेंसेक्स | 71608.05 |
|---|---|
| निफ्टी | 22383.40 |
| सोना | 150930 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. | 250000 प्रति किलो |

# अर्थ व्यापार



# वैश्विक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

बीते सप्ताह गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारकों के साथ रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान से शेयर बाजार को दिशा मिलेगी। निवेशकों की नजर फिलहाल मुख्य रूप से ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट पर बनी हुई है। इसका फिलहाल कोई हल निकलता नहीं दिख रहा। इससे निवेश धारणा कमजोर बनी हुई है।

इसके अलावा, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद पहली बैठक 06 अप्रैल को शुरू हो रही है। बैठक के फैसलों का भी बाजार पर असर दिखेगा। पिछले



सप्ताह 31 मार्च को महावीर जयंती और 03 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन ही कारोबार हुआ। इसमें सोमवार को प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट रही जबकि बुधवार और गुरुवार को प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान कुल 263.67 अंक (0. 36 प्रतिशत) टूटकर गुरुवार को 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 106.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 22,713.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.82 प्रतिशत टूट गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहा। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर टूट गए। सनफार्मा में सबसे अधिक 5.62 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 4.23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3. 85, बजाज फिनसर्व का 3.18, भारती एयरटेल का 2.86, बजाज फाइनेंस का 2.13 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.13 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।।

## रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं: एसबीआई रिसर्च

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक में रेपो दरों में बदलाव की उम्मीद नहीं है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एमपीसी की पिछली बैठक के बाद से पश्चिम एशिया संकट के रूप में दुनिया में एक बड़ा भू.राजनैतिक बदलाव आया है। विशेषकर हार्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है। यह साल 1973 के बाद कच्चे तेल के बाजार में सबसे बड़ा व्यवधान है। रिपोर्ट के अनुसार कच्चा तेल इस समय 100 डॉलर प्रति बैरल के पार है और रुपया 93 रुपये प्रति डॉलर से नीचे चल रहा है। इन सभी कारकों के मद्देनजर आरबीआई फिलहाल सावधानी बरतते हुए 8 अप्रैल को जारी होने वाले बयान में यथास्थिति बरकरार रखेगा। कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से 16.6 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की जो 1991 के बाद सबसे ज्यादा है।

# गेहूं, चावल में साप्ताहिक गिरावट, खाद्य तेल मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के भाव बढ़ गए जबकि दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 27 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,825 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 15 रुपये गिरकर 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 17 रुपये सस्ता हुआ और 3,279 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 76 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल भी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 40 रुपये और चना दाल में 27 रुपये की नरमी रही। उड़द दाल का भाव 11 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह सोया तेल 223 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 194 रुपये और पाम ऑयल की 190 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल का भाव 137 रुपये और मूंगफली तेल का 126 रुपये चढ़ा। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई। खाद्यान्नों के औसत थोक भाव: दाल-दलहन: दाल चना 7681. 67 रुपये, मसूर काली 8011.88 रुपये, मूंग दाल 10176.54 रुपये, उड़द दाल 10776. 19 रुपये, तुअर दाल 11244.58 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.28 रुपये और चावल 3825. 31 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3279.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4305.84 रुपये और गुड़ 5005.31 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17851.85 रुपये, मूंगफली तेल 18824.04 रुपये, सूरजमुखी तेल 17408.36 रुपये, सोया तेल 14736.72 रुपये, पाम ऑयल 13439.42 रुपये और वनस्पति 14805.88 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# राघव चड्ढा ने आप के आरोपों का दिया जवाब

**नई दिल्ली।** आम आदमी पाट के अंदर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच सांसद राघव चड्ढा ने अपनी ही पार्टी पर पलटवार किया है। पार्टी ने हाल ही में दावा किया था कि उन्होंने संसद में पंजाब से जुड़े मुद्दे नहीं उठाए हैं। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राघव चड्ढा ने इन आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पिक्चर अभी बाकी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब न केवल उनका घर है, 'बल्कि उनका कर्तव्य, मिट्टी और आत्मा' भी है। उन्होंने एक सांसद के तौर पर उठाए गए कई मुद्दों पर का जिक्र किया, इसमें ननकाना साहिब कॉरिडोर की वकालत करना, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग करना, पंजाब में घटते भूजल की समस्या का समाधान करना, भगत सिंह को 'भारत रत्न' देने की सिफारिश करना और कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। राघव ने कहा कि ये पूरा विवाद इसी हफ्ते की शुरुआत में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता के पद से राघव चड्ढा को हटाए जाने के बाद

**■ कहा-पिक्चर बाकी है, पंजाब मेरा घर, कर्तव्य और आत्मा**

शुरू हुआ। इसके बाद आप सांसद ने पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर उनकी आवाज दबाने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा की टिप्पणियों के बाद आप के कई नेता उनके खिलाफ खुलकर सामने आ गए।

उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा समझौता कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरते हैं। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता पद से हटाए जाने के बाद लगे आरा. 'पों पर चड्ढा ने पलटवार किया। उन्होंने इन आरोपों को सुनियोजित हमला बताया और उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया कि उन्होंने संसद से वॉकआउट करने या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था। सोशल मीडिया के एक एक्स पोस्ट चड्ढा ने कहा कि उनके खिलाफ एक स्क्रिप्टेड अभियान चलाया जा रहा है।

# यूपी में प्रीपेड पीड़ित हो गई जनता

## स्मार्ट मीटर को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के एकाउंट में पैसे होने के बावजूद बत्ती गुल होने को लेकर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश में 'प्रीपेड पीड़ित' नाम की एक नई श्रेणी पैदा हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से ही बिजली के लिए भुगतान कर दिया है, वे भी स्मार्ट मीटर की खामियों के चलते बिजली कटौती और तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिजली कंपनियों को पहले ही पैसा मिल जाता है, तो फिर आम जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों और



सरकार के बीच तालमेल की कमी या मिलीभगत के कारण आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लोग बार-बार शिकायत करने और कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता 'उपभोक्ता' से 'उपभुगता' बन गई है, जिसे नीतियों की खामियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने 'पीडीए' का जिक्र करते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अब 'प्रीपेड पीड़ित' भी इसमें शामिल हो गए हैं।

### पहले जनगणना हो फिर महिला आरक्षण पर बात: सपा

**लखनऊ।** संसद की बैठक से पहले वर्ष 2029 में देश मे महिला आरक्षण लागू कराने के पीएम मोदी के बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। यादव ने कहा कि जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा। महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं।

# लोस-विस सीटें बढ़ाना छोटे राज्यों के हित में नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा तथा विधानसभा सीटों की परिसीमन संबंधी नीति को गलत बताते हुए उसको लेकर जारी प्रचार को भ्रामक बताया और कहा कि इस मुद्दे पर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ाना सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति है और पीएम मोदी इसको लेकर भ्रामक बयान देकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश के इस बयान का समर्थन पार्टी नेता मनीष तिवारी ने भी किया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से लोकसभा सीटों में प्रस्तावित वृद्धि से बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अनुपातिक रूप से अधिक लाभ मिलेगा, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ ही

**■ पीएम की परिसीमन नीति गलत: जयराम रमेश**

पंजाब, हरियाणा और उत्तर-पूर्वी राज्यों का प्रभाव कम हो जाएगा। कांग्रेस के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर 60 है, जो प्रस्ताव लागू होने पर 90 तक पहुंच सकता है, वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर भी 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा।

पार्टी ने इसे बिना सहमति और बिना व्यापक परामर्श तथा जनविमर्श के उठाया गया कदम बताते हुए इसे थोपा जाने वाला प्रस्ताव करार दिया और आरोप लगाया कि लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि और विधानसभाओं की सीटों में समान वृद्धि का तर्क भ्रामक है और इससे क्षेत्रीय असंतुलन और बढ़ेगा।

# सरकार ने सात और नेताओं को दायित्व से नवाजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में नेताओं को जमकर दायित्व बांटे जा रहे हैं। इस बार भी करीब 15 से 20 नेताओं को विभिन्न आयोग, बोर्ड और परिषद में उपाध्यक्ष या सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इससे पहले भी सरकार दायित्वों को लेकर एक बड़ी सूची जारी कर चुकी है। कैबिनेट विस्तार के बाद फिर से दायित्व बांटे जाने से जुड़े आदेश का सिलसिला जारी है।

उत्तराखंड में एक बार फिर सरकार द्वारा नेताओं और कार्यकर्ताओं को दायित्व देने का सिलसिला तेज हो गया है। हाल के दिनों में शासन की ओर से जारी आदेशों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि सरकार विभिन्न आयोगों, बोर्डों और सलाहकार परिषदों में बड़ी संख्या में राजनीतिक नियुक्तियां कर रही है। इस बार करीब 15 से 20 नेताओं को अलग-अलग संस्थाओं में उपाध्यक्ष या सदस्य के रूप में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

दरअसल, कैबिनेट विस्तार के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि सरकार संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को समायोजित करने के लिए दायित्वों का वितरण कर सकती है। अब जिस तरह से एक-एक कर आदेश जारी हो रहे हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि धामी सरकार ने दायित्वों का पिटारा खोल दिया है. हालांकि, इन सभी नियुक्तियों की पूरी सूची अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन शासन स्तर से मिल रहे आदेशों के आधार पर यह माना जा रहा है कि अलग-अलग विभागों और परिषदों में लगातार नियुक्तियां की जा रही हैं।सरकार की ओर से जिन प्रमुख नामों को दायित्व दिया गया है उनमें विवादों में रहे भाजपा नेता बलजीत सोनी भी शामिल हैं. उन्हें उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. मंत्री परिषद अनुभाग की ओर से इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी किए गए हैं. इसके अलावा भी कई अन्य नेताओं को अलग-अलग परिषदों और बोर्डों में उपाध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारियां दी गई हैं। पिछले कुछ समय में राज्य स्तरीय खेल परिषद के अध्यक्ष, राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्य पिछड़ा वर्ग परिषद के उपाध्यक्ष, चाय विकास सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष और युवा कल्याण सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष जैसे पदों पर भी नेताओं को दायित्व दिए जा चुके हैं. इन पदों के माध्यम से सरकार संगठन से जुड़े वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्रशासनिक और सलाहकारी भूमिका में अवसर दे रही है। सिर्फ उपाध्यक्ष ही नहीं, बल्कि कई नेताओं को विभिन्न आयोगों और समितियों में सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है. सदस्य के तौर पर जिन लोगों को जिम्मेदारी दी गई है उनमें राजपाल कश्यप, रुचि गिरी, राव खाले खां, प्रेमलता, दीप प्रकाश नेवलिया, योगेश रजवार और मनोज गौतम जैसे नाम शामिल हैं. इन सभी को अलग-अलग आयोग, परिषद या समिति में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई है.एक अनुमान के अनुसार अब तक करीब 80 के आसपास नेताओं को विभिन्न आयोगों, बोर्डों और परिषदों में जिम्मेदारियां दी जा चुकी हैं.माना जा रहा है कि आने वाले समय में दायित्वों की सूची और लंबी हो सकती है।



■ 80 के करीब पहुंचा दायित्वधारियों का आंकड़ा

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

- ■ राव खाले खां - सदस्य, किसान आयोग
- ■ योगेश रजवार - सदस्य, बाल संरक्षक आयोग
- ■ दीप प्रकाश नेवलिया - सदस्य, समाज कल्याण अनुश्रवण समिति
- ■ मनोज गौतम - सदस्य, अनुसूचित जाति आयोग
- ■ प्रेमलता - सदस्य, महिला आयोग
- ■ रूचि गिरी - सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग
- ■ राजपाल कश्यप - सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद

### दायित्वों के माध्यम से संगठन में संतुलन बनाने की कोशिश करती है सरकार

दायित्वों के माध्यम से सरकार संगठन के भीतर संतुलन बनाने और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की कोशिश करती है। खासतौर पर ऐसे समय में जब चुनावी राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा होती है, तब सरकार के सामने उन्हें समायोजित करने की चुनौती भी रहती है। ऐसे में आयोग, बोर्ड और परिषद जैसे संस्थान राजनीतिक नियुक्तियों का एक बड़ा माध्यम बन जाते हैं।

### योगेश रजवार को धामी सरकार की बड़ी सौगात

धामी सरकार ने दायित्वों की गठरी खो दी है। जिसमें पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को सौगात दी गई. अब धामी सरकार ने नैनीताल जिले के योगेश सिंह रजवार को बड़ा तोहफा दिया है.नैनीताल के योगेश सिंह रजवार को उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग का सदस्य बनाया गया. जिसके आदेश जारी कर दिये गये हैं।

# सीमाओं से परे राजाजी: उत्तराखंड के वन्यजीवों की 'महा-यात्रा' ने विशेषज्ञों को चौंकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड का राजाजी टाइगर रिजर्व अब केवल राज्य की सीमाओं में सिमटा नहीं है। यहाँ के वन्यजीवों ने अपने रिहायशी इलाके का दायरा बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और यहाँ तक कि जम्मू-कश्मीर के जंगलों तक दस्तक दी है। यह न केवल वन्यजीवों के बढ़ते कुनबे का संकेत है, बल्कि बेहतर पर्यावरण का भी प्रमाण है।

राजाजी टाइगर रिजर्व देहरादून से हरिद्वार तक फैला है। यहाँ बाघ, तेंदुए, एशियाई हाथी के साथ-साथ चीतल, सांभर और दुर्लभ पक्षियों की बड़ी आबादी है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब किसी जंगल का पारिस्थितिक तंत्र मजबूत और संतुलित होता है, तो वन्यजीव स्वाभाविक रूप से नए क्षेत्रों की तलाश में बाहर निकलते हैं।

**प्राकृतिक कॉरिडोर की सफलता:** वन्यजीव विशेषज्ञ और वन विभाग के पूर्व उपनिदेशक रंगनाथ पांडे का कहना है, ष्वन्यजीवों के लिए राज्य की सीमाएं कोई मायने नहीं रखतीं। वे भोजन, प्रजनन और सुरक्षित आवास की तलाश में प्राकृतिक कॉरिडोर के जरिए एक राज्य से दूसरे राज्य में आसानी से विचरण कर रहे हैं। आशारोड़ी क्षेत्र से हाथियों के झुंड का हिमाचल की ओर बढ़ना इस दिशा में एक बड़ा संकेत है।



■ वन्यजीवों ने अपने रिहायशी इलाके का दायरा बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के जंगलों तक दी दस्तक

### जैव विविधता का 'एपिक सेंटर'

राजाजी टाइगर रिजर्व को इन जंगलों के लिए 'एपिक सेंटर' माना जा रहा है। यहाँ की सुरक्षा और प्रबंधन का ही नतीजा है कि वन्यजीव बिना किसी बाधा के लंबे सफर तय कर पा रहे हैं। उत्तराखंड के प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ), रंजन कुमार मिश्रा ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ष्यह आवाजाही आसपास के राज्यों के जंगलों में जैव विविधता को मजबूती दे रही है। जब किसी एक क्षेत्र से जानवर दूसरे क्षेत्र में जाते हैं, तो इससे पारिस्थितिक तंत्र का संतुलन बना रहता है। वन्यजीवों का निर्बाध विचरण यह साबित करता है कि हमारे प्राकृतिक कॉरिडोर सुरक्षित और सक्रिय हैं, जो कि संरक्षण की दृष्टि से एक अत्यंत सकारात्मक उपलब्धि है।ष

यह स्थिति न केवल उत्तराखंड की गौरवशाली वन्यजीव संपदा को दर्शाती है, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी पारिस्थितिक सुधार के नए अवसर पैदा कर रही है। राजाजी के ये 'घुमक्कड़' मेहमान अब अंतर-राज्यीय वन्यजीव संरक्षण के नए अध्याय लिख रहे हैं।

# मोपिन फेस्टिवल प्रकृति, आस्था संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत प्रतीक : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ अरुणाचल।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में आयोजित मोपिन फेस्टिवल की गोल्डन जुबली समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री किरण रिजुजी को मोपिन फेस्टिवल की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

इस दौरान कृषि मंत्री जोशी ने स्थानीय जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होकर त्योहार का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मोपिन फेस्टिवल प्रकृति, कृषि और समृद्धि का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक उत्सव देश की एकता और अखंडता को और मजबूत करते हैं तथा विभिन्न राज्यों के बीच आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे तीज त्यौहार ही हमें एक सूत्र में बांधने का काम करता है। इस अवसर पर अरुणाचल सरकार के पूर्व कैबिनेट तुमके बागरा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, अरुणाचल प्रदेश गुमसेन लोलेन, प्रदेश महा सचिव कागे दाबी, प्रदेश उपाध्यक्ष तारह सीता, प्रदेश उपाध्यक्ष जोमगे चिन्यो सहित कई स्थानीय लोग जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



■ कृषि मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख मोपिन फेस्टिवल की गोल्डन जुबली समारोह में किया प्रतिभाग

## दिनभर जाम से जूझते रहे पर्यटक और स्थानीय लोग

**मसूरी।** पर्यटन नगरी मसूरी में वीकेंड पर हजारों की संख्या में सैलानियों के शहर में उमड़ने से शहर के विभिन्न स्थानों में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही जाम का सबसे अधिक असर मसूरी देहरादून मार्ग पर शिव मंदिर के निकट देखने को मिला। यहां पर लंबा जाम लग गया जिसके कारण सैलानियों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मसूरी में अभी तक पर्यटन सीजन पूरी तरह से शुरू नहीं हुआ है इसके बावजूद भी ऐसी स्थिति का बना चिंता का विषय बना हुआ है। लंढौर बाजार में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है वहीं लाइब्रेरी, पिक्चर पैलेस कंपनी गार्डन सहित केंपटी फॉल क्षेत्र में दिनभर जाम लग रहा।

# बालिका वर्ग बॉक्सिंग में पिथौरागढ़ बना चैंपियन

**खेल संवाददाता शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड यूथ महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2026 में बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की टीम ओवरऑल चौंपियन बनी है। रविवार को योगस्थली खेल परिसर के मल्टीपरपज हॉल में प्रतियोगिता का भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर रेखा आर्या ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड तेजी से बॉक्सिंग का उभरता हुआ केंद्र बन रहा है और वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक खेल तथा कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का झंडा लहराएंगे।

उन्होंने कहा कि खेल कौशल को विकसित करने के लिए मेहनत, समर्पण और अनुशासन आवश्यक है। साथ ही यह भी कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकार आउट ऑफ टर्न नौकरी की व्यवस्था पहले से लागू कर चुकी है। प्रतियोगिता में सभी 13 जनपदों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की टीम ओवरऑल चौंपियन बनी। बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ जनपद की टीम को विजेता घोषित किया गया जबकि पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीम रनर अप रही। बालिकाओं के 45 से 48 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की जया ने गोल्ड मेडल, सविता ने सिल्वर मेडल और नेहा व गुंजन ने ब्रोंज मेडल जीता। 48 से 51 किलोग्राम वर्ग में कोमल लोहिया ने गोल्ड, कृष्णा ने सिल्वर और ऋतु व वैष्णवी ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। 54 से 57 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की बबीता ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि इसी प्रतियोगिता में सलोनी ने सिल्वर मेडल अंशिका और रिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अतिरिक्त 51 से 54 किलोग्राम वर्ग में पिथौरागढ़ की चांदनी गोल्ड जीतकर अव्वल रही। कविता ने सिल्वर और अनुष्का व अलीशा ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। इस अवसर पर गोपाल खोलिया, निर्माण मुखर्जी, देवेंद्र चंद्र भट्ट, नवीन टम्टा, विशाल गर्ग, नवीन चौहान, विपिन चौधरी और सुधीर जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



■ खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन ■ यूथ महिला पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता में सभी 13 जिलों की टीमें हुई शामिल

# सैकड़ों युवाओं एवं वरिष्ठ समाजसेवियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल एवं कैबिनेट मंत्री खजानदास के नेतृत्व में सैंकड़ों युवाओं एवं वरिष्ठ समाजसेवियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने बताया कि आज सैकड़ों की संख्या में सोनू गहलोत के नेतृत्व में युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और आज का युवा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रेरित हो रहा है, उनकी नीतियों से उत्साहित है और हर कोई भारतीय जनता पार्टी की मजबूत रणनीति के साथ आगे बढ़ना चाहता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां युवाओं के रोजगार के प्रति सहजता के साथ रोजगार देने की ओर कार्य कर रहे हैं वही कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को उद्योगपति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज का युवा मोदी के नेतृत्व में देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाना चाहता है, इसलिए आज युवाओं के इस हम फैसले पर मैं सभी का धन्यवाद एवं हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

कैबिनेट मंत्री खजान दास ने भी सभी कार्यकर्ताओं का भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया और कहा कि आप सभी युवाओं की भारतीय जनता पार्टी को जरूरत है। ऐसे युवा जो अपनी नई नीतियों के साथ संगठन को और समाज को आगे लेकर जाना चाहते हैं। हमारी सरकार भी लगातार पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है। पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने युवाओं को हजारों नौकरियां देकर उनका सम्मान बढ़ाया है। नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं के लिए उत्साहित हित कार्य किए हैं। आगे भी हमारी सरकार समाज को नई दिशा देते हुए उत्तराखंड के विकास में निरंतर कार्यबद्ध है।

सदस्यता ग्रहण करने में सोनू गहलोत, अनिल चंचल, भोला लक्ष्मण, कृष्ण, अर्जुन, विशाल, सुमित, आशीष कुमार, लकी, साहिल, मनीष ,रमन ,शुभम, आकाश ,अमित दीपक , हिमांशु, विक्की , प्रिंस, मनीष गौड ,रवि अंबेडकर, गुड्डू, सुनील कुमार, मनोज कुमार, राहुल , विशाल, पूनम जाटव, सोनिया, राहुल, संगीता, सरोज, ऋतिक, विशाल, विक्की कुमार, रईस खान व नफीस खान आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता युवा उपस्थित रहे।



■ कैबिनेट मंत्री खजान दास ने भी सभी कार्यकर्ताओं का भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर किया स्वागत

# राजस्व का अहम स्रोत बन रहा खनन, धामी सरकार की पारदर्शी नीति पर मुहर: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने खनन क्षेत्र मे राजस्व वृद्धि को उत्साहजनक और राज्य हित मे सुखद बताते हुए कहा कि धामी सरकार की स्पष्ट और पारदर्शी नीति का ही परिणाम है कि माफियाओं के चुंगल से मुक्त करवाकर खनन आज राज्य की अर्थिकी का स्रोत बन गया है।

भट्ट ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि सीएम के दूरदर्शी नेतृत्व और सुदृढ़ नीतियों के परिणामस्वरूप उत्तराखण्ड का खनन विभाग राजस्व प्राप्ति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने 950 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1217 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी विभाग ने 875 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 1041 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर अपनी कार्यक्षमता सिद्ध की थी। प्रदेश में खनन राजस्व की यह निरंतर वृद्धि मुख्यमंत्री धामी की पारदर्शी, जवाबदेह और सुधारोन्मुखी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। वर्ष 2012-13 में मात्र 110 करोड़ रुपये से शुरू हुआ यह सफर अब 2025-26 में 1217 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो राज्य की पारदर्शी नीति को इंगित करता है।

भट्ट ने खनन नीति को सराहनीय बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के स्पष्ट निर्देशों के तहत खनिज नीति एवं नियमावली का सरलीकरण किया गया, जिससे वैध खनन को बढ़ावा मिला और अवैध खनन, परिवहन व भंडारण पर प्रभावी रोक लगी।



■ खनन माफिया पर लगाम और नए मानकों पर सख्ती से खनन राजस्व रिकॉर्ड रिकार्ड स्तर पर

■ धामी सरकार ने माफियाओं के चुंगल से निकालकर राज्य की अर्थिकी का प्रमुख स्रोत बनाया खनन

# शेर-ओ-गजल के शौकीनों को भा रहा दून पुस्तक महोत्सव

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून ।** राजधानी के ऐतिहा. सिक परेड ग्राउंड में आयोजित नौ दिवसीय दून पुस्तक महोत्सव इन दिनों किताबों के शौकीनों, कला और साहित्य प्रेमियों और देहरादून के सुधी पाठकों से गुलजार हो रहा है। कहानी, कविताएं, उपन्यास, इतिहास, नाटक, यात्रा संस्मरण, आत्मकथा, बाल साहित्य, गीत और गजल जैसे सहित्य की हर विधा में दस लाख से अधिक किताबें पाठकों के लिए किसी कौतुहल से कम नहीं है।

वैसे तो सुधी पाठक अपनी अभिरूचि के अनुसार किताबों खरीद रहे हैं। लेकिन बीते कुछ समय से युवा पीढ़ी में गजल और शेरो शायरी को लेकर जिस तरह दीवानगी देखने को मिल रही है, उससे युवा उर्दू साहित्य में शेर, गजल आदि में अभिरूचि दिखा रहे हैं। पुस्तक महोत्सव में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, राजकमल प्रकाशन और रेख्ता प्रकाशन सहित अन्य प्रकाशकों के स्टॉल पर उर्दू साहित्य को लेकर युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

शेर-ओ-शायरी के शौकीनों के लिए मिर्जा गालिब, फैज अहमद फैज, दाग, जौक, मोमिन, इन्शा, फिराक गोरखपुरी, साहिर लुधियानवी, जॉन ऐलिया, राहत इंदौरी, मीर तकी मीर, गुलजार, हबीब जालिब, बशीर बद्र, परवीन शाकिर जैसे जाने माने शायरों के कलाम और दीवान मेले में उपलब्ध हैं। जॉन एलिया की "शायद" और "क्यों", गालिब की "पूछते हैं कि गालिब कौन है", फैज की "गुलों में रंग भरे" एवं "कल्ब-ए-फैज" जैसी किताबें शेर व गजल के शौकीनों को खूब भा रही हैं।

जहां एक ओर "हर मौके के लिए शेर" जैसी किताब हर साहित्य प्रेमी के लिए संग्रहणीय है, वहीं बच्चों के लिए अजरा नकवी द्वारा संकलित "बच्चों की नज्में" बच्चों में साहित्य की अभिरूचि पैदा करने के लिए सबसे मुफीद हो सकती है।

उर्दू पुस्तकों के संग्रह में "श्री हनुमान चालीसा - उर्दू संस्करण" आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस पुस्तक में हनुमान चालीस के दोहे हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू तीनों भाषाओं में संकलित किये गये हैं। इसे संजीव सराफ और फरहत एहसास द्वारा लिखा गया है।









■ स्टॉल में सजे हैं शायरों के कलाम, बच्चों की नज़्में व उर्दू में लिखा श्री हनुमान चालीसा

### पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों के 300 से अधिक बुक स्टॉल : मलिक



दून पुस्तक महोत्सव के आयोजक राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक ने जानकारी दी कि पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों के 300 से अधिक बुक स्टॉल लगाये गये हैं। पुस्तक मेले में सभी कला-साहित्य प्रेमियों के लिए लिए प्रवेश नि:शुल्क है। ऑनलाईन पंजीकरण करने पर पुस्तकों के मूल्य में छूट भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पाठकगण एन.बी.टी. की ओर से संचालित राष्ट्रीय पुस्तकालय एप को भी डाउनलोड कर सकते हैं। जिसमें विभिन्न भाषाओं की हजारों पुस्तकें नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

# पुलिस की एडवांस टीम ने किया तीन दिवसीय सघन निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी 22 अप्रैल से शुरू होने वाली विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में रुद्रप्रयाग पुलिस ने व्यापक तैयारियों के तहत अग्रिम रणनीति पर काम शुरू कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर के नेतृत्व में 16 सदस्यीय एडवांस पार्टी को गौरीकुण्ड से केदारनाथ धाम तक निरीक्षण के लिए भेजा गया। टीम ने तीन दिनों तक लगातार पैदल यात्रा मार्ग और विभिन्न पड़ावों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने केदारनाथ, लिंचोली, भीमबली और जंगलचट्टी जैसे प्रमुख पड़ावों पर पुलिस बल के आवासीय प्रबंध, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया। जहां-जहां कमियां पाई गईं, उन्हें चिन्हित कर सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साफ-सफाई और सामग्री स्टॉक की भी जांच की गई।

अग्रिम दल ने संचार व्यवस्था को और मजबूत बनाने के साथ ही फायर सेफ्टी उपकरणों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों के लिए चिन्हित स्थानों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है।

टीम के लौटने के बाद केदारनाथ धाम में पुन: भारी बर्फबारी शुरू हो गई है, जिससे कुछ व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं।

■ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर, पड़ावों पर आवास, पानी, बिजली व सुरक्षा का लिया जायजा

# खून की उल्टी के बाद वन कर्मी की मौत

## अल्मोड़ा ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद के सलानी गांव निवासी वन विभाग कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। खून की उल्टी होने पर साथियों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अल्मोड़ा ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सलानी गनीगांव निवासी 58 वर्षीय नंदन सिंह पुत्र उमेद सिंह वन विभाग में वन उपज रक्षक के पद पर तैनात थे। वर्तमान में वे छाती-मनकोट क्षेत्र में कार्यरत थे। शनिवार देर शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें खून की उल्टी होने लगी। सहकर्मियों ने बिना देर किए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें अल्मोड़ा रेफर कर दिया। रास्ते में धारी डोबा के पास उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को वापस जिला अस्पताल लाया गया, जहां अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। प्रथम दृष्टया आंतरिक रक्तस्राव, संभवतः अल्सर फटने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि नंदन सिंह अपने पीछे पांच बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# धराड़ी गांव का मिनी स्टेडियम बना भ्रष्टाचार की भेंट, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कांडा तहसील के धराड़ी गांव में वर्ष 2018-19 में 48 लाख रुपये की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम अधूरा पड़ा होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। निर्माण कार्यदाई संस्था पेयजल निगम रानीखेत द्वारा स्टेडियम का कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया, जिसके चलते यह परियोजना आज तक पूरी नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि स्टेडियम निर्माण के लिए माजिला बंधुओं ने करीब 11 नाली भूमि दान में दी थी, ताकि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन अधूरे निर्माण के कारण यह उद्देश्य अधूरा रह गया है। पूर्व शिक्षक रूप सिंह माजिला ने बताया कि स्टेडियम में न तो शौचालय की व्यवस्था है, न चेंजिंग रूम बनाया गया है और न ही मैदान का समतलीकरण किया गया है। इसके अलावा सड़क, पेयजल और विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। कहा कि इस स्टेडियम का उपयोग आपदा के समय हेलीपैड के रूप में भी किया जा सकता था, लेकिन लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण यह योजना ठप पड़ी है। इस मामले को लेकर ग्रामीण मुख्यमंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और क्रीड़ा अधिकारी से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने रविवार को सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी बागेश्वर से मामले की जांच कराने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान नरेंद्र माजिला, गोपाल माजिला, चंदन माजिला, भूपेंद्र माजिला, कुंदन माजिला, क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मल शाह, जिला पंचायत प्रतिनिधि विनोद कुमार, प्रवीण सिंह, मोहन सिंह, दयाल सिंह, रत्न सिंह, होशियार सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की स्थानीय गांधी पार्क में रविवार को बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दोहरी पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की एक पेंशन रोके जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। कहा कि इस संबंध में प्रांतीय संगठन मुख्य सचिव से वार्ता कर चुका है और जल्द समाधान का आश्वासन मिला है। वक्ताओं ने जिलाधिकारी से त्रैमासिक बैठक शीघ्र आयोजित कराने की मांग भी उठाई। साथ ही आगामी 13 अप्रैल को हरिद्वार में आयोजित होने वाली स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा में अधिकाधिक उत्तराधिकारी परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश पांडे व संचालन जिलाध्यक्ष भरत पांडे ने किया। बैठक में मोहन चंद्र तिवारी, कैलाश वर्मा, पुष्कर प्रसाद पांडे, पार्वती बिष्ट, शिव शंकर सिंह बोरा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### भूकंप के झटकों से डोली धरती

**बागेश्वर।** जिले में रविवार को भूकंप के झटकों से अचानक धरती डोल उठी, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। झटके महसूस होते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और खुले स्थानों की ओर भागे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस भूकंप से जिले में किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि या अन्य कोई घटना सामने नहीं आई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

### 14 वें दिन भी धरना जारी

**बागेश्वर।** कांडा कालिका मंदिर में पृथक विकासखंड की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन मिला। धरना स्थल पर पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट सहित कई कांग्रेस नेता पहुंचे। महातपस्या के 14वें दिन क्रमिक अनशन में गिरधारी सिंह रावत, नंद राम और राजेंद्र बोरा बैठे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक बलवीर सिंह भंडारी ने की। इस दौरान कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

### जागेश्वर में वीकेंड पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रवेश के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ी और काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई लोगों ने दर्शन कर सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। रविवार को वीकेंड पर जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं, श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। मार्ग में कई बार जाम भी लगा। पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि पूजा अर्चना को मंदिर में सभी जरूरी सुविधाएं की गई हैं।

### अभाविप ने बैठक में सौंपे दायित्व

**काशीपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशीपुर नगर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों का विस्तार किया गया। बैठक में विभाग संगठन मंत्री कैलाश बिष्ट, जिला संगठन मंत्री संतोष, जिला सहसंयोजक अमन तथा चुनाव अधिकारी के रूप में डॉ. शक्ति सिंह राणा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर निम्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गये जिसमें नगर सह मंत्री श्रेयम यादव, आर्यन रावत, कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष हेमंत कुमार, कॉलेज इकाई सह मंत्री मयंक शर्मा, जिला मीडिया संयोजक अभिषेक बलौदी, सह जिला मीडिया संयोजक अनुराग भटनागर, जिला सोशल मीडिया संयोजक शक्ति सैनी, सह जिला सोशल मीडिया संयोजक पंकज रावत, नगर मीडिया संयोजक चित्रांश सक्सेना को बनाया गया।

### अवैध गांजा समेत एक को दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने एक युवक को 0.882 किग्रा अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक सौरभ कुमार भारती व संजय सिंह कां. दीपक जोशी व सुरेन्द्र कुमार के साथ गश्त करते हुए कैलामोड से गौशाला मोड होते हुए हेमपुर डिपो को जाने वाले रास्ते पर गौशाला मोड़ से आगे पहुंचे तो एक व्यक्ति कट्टा लेकर हेमपुर की तरफ से आता दिखायी दिया। रुकने हेतु कहा गया तो वह तेजी से जाने लगा तुरन्त पीछा कर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से ना रुकने का कारण पूछा गया तो इधर उधर की बात करने लगा उक्त व्यक्ति के द्वारा दाहिने हाथ में पकड़े गये सफेद कट्टे में रखे सामान के बारे में पूछा तो कट्टा ना दिखाने की जिद करने लगा। कट्टा देखने पर उसमें गांजा रखा पाया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम विनोद कुमार सैनी पुत्र मिठ्ठन लाल सैनी निवासी पंचायत घर के पास प्रतापपुर बताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे कोर्ट में पेश कर दिया।

### चैती मेले में जुआ खेलते दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने चैती मेले में चल रहे जुए के कारोबार पर छापा मारकर 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि कई लोग भागने में कामयाब हो गये। एसआई पंकज कुमार ने बताया कि एसआई हरविन्द्र कुमार के साथ चैती मैले में पैदल गश्त कर रहे थे कि तभी एक मुखबिर ने सूचना दी कि मेले में प्रशासनिक तम्बुओं के पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर जाकर देखा कि दो व्यक्ति तम्बू के पीछे नीचे जमीन पर बैठे हैं तथा कुछ व्यक्ति झुंड बनाए खड़े हैं। नीचे बैठे दोनों व्यक्ति ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। एसआई पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को देखकर मौके पर भगदड़ मच गई तथा देखने वाले लोग भाग निकले एवं जुआ खेल रहे दोनों व्यक्तियों को मौके पर ही दौड़कर आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम विक्की पुत्र होरी लाल निवासी ग्राम शौकत नगर, जौहर विश्वविद्यालय, थाना अजीमनगर, जिला रामपुर तथा सन्नी पुत्र धर्मवीर कश्यप निवासी आम मौहल्ला, सिमली, थाना लक्सर, जिला हरिद्वार बताया। पूछताछ करने पर सन्नी ने बताया कि मेले में उसकी खिलौने की दुकान है वह पैसों के लालच में विक्की के साथ मिलकर जुआ खेलने लगा था। उनके पास से 1150 रुपये व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए।

## सीताबनी में श्रद्धा पर्व 26 को मनेगा

**काशीपुर।** रामनगर स्थित वाल्मीकि तीर्थ सीताबनी में गत वर्षों की भांति आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले श्रद्धा पर को लेकर बैठक की गई। मोहल्ला महेशपुरा स्थित बाल्मीकि कॉलोनी में गत सायं भावाधस-भीम संगठन की बैठक हुई, जिसमें भावाधस-भीम के पूर्व तहसील प्रभारी वीर विनोद सूद ने 26 अप्रैल को होने वाले श्रद्धा पर को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी और उनसे सुझाव मांगे। बैठक की अध्यक्षता डीपी रत्नाकर व संचालन जिला अध्यक्ष धीरेंद्र वाल्मीकि ने किया। बैठक में जितेंद्र देवांत, सो. हनलाल, सुनील वैध, राजेंद्र पवार, मंडल अध्यक्ष करण वाल्मीकि/स्वदेश वाल्मीकि, प्रेम प्रकाश कठैर, राजा वाल्मीकि, रामायण उमेश वाल्मीकि, सुभाष वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्ञानार्थी कॉलेज में आयोजित किया मेधावी छात्र सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा गुंजन सुखीजा, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि डॉ. राहुल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसके सिंह एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट नवीन अरोड़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह एवं डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा द्वारा बुके एवं शॉल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अल्मोड़ा में शिखर तिराहे में हुई गैस सिलेंडर की स्पॉट डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर सहित गांवों में रसोई सिलेंडर के लिए जद्दोजहद कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को भी हालात पहले की तरह रहे। लोग सुबह से ही सिलेंडर के लिए लाइन में लगे रहे। घंटों के इंतजार के बाद लोगों को सिलेंडर मिलने से राहत मिली। रविवार को नगर के शिखर तिराहे में रसोई सिलेंडर की स्पॉट डिलीवरी की गई। सिलेंडर पाने की चिंता में लोगों की सुबह ही आंख खुल गई। करीब तीन से चार बजे ही लोग तय जगह पर पहुंच गए। सिलेंडर वाहनों के पहुंचने से पहले ही लोगों की लंबी कतार जुट गई थी। सुरक्षाकर्मियों की देखरेख में लोगों को व्यवस्थित तरीके से लाइन में खड़ा किया गया। इसके बाद सिलेंडरों का वितरण शुरू हुआ। जो लोग जल्द पहुंचे थे, उन्हें समय रहते राहत भी मिली। जो देरी से आए उन्हें अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। करीब दो से तीन घंटे के इंतजार के बाद लोगों को रसोई सिलेंडर मिल पाए। वहीं, कमर्शियल सिलेंडरों के लिए अब भी व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। व्यापारियों में चिंता है कि अगर समय रहते कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिले तो उन्हें और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। विशेषकर छोटे व्यापारी इसको लेकर चिंतित हैं। उनके लिए अब दुकानों को चलाना कठिन होता जा रहा है।



# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग उठाई

## सीएमओ से मिला रेडक्रॉस सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और बेहतर बनाने की मांग को लेकर रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ से मुलाकात की।

सोसाइटी के पदाधिकारियों ने जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि कई अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई, ताकि मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। कई बार गंभीर मरीजों को लंबी दूरी तय कर जिला अस्पताल आना पड़ता है। इसके अलावा अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और तीमारदारों के लिए बैठने व ठहरने की व्यवस्था को सुधारने पर जोर दिया गया। सोसाइटी ने अस्पतालों में नियमित मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने का सुझाव भी दिया। सीएमओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की कमी है, वहां शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी और दवाइयों की उपलब्धता व साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, चेयरमैन आशीष वर्मा, दीप जोशी, अमित साह मोनू, अर्जुन सिंह बिष्ट, अभिषेक जोशी, अनूप साह, विनोद जोशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित चैती चौराहे के पास नई अंग्रेजी शराब की दुकान खुलने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा के नेतृत्व में छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और दुकान को तत्काल बंद करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा ने कहा कि जिस स्थान पर यह शराब की दुकान खोली गई है, वहां से रोजाना 15 से 20 हजार छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। पास ही महाविद्यालय, विद्यालय और धार्मिक स्थल मौजूद हैं, ऐसे में इस तरह की दुकान खोलना सीधे तौर पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि वे व्यापार के विरोध में नहीं हैं, लेकिन ऐसी दुकानों को ऐसी जगह खोला जाना चाहिए जहां छात्रों और धार्मिक वातावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने भी इस फैसले का कड़ा विरोध किया। विरोध के दौरान आबकारी विभाग और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुकान को नियमों के तहत लाइसेंस जारी किया गया है और दूरी संबंधी मानकों का पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को आपत्ति है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत लिखित शिकायत दे सकता है, जिस पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों के इस जवाब से असंतोष जताया और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दुकान को बंद नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# ऊंचापुल से दमुवाढूंगा तक संविधान रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. बीआर अम्बेडकर जन्म दिवस समारोह समिति हल्द्वानी द्वारा संविधान सम्मान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान से किया गया। रैली कालाढूंगी चौराहे से होते हुए तिकोनिया चौराहा हैडिलगेट पंचक्की चौराहे के बाद डा. बीआर अम्बेडकर पार्क दमुवाढूँगा में समापन हुआ। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आरआर आर्य ने कहा कि संविधान हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीप दर्शन ने संविधान के महत्व पर रौशनी डाली। सहसंयोजक वीरेंद्र टम्टा ने कहा कि संविधान के मूलभूत सिद्धांत समानता सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करना है। नफीस अहमद खान ने कहा कि संविधान का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। महासचिव दिनेश आर्य ने संचालन करते हुए कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। कार्यक्रम मे समिति के मुख्य संयोजक दीप दर्शन, संरक्षक दीपक चनियाल, विरेन्द्र कुमार टम्टा, मुख्य अतिथि आरआर आर्य, दिनेश आर्या, इंद्र कुमार आर्य, विशिष्ट अतिथि सुंदरलाल बौद्ध, संजय कुमार सागर, नफीस अहमद खान, मुकेश बौद्ध, विनोद बौद्ध, राजेंद्र प्रसाद, अमित कुमार, रितिक कांत, अनवर अंसारी, जीतराम, संजय कुमार टम्टा, सखावत हुसैन, संजय बगढ़वाल, अमित कुमार बौद्ध, हरीश लोधी, विपिन बिहारी, वीर राम, जगदीश चंद्र, सुरेश चंद्र ग्वासीकोटी, पंकज अम्बेडकर, आकाश भारती आदि उपस्थित थे।



# ऑपरेशन प्रहारः स्मैक तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत बागेश्वर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4.54 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) बरामद की है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा के निर्देश पर जनपद में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसओजी टीम द्वारा शनिवार को चेकिंग के दौरान 20 वर्षीय हर्षित टम्टा उर्फ हरीश कुमार पुत्र इंदर राम टम्टा, निवासी घटबगड़ वार्ड, कोतवाली बागेश्वर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली बागेश्वर में मु.अ.सं. संख्या 21/26 के तहत धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जीवन सामन्त (एसओजी), कांस्टेबल रमेश सिंह (एसओजी), कांस्टेबल संतोष सिंह (एसओजी), कांस्टेबल भुवन बोरा (एसओजी) शामिल रहे।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए 'ममता' की पहल

## आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद बच्चों को बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से ममता एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी गोरापड़ाव द्वारा विगत पांच सालों से पहल की जा रही है। इस संस्था के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब तथा सिंगल पैरेंट परिवारों के बच्चों को पूरे वर्ष भर पढ़ाई से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

एनजीओ की ओर से बच्चों को किताबें, कापियां, रजिस्टर, स्कूल बैग, शूज और अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जाती है, ताकि वे अपनी पढ़ाई बिना किसी परेशानी के जारी रख सकें। इसके साथ ही संस्था की टीम द्वारा बच्चों को सप्ताह में तीन दिन शुक्र, शनि और इतवार को दो घंटे का निःशुल्क ट्यूशन भी दिया जाता है, जिससे उनकी पढ़ाई में सुधार हो सके और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। गोरापड़ाव स्थित एनजीओ के कार्यालय में यह शैक्षणिक कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किया जाता है। यहां बच्चों को न केवल शिक्षा दी जाती है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर शिविर लगाये जाते हैं, बल्कि उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और प्रेरणा भी दी जाती है। इस दौरान गुड्डू बिष्ट, नेहा बिष्ट, लीला रावत, पूजा नेगी, अंजू बडाली तथा बबिता कांडपाल आदि उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों को शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग किया।



# वीपीकेएएस संस्थान में किसान विज्ञान मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** 'खेती में नवीनता, पोषण में श्रेष्ठता' थीम पर भा-अनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र हवालबाग में 52वें कृषि विज्ञान मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में दलहनी मटर की वैज्ञानिक खेती का विमोचन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने महानिदेशक डा. मांगी लाल जाट ने संस्थान के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और नई प्रजातियों के विकास की उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से वीएल त्रिपोषी और सुपोषिता जैसी बायो फोर्टिफाइड मक्का किस्मों को पोषण सुरक्षा की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उनके अनुसार, उर्वरकों की बचत करने वाले बैक्टीरिया और आधुनिक यंत्रों का विकास कम लागत, अधिक उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा।

संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मी कांत ने संस्थान की शताब्दी यात्रा और पर्वतीय कृषि में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि संस्थान ने उर्वरकों की खपत कम करने के लिए विशेष बैक्टीरिया खोजा है और मडुवा ट्रांसप्लांटर जैसे यंत्रों से खेती को सुगम बनाया है।

उन्होंने हींग और किनोआ जैसी नई फसलों पर किए जा रहे प्रयोगों को भविष्य की आय का साधन बताया गया। यहां कार्यक्रम में उप महानिदेशक डा. देवेंद्र कुमार यादव व डा. राजबीर सिंह, संयुक्त निदेशक डा. यशपाल सिंह मलिक, निदेशक डा. अमित पांडे, डा. कामिनी बिष्ट, डा. अनुराधा, निधि सिंह, डा. निर्मल कुमार हेडाऊ आदि मौजूद रहे।



## मडुवा 410 का लोकार्पण हुआ

कृषि विज्ञान मेले के दौरान वीएल त्रिपोषी, वीएल सुपोषिता, वीएल मधुरिमा, वीएल मडुवा 410 का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान के प्रकाशनों नामतः पर्वतीय कृषि दर्पण, पर्वतीय क्षेत्रों की महत्वपूर्ण फसलों की उन्नत किस्मों के लिए प्रबंधन कृषि पद्धतियाँ, उत्तराखंड की पारंपरिक फसल भट (काली सोयाबीन) के मूल्य वर्धित उत्पाद एवं पर्वतीय क्षेत्रों में दलहनी मटर की वैज्ञानिक खेती का विमोचन किया गया।

## प्रदर्शनी से किसानों को दी जानकारी

किसान मेले में आयोजित प्रदर्शनी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनेक संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मेले में पहुंचे किसानों प्रदर्शनी के माध्यम से खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही वैज्ञानिकों ने किसानों को पर्वतीय कृषि से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वहीं, कृषकों की विभिन्न समस्याओं का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा त्वरित समाधान किया गया।

## आंधी-तूफान, ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद

**बागेश्वर।** जिले में रविवार सुबह मौसम साफ और धूप खिली रही, लेकिन दोपहर होते-होते मौसम ने अचानक करवट बदल ली। आसमान में घने बादल छा गए और करीब तीन बजे तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान दुगनाकुरी तहसील क्षेत्र में भीषण ओलावृष्टि हुई, जबकि कांडा, कपकोट और काफलीगैर तहसील क्षेत्रों में भी जमकर ओले गिरे। ग्रामीणों के अनुसार सबसे अधिक ओलावृष्टि दुगनाकुरी में दर्ज की गई, जहां करीब एक घंटे तक खेतों, घरों की छतों और आंगनों में ओलों की सफेद चादर बिछी रही। फसल कटाई के इस महत्वपूर्ण समय में हुई ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं, मसूर, जौ, धान की फसल नष्ट हुई है। जबकि प्याज और मटर की फसल के साथ लौकी, कद्दू, मिर्च और बैंगन की नर्सरी बर्बाद हो गई है।

# सिलेंडर के लिए कोई भी लाइन में खड़ा नहीं होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर 1 स्थित देवकीबिहार कालौनी के वरिष्ठ नागरिकों की बैठक में होम डिलीवरी की व्यवस्था के चलते सिलैण्डर के लिए लाइन के औचित्य पर सवाल उठाते हुए तय किया कि सिलैण्डर के लिए कोई भी लाइन में खड़ा नहीं होगा। बैठक के बाद एक शिष्टमण्डल ने नगर मजिस्ट्रेट एवं केएमवीएन के महाप्रबंधक से भेंटकर गैस हेतु लग रही लाईन पर आपत्ति जताते हुए कालौनी में तत्काल गैस की होम डिलीवरी कराने की मांग की। महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ला ने वरिष्ठ नागरिको की बात से सहमत होते हुए गैस प्रबन्धक रवि मेहता को कालौनी में तत्काल गैस की होम डिलीवरी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से मिले शिष्टमंडल में रमेश चन्द्र पाण्डे, बहादुर सिंह बिष्ट, प्रकाश चन्द्र बिष्ट, लक्ष्मण सिंह नेगी, पीएस रावत, मदन सिंह परिहार, केएस बिष्ट, रेखा बिष्ट, गंगा तिवारी, दीपा भौर्याल, दीपा बिष्ट आदि थे।



# महंगी किताबों पर प्रशासन हुआ सख्त

## अभिभावकों की शिकायत पर डीएम ने लिया एक्शन, बुक सेलरों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर महंगी किताबें खरी. दने के दबाव की शिकायतों को जिला

■ किसी एक दुकान से किताब खरीदने का दबाव नहीं
■ 20 अप्रैल तक छात्रों को राहत

प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर प्रशासन, जीएसटी और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने शहरभर के बुक सेलरों की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। रविवार को



सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई के नेतृत्व में टीमों ने कई दुकानों पर छापेमारी कर किताबों के दाम, स्टॉक और सप्लाई से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा कि पिछले कुछ दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ स्कूल अभिभावकों को केवल तय दुकानों से ही किताबें खरी. दने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे उन्हें महंगे दामों पर किताबें लेनी पड़ रही थीं। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों पर किसी विशेष दुकान से किताब खरीदने का दबाव नहीं बनाएगा। साथ ही बुक सेलरों को 20 अप्रैल तक सभी आवश्यक किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने बताया कि पहले ही जनवरी माह में आदेश जारी किए गए थे और एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई थी। जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं, जिनमें जीएसटी, शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों द्वारा निर्धारित रेफरेंस बुक्स की सूची प्रशासन को प्राप्त हुई है, जिसकी समीक्षा की जा रही है। यदि इन किताबों की कीमतों में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी किया जाएगा। कुछ मामलों में स्कूलों द्वारा विशेष बुक सेलर्स की सिफारिश करने के प्रमाण भी मिले हैं, जिनकी जांच जारी है। टीम द्वारा सीबीएसई और एनसीईआरटी की किताबों के सैंपल भी लिए गए हैं, जबकि जीएसटी विभाग बिलों की जांच कर रहा है। प्रशासन ने अभिभावकों से भी बातचीत की है और उन्हें आश्वस्त किया है कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। प्रशासन ने यह भी कहा है कि यदि किसी अभिभावक को कोई शिकायत है, तो वे प्रशासन की ईमेल आईडी पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा किताबों और यूनिफॉर्म को लेकर दो नए सर्कुलर भी जारी किए गए हैं, जिनके तहत 20 अप्रैल तक किसी भी छात्र को परेशान नहीं किया जाएगा।

# संघ को संघ में आकर जानें: शैलेन्द्र

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर जन संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को एमबीपीजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक प्रमुख जन संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रमुख जनसंगोष्ठी पर उत्तराखंड प्रांत के प्रांत संघचालक प्रो. बहादुर सिंह बिष्ट, प्रांत प्रचारक डा. शैलेंद्र और जिला संघचालक डा. नीलंबर भट्ट ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगोष्ठी की शुरुआत एकल गीत की प्रस्तुति से हुई, इसके बाद मुख्य वक्ता के रूप में डा. शैलेंद्र ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में पूरे देश में विजयादशमी से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जो अब तक जारी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संघ के गृह संपर्क कार्यक्रम के तहत 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंचा गया और उत्तराखंड में हिंदू सम्मेलन में 5 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। डा. शैलेंद्र ने संघ के महत्व को बताते हुए कहा कि संघ को सही तरीके से समझने के लिए संघ में आकर ही जाना जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता के बाद कई संगठनों ने समाज सुधार के लिए काम किया, लेकिन संघ ने समाज को संगठित कर राष्ट्र को पुनः जागृत करने का काम किया। डा. हेडगेवार के योगदान को याद करते हुए उन्होंने



बताया कि डा. हेडगेवार ने भारत माता की सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य बनाया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक आत्मा को जागृत करना और राष्ट्र प्रथम की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। उन्होंने बताया आज संघ की छठी पीढ़ी कार्यरत है, और वर्तमान में 45,000 से अधिक विद्यालय संचा. लित हो रहे हैं, जिसमें लाखों छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। संघ की 88,000 दैनिक शाखाएं, 32,000 साप्ताहिक मिलन और 13,000 मासिक मिलन पूरे देश में चल रहे हैं। साथ ही संघ के आनुसांगिक संगठनों जैसे आरोग्य भारती और सेवा भारती भी समाज की सेवा में सक्रिय हैं। कार्यक्रम के समापन पर जिला संघचालक डा. नीलंबर भट्ट ने सभी प्रमुख नागरिकों से आह्वान किया कि वे संघ के साथ मिलकर राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वे स्वतंत्र रूप से अच्छा कार्य करेंगे, तो संघ के स्वयंसेवक उनका सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क प्रमुख डा. नंदन डसीला द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रांत संघचालक डा. बहादुर सिंह बिष्ट, सह विभाग प्रचारक डा. नरेंद्र, सह प्रांत प्रचार प्रमुख डा. बृजेश बनकोटी, सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश जोशी, सह शारीरिक प्रमुख मनोहर, सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय, विभाग प्रचार प्रमुख उमेश शाह, सह विभाग संपर्क प्रमुख गोधन, जिला कार्यवाहक राहुल जोशी, सह जिला कार्यवाह राजकुमार, जिला प्रचारक जितेंद्र, जिला प्रचार प्रमुख एडवोकेट प्रदीप लोहनी, सह जिला प्रचार प्रमुख भुवन, सह जिला बौद्धिक प्रमुख कमलेश, सह नगर कार्यवाह तनुज, नगर प्रचार प्रमुख डा. नवीन शर्मा, उपनगर कार्यवाह नितिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस की एकजुटता ही भाजपा को दे सकती है चुनौती: क्वीरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उत्तराखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिला प्रवक्ता एवं पूर्व मुख्यमंत्री पंडित



नारायण दत्त तिवारी के पूर्व पीआरओ हरेंद्र क्वीरा और ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल ने शीर्ष नेतृत्व से मांग करते हुए कहा कि हरीश रावत ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया है और वे प्रदेश के ऐसे नेता हैं जिन्होंने कभी भी पार्टी छोड़कर दूसरी राजनीतिक राह नहीं अपनाई। उन्होंने कहा कि हरीश रावत ने हमेशा लोकतांत्रिक तरीके से पार्टी मंच पर अपनी बात रखी और पार्टी हित में लगातार कार्य किया। ऐसे समर्पित नेता के सुझावों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, जिससे वर्तमान में चल रही अटकलों पर विराम लग सके और संगठन को मजबूती मिले। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि शीर्ष नेतृत्व इच्छाशक्ति दिखाए, तो रामनगर और सल्ट दोनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस जीत हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता ईमानदारी से काम कर रहा है और सभी को एकजुट होकर भाजपा के जंगलराज से मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष करना चाहिए।

## युवती लापता गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक युवती घर से निकली और लापता हो गई। पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ऊंचापुल निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी उनकी 18 वर्षीय बेटी बीती 4 मार्च को वह किसी काम से घर से निकली और फिर लौट कर वापस नहीं आई। परिजनों ने बताया कि बेटी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी।

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा प्राथमिकता: रजवार

## योगेश सिंह रजवार बने उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला मंत्री एवं पूर्व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रहे योगेश सिंह रजवार को उत्तराखंड सरकार द्वारा उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए बाल अधिकार संरक्षण आयोग का सदस्य मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह और खुशी का माहौल है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने रानीबाग स्थित उनके कार्यालय पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान योगेश सिंह रजवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे वंचित, शोषित और असहाय बच्चों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष एवं जिला नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि योगेश रजवार को यह सम्मान उनकी संगठन के प्रति मेहनत, लगन और समाज सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि योगेश रजवार अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला महामंत्री कमल रावत, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, भरत वल्दिया, नवीन पपोला, युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज कोरंगा, सुमित वर्मा, मनोज गोस्वामी, लोकेश यादव, मुकेश तिवारी, सौरव गोस्वामी, पंकज अधिकारी, दिग्विजय अधिकारी, देवेश गोस्वामी, विकल्प बिष्ट सहित बड़ी संख्या में युवा और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कालूसिद्ध मंदिर से लौट रहे युवक से लूटपाट, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालू सिद्ध मंदिर से प्रसाद चढ़ाकर घर लौट रहे एक युवक से लुटेरों ने मारपीट कर उसकी जेब से मोबाइल और नगदी लूट ली। घटना

गली में जेब से मोबाइल और नकदी छीनी, मारपीट भी की

की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लूटेरों की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गली नंबर 5 रामपुर रोड निवासी गोविंद सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह बीते गुरुवार को पूजा करने और प्रसाद चढ़ाने के लिए नैनीताल रोड स्थित कालू सिद्ध मंदिर गए थे। पूजा के बाद जब वह लौटकर घर जा रहे थे तभी लुधियाना होजरी के पास चार युवकों ने उन्हें अचानक रोका और चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने बताया वह कुछ समझ पाते तभी चारों ने मारपीट शुरू कर दी और उनके पास रखे मोबाइल व 8 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित गोविंद सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे और शीघ्र ही लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई

## महर्षि के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में रविवार को कश्यप महासभा द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कश्यप निषाद संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र कश्यप द्वारा की गई। जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या, लाल. कुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, ललित जोशी व पूर्व राज्यमंत्री प्रकाश हर्बोला द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीराम, महर्षि कश्यप ऋषि और निषाद राज के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

मुख्य वक्ताओं ने ऋषि के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेकर





हमेशा दूसरों की मदद करने का आह्वान किया। कश्यप निषाद संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र कश्यप ने बताया कि महर्षि कश्यप ऋषि हिंदू धर्म के प्रमुख ऋषियों में से एक थे और उन्हें सप्तऋषियों में शामिल माना जाता है। उन्हें सृष्टि के प्रमुख प्रजापतियों में गिना जाता है तथा उनका उल्लेख ऋग्वेद, महाभारत और रामायण जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। उनके वंश से देवता, दानव, नाग, पक्षी और मानव जाति की उत्पत्ति मानी जाती है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान आवश्यक है और सभी को भेदभाव समाप्त कर मिलजुलकर रहना चाहिए। इस मौके पर धर्मपाल कश्यप, किशोरी लाल, रामप्रसाद कश्यप, हरीराम कश्यप, अशोक कश्यप, श्याम कश्यप, पंकज कश्यप, जानकी प्रसाद कश्यप, नन्हे कश्यप, शंकर कश्यप, अमित कश्यप, मुकेश कश्यप, पार्षद संजय पांडे, ध्रुव कश्यप, सुनील कश्यप, राहुल कश्यप, ओमी शंकर, अमित कश्यप, राजन कश्यप, अभिषेक कश्यप, दुर्वेश कश्यप, अनिल कश्यप, सागर कश्यप, रूपचन्द्र कश्यप, चेतराम कश्यप, अनुज कश्यप, सुनीता कश्यप, ललिता कश्यप, प्रति कश्यप, पूनम कश्यप, रीना कश्यप, अशोक कश्यप, संजय कश्यप, दीपक कश्यप, मुकेश कश्यप, संजय कश्यप सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल ने बागेश्वर को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में रविवार को जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग



की अंतर जिला क्रिकेट लीग का पहला उद्घाटन मुकाबला नैनीताल और बागेश्वर के बीच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। बागेश्वर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नैनीताल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में सभी विकेट खोकर 294 रनों का स्कोर बनाया। टीम के लिए लक्ष्य राय चंदानी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 121 गेदों में 128 रनों का योगदान दिया। बागेश्वर के गेंदबाज देवेंद्र सिंह बोरा और आर्यन गर्ग ने 3-3 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागेश्वर की पूरी टीम 29वें ओवर में 127 रन बनाकर आल आउट हो गई, और नैनीताल ने 167 रनों से मैच जीत लिया। नैनीताल के गेंदबाज पृथ्वी गैडा ने 4, लक्ष्य राय चंदानी ने 3 और दीक्षांशु नेगी ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार शानदार बल्लेबाजी के लिए जीएनजी के बल्लेबाज लक्ष्य राय चंदानी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और हिमांशु चतुर्वेदी जबकि स्कोरर की भूमिका सचिन ने निभाई। उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि राज्य दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष दीपक मेहरा, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, सीएयू से ऑब्जर्वर पारुल, नरेन्द्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, किशन अनेरिया, विजय कुकसाल, अमित कांडपाल, दिग्विजय कनवाल, अमरपाल सिंह, अभिषेक सिंह, नीरज डसीला, शरद अग्रवाल मौजूद रहे।

## डीके रेड 11 ने दो विकेट से जीता फाइनल

**हल्द्वानी।** डीके क्रिकेट अकादमी पीलीकोठी मैदान में खेले गए 40-40 ओवर के रोमांचक फाइनल मुकाबले में डीके रेड 11 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीके ब्लू 11 टीम को दो विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में डीके रेड टीम के कप्तान गर्वित कांडपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 208 रन बनाए। जवाब में डीके ब्लू 11 के कप्तान कल्पेश पंत की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 212 रन ही बना सकी। विजेता टीम के खिलाड़ियों को व्यापारी नेता एवं लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने पुरस्कार प्रदान किए। व्यक्तिगत पुरस्कारों में अंश जोशी को बेस्ट बॉलर चुना गया, जिन्होंने आठ ओवर में 37 रन देकर चार विकेट झटके। वहीं बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार कल्पेश पंत को मिला, जिन्होंने 57 गेंदों में 42 रन बनाए। बेस्ट फील्डर का खिताब गर्वित कांडपाल को प्रदान किया गया। शानदार प्रदर्शन के लिए ऋतिक नायक को मैन ऑफ-द मैच चुना गया। इस दौरान डीके कन्याल, विशाल गणेश, अक्षत अग्रवाल, संविका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# रामलीला में राम-भरत मिलाप

## मंचन के दौरान पूरा पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित महिला रामलीला का मंचन इन दिनों दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रामलीला देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार को मंचन के पांचवें दिन दशरथ मरण और भरत मिलाप की मार्मिक लीला प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान कई दर्शकों की आंखें नम हो गई।

इससे पूर्व मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट सहित संस्था की अध्यक्ष लता बोरा व सचिव शांति जीना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंचन में दिखाया गया कि भगवान राम मंत्री सुमंत को समझा कर अयोध्या वापस भेज देते है। गंगा पार करते समय राम और केवट का संवाद भक्ति रस से सराबोर रहा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उधर अयोध्या में राजा दशरथ पुत्र वियोग में व्याकुल होकर अचेत अवस्था में पहुंच जाते है। सुमंत के लौटने पर वे राम, लक्ष्मण और सीता के विषय में जानकारी लेते है और अंततः पुत्र वियोग में प्राण त्याग देते है। इसके बाद अयोध्या के दूत भरत और शत्रुघ्न को ननिहाल से वापस बुलाते है।

भरत, मां कैकेयी को धिक्कारते हुए राम को वापस लाने वन की ओर प्रस्थान करते है। वन में भरत-राम मिलाप का भावुक ख्रश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें भरत द्वारा राम से अयोध्या लौटने की प्रार्थना की जाती है, लेकिन राम अपने वचन का पालन करते हुए लौटने से इनकार कर देते हैं। अंततः भरत राम की खड़ाऊ लेकर



अयोध्या लौट जाते है। इस अवसर पर समिति की सचिव शांति जीना, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, हेमा हर्बोला, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट, भगवती बिष्ट, प्रेमा बृजवासी, कमला रौतेला विद्या महतोलिया, पार्षद शैलेन्द्र दानू व सुशील शर्मा समेत बड़ी संख्या दर्शक मौजूद रहे।

## भगवान राम ने शबरी के झूठे बेर खाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसआरआई संस्था के तत्वावधान में शीशमहल में चल रही महिला रामलीला के सातवें दिन रविवार को शबरी प्रसंग और बाली-सुग्रीव युद्ध का भव्य एवं भावनात्मक मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि



विधायक सुमित हृदयेश ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंचन की शुरुआत शबरी द्वारा भगवान राम को जूठे बेर खिलाने के मार्मिक प्रसंग से हुई, जिसने भक्ति और समर्पण का संदेश दिया। इसके बाद हनुमान-राम मिलन और सुग्रीव से मित्रता का दृश्य प्रस्तुत किया गया। सुग्रीव ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि उनके भाई बाली ने अन्याय पूर्वक उन्हें राज्य से निष्कासित कर दिया और उनकी पत्नी को भी उनसे अलग कर दिया। इस पर श्रीराम द्वारा सुग्रीव को न्याय दिलाने का वचन दिया गया और फिर बाली-सुग्रीव के बीच भीषण युद्ध का दृश्य मंचित किया गया। निर्देशक मुकेश कुमार जोशी के निर्देशन में प्रस्तुत इस युद्ध दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। जैसे ही श्री राम द्वारा बाली पर बाण चलाया गया, पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। आयोजक तनुजा जोशी ने बताया कि आगामी दिनों में रामायण के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन भी किया जाएगा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद काठगोदाम शाखा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, डा. विनय खुल्लर, दीपक माहेश्वरी, अनुज माहेश्वरी, नीरज शारदा, गोपाल पाल, हितेंद्र उप्रेती, आलोक सक्सेना, दीपक बिष्ट, शोभित बंसल, राहुल वार्ष्णेय, डा. भारतभूषण, प्रबंधक गिरीश चंद्र तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, दिनेश फुलारा, पुष्पा संभल, मोहन चंद्र जोशी, कौशलेंद्र भट्ट, कामिनी पाल, इशिका शर्मा, योगिता बनोला सहित कई लोग मौजूद रहे।

## साझा मंच पर भाजपा-कांग्रेस को टक्कर दे सकते हैं क्षेत्रीय दल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के उत्तराखंड जन संवाद यात्रा को लेकर पार्टी एवं उसके सहयोगियों की एक बैठक रविवार को पीलीकोठी में संपन्न हुई। बैठक का संयोजन अशोक डालाकोटी तथा अध्यक्षता उपपा अध्यक्ष पीसी तिवारी ने की। बैठक में अपने विचार रखते हुए कैलाश पाठक ने भाजपा और कांग्रेस के विकल्प के रूप में क्षेत्रीय दलों के साझा मंच की आवश्यकता पर बल दिया। एडवोकेट संगीता पांडे ने हल्द्वानी में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया, वहीं एडवोकेट जितेन्द्र तिवारी ने शहर में एक बड़े जन कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता बताई। केंद्रीय महासर्. चव प्रभात ध्यानी ने कहा कि आज प्रदेश में विभिन्न जनसंघर्ष चाहे वे शराबबंदी, आशा वर्कर्स, मजदूरों या किसानों से जुड़े हो, उन्हें भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ एकजुट होकर तीसरे विकल्प की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उपपा अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड जन संवाद यात्रा को पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्र में संगोष्ठियां संवाद, जनसंपर्क आयोजित किए जाएंगे। संचालन केंद्रीय महासचिव प्रभात ध्यानी ने किया। आसिफ, अमीनुर्रहमान, कौस्तुबानंद भट्ट, बसंत सिंह खनी, महेश चंद्र पांडे, दिनेश उपाध्याय, बिशन दत्त सनवाल, अशोक डालाकोटी, जय प्रकाश पांडे, गजेन्द्र सिंह, हेमा उपाध्याय, सतीश उपाध्याय रहे।

# आंदोलनकारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से उनके कार्यालय में मिला और विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित किया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि पृथक उत्तराखंड राज्य के निर्माण में 42 से अधिक लोगों ने शहादत दी, जबकि खटीमा, मसूरी और मुजफ्फरनगर जैसे स्थानों पर आंदोलनकारियों को दमन और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इन संघर्षों के बाद 9 नवंबर 2000 को उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आया। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर सरकार रजत जयंती समारोह मना रही है, लेकिन राज्य आंदोलन के मूल उद्देश्यों पर अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है।

आंदोलनकारियों ने स्थाई राजधानी गैरसैंण, पलायन, स्वास्थ्य और शिक्षा



की बदहाली, भ्रष्टाचार, बढ़ते माफिया प्रभाव, रोजगार, मूल निवास, भू-कानून और अवैध नशे के कारोबार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन में छात्र, युवा, महिलाएं, पूर्व सैनिक, व्यापारी और कर्मचारी सभी वर्गों ने इस उम्मीद के साथ भागीदारी की थी कि पहाड़ से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा, लेकिन आज भी कई अहम सवाल जस के तस बने हुए हैं। आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों में राज्य आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान सुविधाएं देने, उनके और आश्रितों के लिए घोषित 10 प्रतिशत शैक्षिक आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने तथा चिन्हीकरण से वंचित आंदोलनका. रियों के लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में भुवन जोशी, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गापाल, शेर सिंह लटवाल, बृजमोहन सिजवाली, पान सिंह नेगी, रईस अहमद शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आमने-सामने भिड़ी दो कारें

## दिल्ली का युवक गंभीर घायल, दो आई मामूली चोटें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल चौराहे पर रविवार सुबह दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इनमें दिल्ली निवासी एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं दो अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के दौरान कारों के एयरबैग खुल गए, जिससे कुछ लोगों को गंभीर चोट नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के द्वारिका निवासी भावेश गुप्ता पुत्र लालता प्रसाद गुप्ता अपनी कार से नैनीताल से अपने पांच साथियों के साथ वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार सिडकुल चौराहे पर पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रही काले रंग की एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी कार में दो लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के दौरान कारों के एयरबैग खुल गए, जिससे कुछ लोगों को गंभीर चोट नहीं लगी। हालांकि, दोनों वाहनों में सवार तीन लोग घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया। सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि अस्पताल में दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि भावेश गुप्ता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हादसे की सूचना उनके परि. जनों को दे दी है।

# ई-रिक्शा की टक्कर से बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में एक 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शा पलटने से चालक भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया।

ट्रांजिट कैम्प थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि शिवनगर तिराहे के पास रविवार दोपहर करीब 2 बजे शिवनगर निवासी 12 वर्षीय अंकित पुत्र धीरज सड़क किनारे दौड़ लगा रहा था। इसी दौरान उसने अचानक सड़क पार करने का प्रयास किया, तभी सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा भी पलट गया और उसका चालक पूरन लाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी शिवनगर भी घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और चीता मोबाइल मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया, जबकि ई-रिक्शा चालक का उपचार जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है।

पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर पंचनामा की कार्यवाही की जा रही है।

# 219 ग्राम चरस के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** गदरपुर पुलिस ने कोतवाली प्रभारी संजय पाठक के नेतृत्व में एक आरोपी को 219 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मूल ग्राम मालपुर बेनीपुर थाना महल नगर जिला आजमगढ़ यूपी हाल महतोश निवासी धर्मेंद्र पुत्र दिनेश राजभर को पकड़ा।

तलाशी लेने पर उसके पास से 219 ग्राम चरस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल दयालगिरी, कांस्टेबल रघुवीर शामिल रहे।

## एक नजर

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुंडिया कला में एक नाबालिग किशोरी के कथित रूप से बहला-फुसलाकर भगाए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अपने साथ ले गया। महिला के अनुसार, घटना 3 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे की है। काफी तलाश के बावजूद किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका है, जिससे परिजन बेहद चिंतित हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब उसने आरोपी युवक के परिजनों से संपर्क कर अपनी बेटी के बारे में जानकारी लेनी चाही, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और किसी भी तरह की मदद से इनकार कर दिया। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मामले में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बंदरों के आतंक से परेशान महिलाएं चेयरमैन से मिलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नागरपालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड संख्या 3 की माताओं एवं बहनों द्वारा उठाई गई बंदरों के आतंक की समस्या को गंभीरता से सुना। इस विषय पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान निकालने का आग्रह किया। अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहां पर सुनीता देवी जानकी चंद गीता भंडारी विमल जोशी देवकी गढ़कोटी आदि लोग मौजूद थे।



### आठ अप्रैल को होगी भाजपा की विधानसभा स्तर की संगठन कार्यशाला



**मुख्यमंत्री धामी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने की उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक बैठक कर रणनीति बनाई। यह कार्यशाला विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित की जाएगी।

बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि आठ अप्रैल को शाम 4 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तर की संगठन कार्यशाला में मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में मुख्यमंत्री संगठन से जुड़े कई विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, हिमांशु बिष्ट, रमेश जोशी, जीवन धामी, सतीश गोयल, सतीश भट्ट, भुवन भट्ट, विक्की रस्तोगी, नवीन भट्ट, संतोष जोशी, नीता सक्सेना, विमला मुंडला, भागीरथी खोलिया, हेमा जोशी, रेनू भंडारी, प्रमोद गड़कोटी, रोहित जोशी, गंगा चौहान आदि उपस्थित रहे।

# प्रतिभाशाली बेटियों का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्रामसभा बेरिया दौलत स्थित कल्याणपुरी में विजेता दिव्यांग जनजाति बालिका टीम के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार ने प्रतिभाशाली बेटियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि गुजरात में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में बाजपुर क्षेत्र की होनहार बेटियोंख्र लक्ष्मी, पुष्पा, शांति, सुहानी, कविता, मनीषा एवं महक ने अपने साहस, परिश्रम और आत्मविश्वास के दम पर फाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम को पराजित कर क्षेत्र, जनजाति समाज और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन सभी बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना गर्व का विषय है। राजेश कुमार ने विशेष रूप से खिलाड़ी पुष्पा की सराहना करते हुए कहा कि थ्रो बॉल प्रतियोगिता में श्रीलंका को हराकर उन्होंने देश का मान बढ़ाया है, जो क्षेत्र की बेटियों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। कार्यक्रम में एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, सांसद प्रति. निधि रमेश गर्ग, रूपेंद्र सिंह, संजय सिंह, रेमा देवी, सन्तरो, मुलिया देवी, गोविंद, जीवन, दीपक, पप्पू, शंकर, बिशन, रवि, मोहन, दान सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# नमन ने पास की जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जसपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठित मारिया स्कूल के छात्र नमन ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसके चयन पर परिवार में खुशी का माहौल है।

उत्तराखंड क्रांति दल के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. गुलाब सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील प्रांगण पहुंचकर फूलमाला पहना कर उसको सम्मानित किया। छात्र नमन के पिता श्याम बाबू तहसील में स्टांप वेंडर है। मीडिया से बातचीत में नमन के पिता ने बताया कि नमन ने कक्षा एक से कक्षा पांचवीं तक मारिया स्कूल किशनपुर में शिक्षा प्राप्त की है। छात्र नमन ने बताया कि वह साइंटिस्ट बनकर देश की सेवा करना चाहता है। उसने यह सफलता 6 से 8 घंटे नियमित पढ़कर प्राप्त की है। इस सफलता से श्रेय अपने गुरुजनों और अपने माता पिता को देता है। उत्तराखंड क्रांति दल के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. गुलाब सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर फूल माला पहना कर सम्मानित किया।

स्कूल के प्रबंधक फादर मैथ्यू टॉम, प्रिंसिपल जोमोन टीए , अधिवक्ता/वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कौशिक, अधिवक्ता भावेश मित्तल, पीतांबर सिंह,नईम सलमानी, अमित कुमार, सचिन कुमार, मोहन सिंह, विमल बंसल, जगदीश अरोड़ा, दीपक चौहान आदि आदि ने बधाई दी है।

## स्कूलों में गूंजेगा सात को प्रवेश उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिले के सभी सरकारी एवं अशासकीय विद्यालयों में सात अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय में भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही ऐसे बच्चों का भी नामांकन किया जाएगा, जो अब तक प्रवेश से वंचित रह गए हैं। प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में छात्र, अभिभावक एवं शिक्षक सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता और भागीदारी बढ़ेगी।

# पहचान यूथ क्लब चलाएगा जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र में सड़क एवं रेलवे सुरक्षा को लेकर 'पहचान यूथ क्लब' के युवाओं ने पहल करते हुए मरियमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। क्लब की ओर से थाना प्रभारी के नाम उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल को पत्र सौंपकर अभियान के लिए अनुमति एवं सहयोग की मांग की गई है।

क्लब के सदस्यों ने बताया कि रेलवे फाटक बंद होने के दौरान वाहन चालक अक्सर नियमों की अनदेखी करते हुए गलत दिशा में वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे फाटक खुलने के बाद दोनों ओर से ट्रैफिक आमने-सामने आ जाता है। इस स्थिति में जाम लगने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी समस्या को देखते हुए क्लब द्वारा 8 अप्रैल 2026 को मरियमपुर रेलवे फाटक पर सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान लोगों को रेलवे फाटक पार करते समय सावधानियां बरतने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सुरक्षित आवागमन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

क्लब पदाधिकारियों का कहना है कि उनका संगठन सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं स्वच्छता जैसे सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करना है। क्लब ने प्रशासन से इस सामाजिक पहल को सफल बनाने के लिए सहयोग और मार्गदर्शन देने की अपील की है।

# शांतिकुंज कल्याण समिति के पंकज सती बने अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** शांतिकुंज कल्याण समिति, लखनपुर रामनगर की वार्षिक बैठक छोई स्थित एक रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद समिति के बच्चों एवं महिला सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

समिति के वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। जिसमें अनूप सिंह बिष्ट संरक्षक, पंकज सती अध्यक्ष, आनन्द पाण्डे सचिव, जगत पाण्डे उपाध्यक्ष, हेम चन्द्र पाण्डे कोषाध्यक्ष एवं शंकर पाण्डे उपसर्ा. चव चुना गया। शान्तिकुंज कल्याण समिति वर्ष 2015 से लगातार क्षेत्र की समस्याओं को विभिन्न मंचों पर उठाती रहती है और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहती है। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि शान्तिकुंज की नई कार्यकारिणी शान्तिकुंज मोहल्ले की समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। इस दौरान रमेश बिष्ट, भुवन शर्मा, पूरन पाण्डे, तारा घिल्डियाल, चंद्रशेखर पन्त, नवेन्दु जोशी, केएन जोशी, प्रदीप पाण्डे, रोहित बिष्ट, धर्मपाल डंगवाल, सन्तोष पपनै, नवीन तिवारी, मनोज मनराल, जितेंद्र पाण्डे, अनूप बिष्ट, लक्ष्मण जोशी आदि मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से देहरादून में उनके आवास पर ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने अपने समर्थकों के साथ मुलाकात की।ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात कर निवेदन किया कि यदि मेरी वजह से आपकी कांग्रेस पार्टी को नुकसान हो रहा है और बयानबाजी हो रही है तो मेरी कांग्रेस पार्टी में जोइनिंग को किनारे कर दिया जाए और आप अपने राजनैतिक अवकाश को समाप्त करें और अपनी पार्टी की मजबूती के लिए पहले की तरह काम करें।क्योंकि हरीश रावत के बिना कांग्रेस पार्टी अधूरी है और मेरी कांग्रेस में जोइनिंग के मुद्दे को समाप्त कर दिया जाए।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, सात घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार दोपहर केलाखेड़ा मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में ई-रिक्शा पलटने से बच्चों और महिलाओं समेत सात श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम बाजावाला निवासी एक परिवार रविवार करीब साढ़े बारह बजे ई-रिक्शा में सवार होकर बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा में दर्शन करने जा रहा था। जैसे ही वाहन मसीत के पास पहुंचा, पीछे से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क पर ही पलट गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे में घायल होने वालों में ई-रिक्शा चालक लवजीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह, सीमा पत्नी तरन सिंह, बलजीत कौर पत्नी बगीचा सिंह, परमजीत कौर पुत्री गुरमीत सिंह, कोमल पुत्री तरन सिंह, मनिंदर पुत्र तरन सिंह, जोत सिंह पुत्र तरन सिंह शामिल हैं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को संभालते हुए एंबुलेंस बुलवाई। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। एनएचआई एंबुलेंस के अटेंडर डा. सुरेंद्र सिंह के अनुसार, घायलों को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में कुछ लोगों ने एंबुलेंस को रास्ता नहीं दिया। लगातार हॉर्न बजाने के बावजूद वाहन 4-5 मिनट तक जाम में फंसा रहा। इस पर उन्होंने नारा. जगी जताते हुए इसे "संवे. दनहीनता" बताया।

घटना के बाद क्षेत्रवासियों में गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने से लगातार हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई, स्पीड ब्रेकर लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है। गनीमत रही कि इस भीषण हादसे में सभी घायलों की जान बच गई, लेकिन घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पुलिस ने आठ अराजक तत्वों को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर के निर्देशानुसार ऑपरेशन प्रहार अन्तर्गत 08 अराजक तत्व प्रथम घटना में पारिवारिक विवाद में जीजा के साथ मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले चार सालों को गिरफ्तारकर उपजिलाधिकारी जसपुर के समक्ष पेश किया गया। दूसरी घटना में शराब के नशे में आपस में झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले चार दोस्त गिरफ्तार कर कुल सभी आठ अराजक तत्वों को अन्तर्गत धारा 170/126/135 BNSS में गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु उपजिलाधिकारी जसपुर के समक्ष पेश किया गया।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पौरी, एचसी प्रकाश लोहिया, का. केवल टम्टा, किशोर गिरी, म. का. कविता वर्मा आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### रामनगर का विभिन्न समस्याओं को लेकर एडीएम ने की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने रामनगर तहसील मुख्यालय में नैनीताल के अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी और उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान से भेंट करके रामनगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य प्रगति की जानकारी ली और उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें रामनगर में आधार सेवा केंद्र की व्यवस्था सुचारू करने और आधार केंद्र बढ़ाने की मांग उठाई। साथ ही जिला प्रशासन से रामनगर के अंतर्गत मोहल्ला पंपापुरी, भरतपुरी कौशल्यपुरी दुर्गापुरी नियमितीकरण प्रक्रिया, ग्राम चुकुम के विस्थापन प्रक्रिया, नया झिरना लालढांग आदि ग्रामों के सर्वेक्षण आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की भाजपा सरकार की मंशा और जनहित की भावना के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया गया।

# हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ: बिष्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने ग्राम पाटकोट, रामपुर व भलोन मे ग्रामीणों द्वारा आयोजित जनमिलन कार्यक्रम मे उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओ को सुना।

कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही सम्बंधित को आदेशित कर निस्तारण किया। साथ ही सभी उपस्थितजनों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सशक्त नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सभी को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दीप चंद्र, ग्राम प्रधान रमेश चंद्र, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता धनीराम, बूथ अध्यक्ष गोपाल कुर्या, पूरन तिवारी, दयाल कुर्या, कांति सिंह मेहरा, नवीन टम्टा, हरीश चंद्र, राम लाल, हेम चंद्र, अनिल कुमार आदि कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर को मजबूत बनाने में जुटी कांग्रेस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में कांग्रेस पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। यह बैठक ग्राम बसई में ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस एवं पूर्व ग्राम प्रधान ऊषा जोशी के निवास स्थान पर संपन्न हुई, जिसमें बूथ कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ कमेटी के विस्तार और उसे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा हुई।इस अवसर पर पूर्व विधायक रणजीत रावत ने बूथ कमेटी को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत ने की।

उन्होंने संगठनात्मक मजबूती व आगामी चुनावी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए।

कांग्रेस पार्टी आगामी चुनावों में हर बूथ को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्यरत है और यह बैठक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस दौरान कांग्रेस नेता भुवन पांडे सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### शिशुपाल सिंह रावत ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से मुलाकात के दौरान संगठन के निरंतर बढ़ते विस्तार पर चर्चा हुई और आने वाले अगले साल 2027 में भारतीय जनता पार्टी की उत्तराखंड में तीसरी बार सरकार बनाने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनेंगी।

# सोशल मीडिया विवाद पर गरमाई चंपावत की राजनीति

■ छवि खराब करने की साजिश, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी का पलटवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। विधायक प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश करार दिया है।



प्रकाश तिवारी के अनुसार, हल्द्वानी में एक किसान मंच की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए गए, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला सुनियोजित तरीके से खड़ा किया गया है और इसके पीछे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की मंशा साफ दिखाई देती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने वकीलों से विचार-विमर्श कर रहे हैं और जल्द ही न्यायालय में वाद दायर करेंगे। साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रकाश तिवारी ने कहा कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने दो टूक कहा कि उनकी छवि और प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका जवाब कानूनी तरीके से दिया जाएगा।

# 27 सूत्रीय मांगों पर डटे डिप्लोमा इंजीनियर

■ अनिश्चितकालीन हड़ताल से ठप पड़े निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट/चंपावत।** उत्तराखंड डिप्लोमा जूनियर्स महासंघ के बैनर तले 27 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले भर के डिप्लोमा इंजीनियरों का आंदोलन अब और तेज हो गया है। लगभग एक दर्जन विभागों के अभियंता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे जनपद में चल रहे निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।




लोहाघाट और चंपावत में इंजीनियर लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताल का असर अब साफ दिखाई देने लगा है, जहां एक ओर सरकारी परियोजनाएं रुकी हुई हैं, वहीं ठेकेदारों और श्रमिकों की परेशानियां भी बढ़ने लगी हैं।

डिप्लोमा इंजीनियरों की प्रमुख मांगों में तीन चरणों में वेतनमान निर्धारण शामिल है। 10 वर्ष की सेवा पर 5400 ग्रेड पे, 16 वर्ष पर 6600 ग्रेड पे और 26 वर्ष की सेवा के बाद 8700 ग्रेड पे देने की मांग जोर पकड़ रही है। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाली, जल निगम और जल संस्थान के राजकीयकरण जैसी मांगें भी प्रमुख हैं। लोहाघाट के एनएफसी भवन में आयोजित सभा में वक्ताओं ने सरकार के "जिद्दी रवैये" की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि जहां जनप्रतिनिधि अपने वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी के लिए एकजुट हो जाते हैं, वहीं डिप्लोमा इंजीनियरों की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

सभा की अध्यक्षता परमानंद पुनेठा ने की। इस दौरान सचिन पुनेठा, नीरज ओली, सुभाष पांडे, प्रकाश नरियाल, विशाल उप्रेती, चंदन भारद्वाज, ऋषभ शाह, संदीप कुमार, सुधीर कुमार, इंजीनियर सनी, पल्लवी शाह, अलका और रेनू समेत कई अभियंताओं ने अपने विचार रखे और चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। इस बीच उत्तराखंड के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। जिला अध्यक्ष गोपाल राम कालाकोटी और महासचिव किशोर राठौड़ ने बताया कि यदि सरकार का यही रुख जारी रहा तो अन्य संगठनों का समर्थन भी आंदोलन को और व्यापक बना सकता है।

## एक नजर

# अवैध शराब परिवहन करते एक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कोतवाली धारचूला के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया।



पुलिस टीम ने मल्लिकार्जुन स्कूल के पास से अभियुक्त आलोक सिंह निवासी सिर्दांग, पोस्ट सिरखा, थाना पांगला, को एक स्कूटी में दो पेटी बीयर एवं एक पेटी अंग्रेजी शराब ले जाते हुए पकड़ा। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी भी सीज की।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महाराजा अग्रसेन परिसर में पेंशनर्स सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में पेंशन में देरी, महंगाई के अनुरूप वृद्धि का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और डिजिटल प्रक्रियाओं की जटिलता जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। सदस्यों ने गोल्डन कार्ड योजना को लेकर नाराजगी जताई और इसे अप्रभावी बताते हुए इसमें सुधार की मांग की। वक्ताओं का कहना था कि पेंशनरों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। बैठक में सीनियर सिटीजन क्लब के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्तावित क्लब में लाइब्रेरी, स्वास्थ्य परामर्श और सामाजिक गतिविधियों की व्यवस्था किए जाने की बात कही गई। अंत में सरकार से वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ललित मोहन उप्रेती, महासचिव पी.सी. शर्मा, एस.के. नैय्यर, एस.के. मित्तल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गांधी आश्रम मार्ग से दिनदहाड़े कार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के व्यस्त इलाके गांधी आश्रम मार्ग पर दिनदहाड़े कार चोरी हो गई। ड्राईक्लीनर के पास खड़ी बलोनो कार को एक युवक मास्टर चाबी से खोलकर कुछ ही मिनटों में फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार बगवाड़ा निवासी जगरूप सिंह अपने एक परिचित के साथ बलोनो कार से गांधी पार्क स्थित गांधी आश्रम मार्ग पर ड्राईक्लीनर के यहां पहुंचा था। कार खड़ी करने के बाद दोनों पास ही खाना खाने चले गए। करीब दस मिनट बाद जब जगरूप सिंह वापस लौटे तो उनकी कार मौके से गायब थी। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि एक युवक फोन पर बात करते हुए आया और कार खोलकर उसे लेकर चला गया। बताया जा रहा है कि कार स्वामी ने कुछ दूरी तक संदिग्ध का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा।

इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। जिस पर बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें एक युवक कार ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। जगरूप सिंह के अनुसार उन्होंने यह कार वर्ष 2024 में खरीदी थी और रविवार को कार से बाजार आए थे। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जुट गई है।

# रसोई गैस किल्लत पर भड़कीं पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा रविवार को राजीव नगर और खेड़ा क्षेत्र पहुंचीं। यहां उन्होंने रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने बताया कि लंबे समय से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों ने शिकायत की कि गैस बुकिंग कराने के बावजूद समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इससे रोजमर्रा के कामकाज पर असर पड़ रहा है और कई परिवारों को वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ रहे हैं। मौके पर मीना शर्मा ने इंडेन गैस सर्विस के मैनेजर को कॉल कर समस्या के जल्द समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं किया गया और 24 घंटे के भीतर पीड़ितों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराए गए तो वह गैस एजेंसी में तालाबंदी करने को बाध्य होंगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे पर आंदोलन भी किया जाएगा।

# अखण्ड नाम कीर्तन में विधायक ने की क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर विधानसभाक्षेत्र के ग्राम अनादखेड़ा मे आयोजित अखण्ड नाम कीर्तन मे शामिल हुऐ विधायक शिव अरोरा ने राधा गोविन्द के चरणों मे नमन कर समस्त समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना। विधायक बोले अखंड नाम कीर्तन का श्रवण करने मात्र से आत्मिक सुख व मन को शांति की अनुभूति होती है।

बंगाली समाज मे अखण्ड नाम कीर्तन एक पवित्र पर्व के रूप मे मनाया जाता है, जिसमे सभी लोग सपरिवार श्रद्धा भाव से शमिल होकर कृष्ण नाम की भक्ति लीन नजर आते है निश्चित रूप से अखंड नाम कीर्तन की रुद्रपुर व आस पास के क्षेत्र मे बहुत मान्यता है । ईश्वर से जुड़ने का यह एक सार्थक माध्यम है। विधायक शिव अरोरा ने कहा अनादखेड़ा क्षेत्र मे उनके द्वारा भंडारा व कीर्तन के लिये समुदायिक भवन बनने का कार्य किया है साथ हीं सड़क निर्माण, मन्दिर सौंदर्यकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का कार्य किया गया, जिससे हमारे धार्मिक स्थल आकर्षक में भव्य दिव्य नजर आये।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुदर्शन विश्वास, प्रधान राजकुमार चौधरी,सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, लक्ष्मण समदार, मन्नू चौधरी, दयाल सिकदार, मनोज मिस्त्री, नरेश तपाली, मनोज कुमार, प्रतिश बाला,इंद्रपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# चाऊमीन की दुकान से 82.25 ग्राम स्मैक बरामद, तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चम्पावत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टनकपुर क्षेत्र से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर की गई।

टनकपुर में एसओजी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक आरोपी को उसकी फास्ट फूड दुकान से गिरफ्तार किया। कार्रवाई क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा के नेतृत्व में की गई।



पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी "रामू दा फास्ट फूड सेंटर" नामक चाऊमीन की दुकान की आड़ में लंबे समय से स्मैक बेच रहा था। छापे के दौरान उसके पास से 82.25 ग्राम अवैध स्मैक और नशा करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। गोविंद राम पुत्र स्व. रमेश राम, निवासी ककराली गेट, प्लॉट नंबर-4, थाना टनकपुर, जिला चम्पावत। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ टनकपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। चम्पावत पुलिस ने साफ किया है कि जिले में नशे का कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सड़क पर आवारा पशु मिले, तो खैर नहीं

■ प्रशासन का सख्त एक्शन, गोशाला भेजे गए पशु

■ जिलाधिकारी के निर्देश पर चला संयुक्त अभियान, पशु स्वामियों पर भी गिरी गाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** जनपद में अब सड़क पर आवारा पशु छोड़ना भारी पड़ सकता है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के सख्त निर्देशों के बाद प्रशासन ने सड़क सुरक्षा और गौ संरक्षण को लेकर आक्रामक रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। नगर पंचायत बनबसा और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने बनबसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतरकर कार्रवाई की।



अभियान के दौरान सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं को पकड़कर उनकी टैगिंग की गई और सीधे काला झाला गौशाला भेज दिया गया। इस कार्रवाई में कुल 6 आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जिससे सड़क हादसों की आशंका भी कम हुई।

प्रशासन यहीं नहीं रुका, खुले में पशु छोड़ने वाले लापरवाह स्वामियों पर भी शिकंजा कसा गया। दो पशु मालिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई कर स्पष्ट संदेश दे दिया गया कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिशासी अधिकारी दीपक बुदलाकोटी ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि सभी पशुपालक अपने पशुओं को घरों में बांधकर रखें।

यदि कोई पशु नगर क्षेत्र में आवारा घूमता मिला, तो संबंधित स्वामी के खिलाफ तत्काल चालान किया जाएगा। इस कार्रवाई में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. फरहीन ताहिर सहित नगर पंचायत की टीम के योगेश बेलवाल, नरेश, गिरीश कापड़ी और जगदीश चंद्र समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन के इस सख्त तेवर से साफ है, अब सड़क पर आवारा पशु दिखे तो कार्रवाई तय है।

# 11 लाख श्रद्धालु पहुंचे पूर्णागिरि

## फिर भी टनकपुर का बाजार सूना-व्यापारियों का फूटा गुस्सा

■ मेला यहां रुके, तभी बचेगी आजीविका

■ स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** एक ओर आस्था का सैलाब उमड़ रहा है, तो दूसरी ओर टनकपुर का बाजार सूना पड़ा है। प्रसिद्ध पूर्णागिरि माता मंदिर में इस वर्ष 1 महीने के भीतर लगभग 11 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, लेकिन इसका अपेक्षित लाभ टनकपुर के व्यापारियों को नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि अब स्थानीय व्यापारियों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है।




चार माह तक चलने वाले इस विशाल मेले पर टनकपुर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था टिकी रहती है। होटल व्यवसाय से लेकर छोटे-छोटे दुकानदार तक पूरे साल इस मेले का इंतजार करते हैं, लेकिन हालात निराशाजनक बने हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि श्रद्धालु सीधे मंदिर पहुंचकर वापस लौट जा रहे हैं, जिससे स्थानीय बाजार में ठहराव नहीं हो पा रहा। व्यापारियों ने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक मेले को टनकपुर में ठहराने की ठोस व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक क्षेत्र के कारोबार को बढ़ावा नहीं मिल सकता। उनका आरोप है कि प्रशासन और स्थानीय स्तर पर ठोस पहल की कमी के चलते यह स्थिति बनी हुई है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने और खरीदारी के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएं, तो न केवल व्यापार को गति मिलेगी बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

अब सवाल यह उठ रहा है कि जब लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं, तो आखिर टनकपुर का बाजार खाली क्यों है? व्यापारियों की नाराजगी अब आक्रामक रूप लेती जा रही है। आस्था और अर्थव्यवस्था के इस असंतुलन ने टनकपुर के व्यापारियों को झकझोर कर रख दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाता है।



गोविंद बल्लभ पंत फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि पूर्णागिरि मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए शाम में टनकपुर में ठहराव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि टैक्सी संचालन का रात्रि समय निर्धारित हो तथा रात 8 बजे के बाद मेले में रोक लगाई जाए, ताकि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिल सके।



टनकपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल ने पूर्णागिरि मेले के दौरान श्रद्धालुओं के टनकपुर में ठहराव को लेकर प्रशासन से ठोस व्यवस्था की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि रात्रि 8:00 बजे के बाद प्राइवेट वाहनों को टनकपुर में ही रोके जाने की व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय व्यापारियों को सीधा लाभ मिल सके। अग्रवाल ने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी एसडीएम अनुराग आर्य की मौजूदगी में होटल व्यवसायियों के साथ हुई बैठक में प्रमुखता से उठाया गया था, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है, जिससे व्यापारियों में निराशा बनी हुई है।



प्रशासन द्वारा मेले के शुभारंभ से पहले हुई बैठक में स्पष्ट रूप से यह तय किया गया था कि रात 8:00 बजे के बाद मेला संचालित नहीं होगा, लेकिन इस निर्णय का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि रात 8:00 बजे के बाद मेले को टनकपुर में ही रोका जाए, ताकि स्थानीय व्यापार को इसका लाभ मिल सके। संजय अग्रवाल (मगन बिहारी) वरिष्ठ व्यापारी टनकपुर चंपावत

# पुलिस ने हरियाणा से दबोचा ठगी का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** तीन सितंबर 2025 को कोतवाली पिथौरागढ़ क्षेत्र की एक महिला द्वारा तहरीर दी गई थी कि एक व्यक्ति ने जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर उनसे लगभग 12 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की है। इस संबंध में कोतवाली पिथौरागढ़ में अभियोग पंजीकृत किया गया।

मामले की जांच के दौरान उपनिरीक्षक जितेन्द्र सोराड़ी व का. उमेश चंद्र सती द्वारा सर्विलांस की मदद से अपर उपनिरीक्षक हेम चंद्र सिंह व का. कमल तुलेरा के सहयोग से अभियुक्त किशन कोहली निवासी सातशिलिंग को गुरुग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# नेपाल में बादल बाजपुरी सम्मानित 'साहित्य गौरव' से किया गया अलंकृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रगतिशील लेखक संघ की केंद्रीय समिति द्वारा नेपाल के दोधारा-चांदनी, महेंद्र नगर स्थित नगर निगम सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बाजपुर के युवा अंतर्राष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी को 'साहित्य गौरव' सम्मान से अलंकृत किया गया।

कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल मुख्य अतिथि तथा पूर्व उपप्रधानमंत्री ईश्वर पोखरेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में भारत एवं नेपाल के अनेक साहित्यकारों ने भाग लेकर साहित्यिक विचारों का आदान-प्रदान किया।

लंबे समय से साहित्य लेखन तथा भारत-नेपाल के बीच सांस्कृतिक व साहित्यिक सेतु बनाने में योगदान के लिए बादल बाजपुरी को यह सम्मान प्रदान किया गया।

उन्हें यह सम्मान प्रजापति नेगी (जिला अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ), डॉ. देवी क्षेत्री दुलाल (अध्यक्ष) एवं प्रदीप ज्ञावली (पूर्व मंत्री, नेपाल) द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। आयोजन का संयोजन एवं संचालन रमेश पंत 'मीत बंधु' और हेम बाबू लेखक ने किया।

कार्यक्रम में खीमानंद बड़ू, सृजना श्री, टेकराज, गंगा बिष्ट, चांदनी भट्ट, जगदीश ओझा, वीर बहादुर विश्राम, गंगा प्रसाद रिजाल सहित कई गणमान्य साहित्यकार मौजूद रहे।

# आईटीबीपी बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सहारा

■ बकरी-मुर्गी पालन को मिला बड़ा बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** क्षेत्र में विकास और रोजगार को नई दिशा देने वाला एक सफल मॉडल तेजी से सामने आ रहा है। उत्तराखंड के पशुपालन सचिव डॉ. पुरुषोत्तम और आईटीबीपी के पूर्व निदेशक संजय के बीच हुए नवाचार अनुबंध का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रही है।

आईटीबीपी की लोहाघाट स्थित 36वीं वाहिनी स्थानीय किसानों और पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। विशेष रूप से बकरी और मुर्गी पालन से जुड़े लोगों को अब एक स्थायी और भरोसेमंद बाजार मिल गया है, जहां उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल रहा है और उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। इसी क्रम में आज आईटीबीपी परिसर में करीब 600 किलो मुर्गियों की खरीद की गई। खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई, जिसमें पर्यावरण विभाग के पशु चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार द्वारा मुर्गियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



इसके बाद आईटीबीपी के नामित अधिकारियों और विजिलेंस टीम की मौजूदगी में बिक्री की प्रक्रिया पूरी की गई। इस पहल से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि अन्य लोग भी पशुपालन की ओर प्रेरित हो रहे हैं।

लोहाघाट में यह मॉडल ग्रामीण स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहा है।

# श्री शनि देव मंदिर में अष्टम पहर महानाम संकीर्तन में डूबे भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी वार्ड-35 स्थित श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में अष्टम पहर महानाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शिरकत कर संकीर्तन का आनंद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। ठुकराल ने कहा कि भक्ति और संकीर्तन से मन को शांति मिलती है और समाज में आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संकीर्तन के दौरान विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कार्यक्रम में कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पंडित शंकर चक्रवर्ती, पार्षद सरो राय, उत्तम अधिकारी, गणेश सरकार, चौताली मंडल, जयदेव मदक, गौतम मजूमदार, खगोपती विश्वास, विमल घरामी, सुशांत राय, गौतम घरामी, अजय राय, सपन मिस्त्री, अजीत मजूमदार, महादेव हाजरा, नारायण पाल, रंजन समोदर, अश्विनी राय, मानिक बर्मन, जतीश कराती, पीयूष हीरा, हरिश. चंद्र राय, विकास विश्वास, संजीत पाल, शंकर ढाली, शुभंकर बैरागी, मधु सरकार, शशांक चक्रवर्ती, मुदित सरकार



और गोबिंद सरकार आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पर्यटकों से भरी मिनी बस पलटी, तीन गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** रविवार को देर सांय नैनीताल से घूमकर लौट रहे पर्यटकों की मिनी बस के पलट जाने से कई पर्यटक घायल हो गए। कालाढूंगी के नैनीताल मार्ग में प्रिया बैंड के पास मोदी नगर गाजियाबाद निवासी पर्यटकों की मिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलने के बाद कालाढूंगी प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी, उप प्रभारी निरीक्षक पंकज जोशी समेत तमाम पुलिस कर्मी, कालाढूंगी प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मिनी बस में चालक समेत 17 पर्यटक सवार थे। जिसमें से तीन पर्यटकों के गंभीर घायल होने पर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। घायलों में देवेंद्र कुमार निवासी गाजियाबाद, कैलाश मोदी नगर, सतीश कुमार मोदीनगर गाजियाबाद वही अन्य लोगों को मामूली चोटे लगी थी जिन्हें कालाढूंगी में ही प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बता दें कि तीन दिन में यह तीसरा टेम्पो ट्रैवल पलटा है। जिसमें एक टेम्पो ट्रैवल तीन दिन पहले इससे 4 किमी मीटर पहले पहाड़ी से जा टकराई थी।

# अनुशासनहीनता पर आईजी सख्त

## लिया एक्शन: दरोगा, कांस्टेबल समेत 526 कार्मिकों के तबादले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व आईजी कुमाऊं डा. निलेश आनंद भरणे के बाद अब एक बार फिर कुमाऊं क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस बार फिर कुमाऊं आईजी



रिद्धिम अग्रवाल ने दरोगा और कांस्टेबल समेत कुल 526 पुलिसकर्मियों के तबादले किए हैं। इस तबादले में खास बात यह है कि इस बार आईजी द्वारा जारी किए गए आदेश में उन पुलिस कर्मियों के लिए बेहद सख्त लहजे का इस्तेमाल किया गया है, जो तबादलों के बाद भी अपनी जगह से हिलते नहीं है। आईजी द्वारा जारी की गई तबादला सूची में 23 दरोगा, 9 एएसआई, 92 हेड कांस्टेबल, 357 कांस्टेबल, 33 सीएपी, 6 सीएमटी और 6 एम स्टाफ शामिल हैं। जानकारी के अनुसार नैनीताल जिले में फिलहाल जरूरत के मुताबिक आधे दरोगा ही काम कर रहे हैं, और इनमें से कई छुट्टी पर रहते हैं। ऐसे में तबादला आदेश जारी होने के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि नैनीताल जिले में दरोगाओं की कमी को कुछ हद तक पूरा किया जा सकेगा। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत के एसएसपी को निर्देश दिया है कि वे 10 अप्रैल तक सभी दरोगाओं को उनके नए पदस्थापना स्थान पर कार्यमुक्त करें और इसकी रिपोर्ट शीघ्र ही उनके कार्यालय में भेजें। इस बार के इन बड़े तबादलों से यह स्पष्ट है कि आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कामकाजी दक्षता बढ़ाने और प्रशासनिक कार्यों में सुधार के लिए कड़े कदम उठाए हैं।

### जिला नहीं छोड़ने वाले दरोगा पर नाराज़गी

आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने पुराने जिलों को छोड़ने में नाकाम रहने वाले दरोगाओं से नाराजगी जताई है। दरअसल इन दरोगाओं पर पहले भी तबादला आदेश जारी किया जा चुका था, लेकिन वे अपनी नियुक्ति स्थलों पर कार्यमुक्त नहीं हो पाए। इसके चलते आईजी ने एसएसपी से यह सवाल उठाया है कि क्यों इन दरोगाओं को कार्यमुक्त नहीं किया गया। उन्होंने एसएसपी के रवैये पर भी नाराजगी जाहिर की और आदेश दिए कि यदि अब भी इन दरोगाओं को कार्यमुक्त नहीं किया गया, तो एसएसपी स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होंगे। अगर इन दरोगाओं ने निर्धारित तिथि तक अपने नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया, तो उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में वेतन रोकने के आदेश भी दिए जाएंगे।

### तबादला सूची में प्रमुख दरोगाओं के नाम

तबादला सूची के मुताबिक, जिन दरोगाओं को इधर से उधर भेजा गया है, उनमें से अल्मोड़ा से ऊधमसिंह नगर भेजे गए राजेंद्र कुमार, दिनेश नाथ, अवनीश कुमार, संजय जोशी, अजेंद्र प्रसाद, मीना आर्या चंपावत से ऊधमसिंह नगर भेजे गए निर्मल सिंह लटवाल, दिलवर सिंह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह कोरंगा, कैलाश चंद्र, जितेंद्र बिष्ट, चंपावत से नैनीताल भेजे गए लक्ष्मण सिंह जगवाण, भुवन चंद्र आर्य, देवनाथ, पिथौरागढ़ से ऊधमसिंह नगर भेजे गए अंबी राम, मनोज पांडेय, मदन सिंह बिष्ट, बसंत बल्लभ पंत, प्रदीप कुमार, बागेश्वर से नैनीताल भेजे गए मनवर सिंह, प्रताप सिंह नगरकोटी, विवेक कुछ प्रमुख नाम शामिल है।

## एक नजर

### नीति घाटी मैराथन में प्रतिभाग करेंगी ज्योति

**नैनीताल।** उत्तराखंड के चमोली जिले की नीति घाटी में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले 72 किलोमीटर की हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन



दौड़ का आयोजन होने जा रहा है जिसमें नैनीताल की महिला धावक ज्योति फर्त्याल प्रतिभाग करेगी। ज्योति फर्त्याल ने बताया कि इंटरनेशनल मैराथन टाटा मुंबई मैराथन में प्रतिभाग कर उत्तराखंड में छठा स्थान प्राप्त किया था और इंटरनेशन लेवल पर बेहतर प्रदर्शन किया जिसके बाद अब वह 30 मई 2026 को नीति घाटी में आयोजित होने वाली 72 किलोमीटर की हाई.एल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन दौड़ का में प्रतिभाग करेगी जिसके लिए उन्होंने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### वरिष्ठ सदस्य रावत को सेवानिवृति पर विदाई

**नैनीताल।** राजकीय वाहन चालक महासंघ की आम बैठक रविवार को महासंघ के भवन नैनीताल में आयोजित की गई जिसमें नैनीताल जिले के सभी वाहन चालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जिले के सीडीओ कार्यालयय में तैनात वाहन चालक हीरा सिंह रावत की सेवानिवृति पर उन्हें महासंघ परिवार की ओर से विदाई दी गयी। इस मौके पर सभी ने रावत के कार्यकाल व व्यवहारकुशलता की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। इससे पूर्व महासंघ के जिलाध्यक्ष रमेश लाल ने बीते 14 मार्च 2026 को महासंघ की प्रांतीय बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी महासंघ के पदाधिकारियों व सदस्यों को दी। बैठक में मोहन सिंह नयाल, गोपाल सिंह अधिकारी, सुनील गिरी, फरीद अहमद, उमेश कुड़ाई, भगवत सिंह बोरा, नासिर खान, हबीब खान, हेमन्त ध्यानी, भूपाल सिंह बोरा, दीपक अबदारी समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश लाल तथा संचालन जिला मंत्री मोहन सिंह नयाल द्वारा किया गया।

### नैनीताल में टैक्सी बाइकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से चल रही टैक्सी बाइकों के खिलाफ पुलिस ने रविवार को सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। दो दिन से जारी कार्रवाई में रविवार को कुल 13 वाहन सीज किए गए जबकि 115 वाहनों का चालान किया गया। बता दें नैनीताल में वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत टैकसी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध है इसके बावजूद लंबे समय से ये वाहन सड़कों पर दौड़ रहे थे। खासतौर पर मालरोड क्षेत्र में इनकी बढ़ती संख्या से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की। रविवार को तल्लीताल पुलिस ने यातायात नियमों का उलंघन करने पर 50 टैक्सी संचालकों के चालान किए और 6 वाहन सीज किए वहीं मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने 7 बाइकों को सीज करते हुए 25 चालान किए। इसके अलावा यातायात पुलिस ने भी 40 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। मामले में एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मुख्य मार्गो में जाम ने किया परेशान

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में पर्यटकों के साथ ही पर्यटकों की तादात बढने की वजह से नगर की माल रोड समेत कई मुख्य मार्गों में जाम लगने की वजह से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस को भी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सुबह से लेकर शाम तक खूब पसीना बहाना पड़ा।

## नैनीताल में होटल व होम स्टे पर्यटकों से पैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लगातार तीन दिन की छुट्टियों की वजह से नैनीताल में सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर के होटल और होम स्टे हुए पैक हो गए। सैलानी होटलों की तलाश में परेशान नजर आए। इस बीच कई सैलानियों को होटल न मिलने पर वापस अपने-अपने घरों को लौटने के लिए मजबूर हो गए। बता दें खाड़ी देशों में युद्ध के कारण नैनीताल में सैलानियों की आमद बढ़ी है। नैनीताल ही नहीं बल्कि समीपवर्ती पर्यटन स्थलों में भी सैलानियों की भीड़ पहुंची हुई है। नैनीताल में बीरवार की शाम से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार दिन तक जारी रहा। सैलानियों की इतनी भीड़ अप्रैल के पहले सप्ताह में कभी नहीं देखी गई। होटलों में जगह



नहीं मिलने से सैलानियों को समीपवर्ती पर्यटन स्थलों की शरण लेनी पड़ी। नैनीताल के समीपवर्ती पंगूट, मुक्तेश्वर, रामगढ़ तथा कैंची धाम, खुरपाताल तथा भीमताल और भवाली समेत अन्य पर्यटन स्थलों में अधिकांश होटल पैक रहे। होटलों ने फुल टैरिफ वसूला है। चार दिन में नगर में 25 हजार से अधिक सैलानियों के नैनीताल में पहुंचने का अनुमान है जबकि लगभग पांच हजार से अधिक वाहनों ने प्रवेश किया है। इस बीच स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, केव गार्डन, चिड़ियाघर समेत अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भीड़ रही। मालरोड भी पूरी तरह पर्यटकों से भरी रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद अधिक रहने की संभावना है।

### यात्रियों की बढ़ती भीड़ की वजह से परेशानी

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार की शाम को तल्लीताल रोडवेज बस स्टेशन में पर्यटकों के साथ ही अन्य यात्रियों की बढ़ती भीड़ की वजह से नैनीताल से हल्द्वानी को जाने वाले रोडवेज की बसों में सीट पाने के लिए सभी को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान शाम को चार बजे से ही स्टेशन में जो भी हल्द्वानी को बस गयी वह बिल्कुल पैक होकर ही गई।

## उत्तराखण्ड उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने अनुबंध का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड उपनल संविदा कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन भट्ट ने कहा कि उपनल कर्मचारियों ने कई वर्षों तक संघर्ष करके जो अधिकार प्राप्त किए हैं, यह नया अनुबंध उन्हें फिर से अस्थायी और असुरक्षित स्थिति में धकेलने का प्रयास है, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। संघ के सलाहकार मनोज जोशी ने कहा कि वर्ष 2018 से चल रही कानूनी लड़ाई का मुख्य उद्देश्य अनुबंध आधारित शोषणकारी व्यवस्था से मुक्ति प्राप्त करना था। लेकिन वर्तमान में जारी किया गया अनुबंध उसी शोषणकारी व्यवस्था को नए रूप में लागू करने का प्रयास है, जो पूरी तरह से न्याय की भावना के विपरीत है। प्रदेश कोषाध्यक्ष तेजा बिष्ट ने भी अनुबंध के आर्थिक पहलू पर चिंता व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बैठक में कड़े शब्दों में कहा कि उपनल कर्मचारियों का संघर्ष कई साल पुराना है, और 12 नवंबर 2018 के न्यायिक निर्णय के बाद भी उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय में इस मामले की सुनवाई जारी रही है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे संघर्ष के बाद 02 अप्रैल 2026 को जारी किया गया अनुबंध कर्मचारियों को लगभग आठ साल पहले की स्थिति में वापस ले जाने की एक साजिश प्रतीत होता है। बैठक में गणेश गोस्वामी, राकेश जोशी, मनोज गड़कोटी, प्रमोद गुसाई, नीतिन कुमार, विनोद बिष्ट, त्रिभुवन बसेड़ा, नरेश थपलियाल, अचल वर्मा, कमल गढ़िया, योगेश भाटिया, अनिल कोटियाल, संदीप कुमार थे।

## मंत्री राम सिंह कैड़ा ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** उत्तराखंड के शहरी विकास और जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद रविवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक के विभिन्न गाँव में पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं जनता ने उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि राज्य के विकास के लिए वह पूरी ताकत से काम करेंगे। विकास कार्यो को तेज करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। धारी ब्लॉक के धानाचुली, मानाघेर, तल्ली दिनी, चौरलेख तथा पहाड़पानी, धानारौली, जलना तथा नीलपहाडी आदि गाँवों के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व स्थानीय जनता ने स्वागत किया गया। मंत्री कैड़ा ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना। मंत्री कैड़ा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को कहा आज हुई ओला बृष्टि



से किसानों को काफी नुकशान हो गाया है किसानों के आडू तथा सेव तथा पुलम, नासपाति तथा मटर की फसल खत्म हो गई है, अधिकारियों को किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर बीमा कंपनी से किसानो को बीमा देने को कहा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उनपर जताये गये विश्वास पर खरा उतरने का व भरसक प्रयास करेंगे साथ ही मोदी सरकार धामी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। कैड़ा ने कहा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान हो इस दिशा में कार्य करने का प्रयास किया जायेगा।

### नैनीताल में गिरे ओले फिर झमाझम बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार की शाम को पहले ओलावृष्टि हुई उसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया। समाचार लिखे जाने तक बारिश जारी थी। बता दें नगर में मौसम का मिजाज सुबह से ही खराब रहा। बादलों ने आसमान को घेर रखा था जिस कारण बारिश के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन वर्षा नहीं हुई अलबत्ता ठंड पूरे दिन बनी रही। लोग गर्म ऊनी कपड़े पहनने को मजबूर हुए। शाम को ओलों की बरसात होने लगी साथ ही पानी भी बरसने लगा जिस कारण स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों की फजीहत हुई। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सांसद के आश्वासन पर खत्म नहीं होगा आंदोलन

### मंगोली में शराब की दुकानों के विरोध में आंदोलन यथावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के मंगोली क्षेत्र में प्रस्तावित दो शराब की दुकानों को लेकर विरोध तेज हो गया है, स्थानीय महिलाओं ने सरकार के फैसले के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है और अब आंदोलन उग्र रूप लेता दिखाई दे रहा है। आंदोलित महिलाओं का कहना है कि वह सांसद अजय भट्ट के आश्वासन पर आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। कहा कि जब तक सांसद उन्हें लिखित रूप में शराब की दुकानें न खोलने की बात करेंगे तभी आंदोलन खत्म होगा। बता दें मंगोली में अंग्रेजी और बजनू में देशी शराब की दुकान खुलने के विरोध में रविवार को आठवें दिन भी बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर सड़क पर उतरीं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र में शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। महिलाओं का कहना है कि इससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल बिगड़ेगा और युवाओं का भविष्य प्रभावित होगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही ग्राम प्रधान प्रेम मेहरा ने कहा कि यदि सरकार ने अपने निर्णय को वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद की ओर से दिए गए आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त नहीं किया जाएगा जब तक हमें लिखित रूप से पत्र नहीं दिया जाएगा तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में पहले से ही बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याएं गंभीर हैं ऐसे में शराब की दुकानें खोलना समाज को और नुकसान पहुंचाने वाला कदम है। उन्होंने सरकार से मांग की कि शराब की दुकानों के बजाय क्षेत्र में रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाए। इस दौरान नीमा कनवाल, पूजा आर्य, मंजू बिस्टानिया, मुकेश मेहर, सुशाल बिष्ट, जीवन नेगी, हंसी, गौरव गोस्वामी, प्रेमा मेहरा, कीर्ति आर्य, मोहिनी कनवाल तथा राधा रहीं।



## भाजपा के डा. आर्य ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता डा. भुवन चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधान सभा के तहत भीमताल



विकास खंड के कई गांवों का भ्रमण कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। इस दौरान उन्होंने सरकार की ओर से जन कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान डा. आर्य ने बेल नाईशीला बाना में स्थित चर्च परिसर में स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रताप सिंह नगरकोटी, बोरा गांव के ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बिष्ट, बेल के प्रधान ललिता मराडा व पूर्व ग्राम प्रधान मथुरा दत्त पांडे, दयाल, प्रदीप, सुरेश इंजोला, मुकेश उप्रेती, गोविंद सिंह रजवार, खीम सिंह रजवार, दान सिंह रजवार, हरीश सिंह रजवार, जीवंती देवी, बिमला उप्रेती, पार्वती समेत क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद उप्रेती समेत कई पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

## ग्राफिक ऐरा की हिल मैराथन में दौड़े देश-विदेश के धावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में हिल मैराथन 2.0 माइल्स फॉर स्माइल्स के रूप में एक रोमांचक एथलेटिक आयोजन का भव्य आयोजन किया गया। बता दें सुबह पहाड़ियों पर छाए बादलों के बीच यह आयोजन ऐसे शुरू हुआ मानो आसमान स्वयं इस विशेष अवसर का साक्षी बनने आया हो। पिछले वर्ष किए गए वादे को और अधिक जीवंत एवं समावेशी रूप में इस बार पूरा किया गया, जहां हिल मैराथन पूरे उत्साह के साथ प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भीमताल परिसर के निदेशक द्वारा 21 किमी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इसके पश्चात 7 बजे भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने 5 किमी दौड़ को रवाना किया वहीं रन




फॉर फन की शुरुआत प्रसिद्ध क्षेत्रीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बॉबी भाकुनी ने की। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर से शुरू हुई इस मैराथन में देश विदेश से आए प्रतिभागियों के साथ सेना वायुसेना व एनसीसी के प्रतिनिधि और विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग बिरंगी टी शर्ट्स में सजे धावक जब सुरमय पहाड़ी मार्गो पर दौड़े तो पूरा परिसर और नगर उत्साह से जीवंत हो उठा। हर सीटी और तालियों की गूंज ने धावकों में नई ऊर्जा का संचार किया वहीं घुड़सवारों और बाइक राइडर्स द्वारा मार्ग पर मैराथन के झंडे लहराते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया जिससे आयोजन और भी आकर्षक बन गया। यह खेल भावना ग्राफिक एरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डा. कमल घनशाला के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है जिनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले प्रभावशाली आयोजन निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। करीब 5 लाख की कुल पुरस्कार राशि के साथ यह मैराथन धैर्य और उत्साह का उत्सव बन गई जहां हर कदम पर रोमांच, पुरस्कार, मेडल, प्रमाणपत्र और प्रोत्साहन का अनुभव मिला। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों के लिए प्री इवेंट वार्म अप और उत्साहपूर्ण जुबा सत्र आयोजित किए गए जबकि प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं ने पूरे आयोजन में सुरक्षा सुनिश्चित की। खुले फीथिएटर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोरंजक गतिविधियों ने सभी को एक उत्सव में जोड़ दिया साथ ही इको कलब के सदस्यों ने पूरे मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर ने एक बार फिर क्षेत्रीय विकास और जनसहभागिता को सुदृढ़ करने में अग्रणी भूमिका निभाते हुए एक नई मिसाल कायम की।

**इन धावकों का रहा बोलबाला**-भीमताल। 21 किमी ओपन पुरुष वर्ग में केन्या के एसमंड चेपक्वोनी ने प्रथम जबकि भारतीय सेना के बिपिन जोशी ने द्वितीय और फारूक चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में अंजली ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि अर्पिता सैनी और उषा थ्वाल क्रमश: द्वितीय और तृतीय रहीं। 21 किमी वेटरन्स पुरुष वर्ग में समीर कोल्या, घनश्याम पांडे और नंदन सिंह विजेता रहे। महिला वर्ग में कृष्णा चौहान प्रथम स्थान पर रहीं जबकि दुर्गा पिरसाली और नीमा भंडारी ने क्रमश: द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5 किमी स्कूल बालक वर्ग में पुष्कर चंद ने प्रथम, हर्षित यादव ने द्वितीय और महेंद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रिया प्रथम, दीपा नेगी द्वितीय और उषा भंडारी तृतीय स्थान पर रहीं। 5 किमी ग्राफिक एरा छात्र वर्ग में लवकेश सिंह, रोहित सिंह और प्रथमेश मेहरा शीर्ष तीन स्थानों पर रहे। छात्रा वर्ग में प्रिया मेहरा ने प्रथम, अंशिका मेहता ने द्वितीय और तन्नू चंदोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि रन फॉर फन श्रेणी में मोहन आर्य, मोहित सिंह और बबीता बिष्ट को लॉटरी के माध्यम से विजेता चुना गया।

## दूरस्थ शिक्षा एक समावेशी शैक्षिक दृष्टि: प्रो. लोहनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक विरासत के लिए विश्वभर में विखयात है किंतु इसके साथ ही यह राज्य भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत चुनौतीपूर्ण भी है। ऊँचे-नीचे पर्वत, दूरस्थ एवं बिखरी हुई बस्तियाँ, सीमित परिवहन सुविधाएं तथा संसाधनों का असमान वितरण आदि कारक पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था के विस्तार में बाधा उत्पन्न करते हैं। ऐसे परिदृश्य में दूरस्थ शिक्षा न केवल एक विकल्प बल्कि एक सशक्त समाधान के रूप में उभरती है। दूरस्थ शिक्षा का मूल उद्देश्य शिक्षा को व्यक्ति तक पहुँचाना है ना कि व्यक्ति को शिक्षा के केंद्र तक सीमित रखना। उत्तराखंड जैसे राज्य में जहां अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल भौगोलिक दूरी और आर्थिक सीमाओं के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं वहां यह प्रणाली आशा की किरण बनकर सामने आती है। यह शिक्षा प्रणाली समय, स्थान और आयु की बाधाओं को समाप्त कर प्रत्येक



इच्छुक शिक्षार्थी को समान अवसर प्रदान करती है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का उद्देश्य भी इसी भावना को साकार करना है। हम निरंतर ऐसे प्रयास कर रहे हैं जिससे शिक्षा केवल डिग्री प्राप्ति का माध्यम न रहकर समाज के समग्र विकास का आधार बने। इसी दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म का विस्तार, स्थानीय अध्ययन केंद्रों की स्थापनाए रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का संचालन, क्षेत्रीय भाषा का प्रचार. प्रसार तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। हमारा यह भी मानना है कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर समाज के साथ एक जीवंत संवाद स्थापित करे। इसी उद्देश्य से स्कूलों एवं आम जनमानस को जोडने के लिए विभिन्न पहलें की जा रही हैं। प्रत्येक रविवार प्रात: मुख्य परिसर में आयोजित योग शिविर इस प्रयास का एक सशक्त उदाहरण है। इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के साथ स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। योग के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा रहा है बल्कि मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति का भी संवर्धन हो रहा है जो एक सशक्त और संतुलित समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय परिवार सभी इच्छुक नागरिकों का इस पहल में हार्दिक स्वागत करता है। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों एवं आमजन के साथ अधिक प्रभावी एवं आत्मीय संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय भाषाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तराखंड की समृद्ध लोकभाषाएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं बल्कि यहां की संस्कृति व परंपरा और सामाजिक चेतना की वाहक भी हैं। इसी दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का विश्वविद्यालय के कमयुनिटी रेडियो स्टेशन के माध्यम से कुमाऊँनी भाषा में प्रसारण किया जा रहा है जिससे स्थानीय श्रोताओं तक संदेश सहजता और आत्मीयता के साथ पहुँच सके। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा भी स्थानीय जनसमुदाय के साथ उनकी अपनी लोकभाषाओं में संवाद स्थापित करने की पहल की गई है। यह प्रयास न केवल संवाद को अधिक प्रभावी बना रहा है बल्कि शिक्षा और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम प्रयासरत हैं कि इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण करियर मार्गदर्शन मुहैया कराया जा सके। इस हेतु विश्वविद्यालय एक समर्पित कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग प्लेटफार्म विकसित करने की योजना बना रहा है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं मुहैया अवसरों के अनुरूप उचित दिशा प्रदान की जाएगी। आज के समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से परिवर्तित हो रहा है। तकनीकी प्रगति ने ज्ञान के प्रसार को अधिक सुलभ और व्यापक बना दिया है। ऐसे में दूरस्थ शिक्षा को और अधिक प्रभावी तथा गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उत्तराखंड का कोई भी नागरिक चाहे वह किसी भी दुर्गम क्षेत्र में कयों न रहता हो शिक्षा के अवसरों से वंचित न रहे। अंतत: हमारा विश्वास है कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से हम न केवल एक शिक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं बल्कि एक सशक्त तथा आत्मनिर्भर और जागरूक उत्तराखंड की नींव भी रख सकते हैं। यह केवल शिक्षा का विस्तार नहींए बल्कि सामाजिक परिवर्तन की एक सतत प्रक्रिया है जिसमें विश्वविद्यालय तथा विद्यार्थी और समाज सभी समान रूप से सहभागी हैं।

**प्रो. नवीन चंद्र लोहनी**
**( कुलपति उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय )**

## वैष्णवी बिष्ट ने झटका स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विगत दिनों महाराणा प्रताप स्टेडियम देहरादून में आयोजित 400 मीटर की दौड़ में वैष्णवी बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बता दें वैष्णवी वर्तमान में नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर नैनीताल में कक्षा 11वीं की छात्रा हैं।पढ़ाई के साथ खेलों में भी वह निरंतर



प्रगति कर रही हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी उनकी इस अहम कामयाबी पर गर्व व्यक्त किया है और कहा है कि वैष्णवी की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।वैष्णवी की इस कामयाबी के पीछे उनके कोच निखिल आर्य और निहारिका गुसाईं तथा स्कूल की प्रिंसिपल अनुपमा साह और सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। बैष्णवी की माने तो हमेशा से ही उनके प्रिंसिपल और शिक्षकों ने उनको बहुत समर्थन दिया है उनके योग्यदान और आशीर्वाद से वैष्णवी ने यहां तक का सफर तय किया है। उनके माता-पिता का भी विशेष योगदान है। उनके पिता संजय बिष्ट बिजनेस मैंन है और माता अनुभा बिष्ट सेंट जोसेफ कालेज में शिक्षिका हैं वह हमेशा बच्ची को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कठिन परिस्थितियों और खेल की चुनौतियों के बावजूद माता पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया। वैष्णवी का कहना है कि परिवार का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।वैष्णवी के परिवार की खेल परंपरा भी प्रेरणादायी रही है। उनके दादाजी सुरेंद्र सिंह बिष्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। दादाजी की खेल भावना और अनुशासन से प्रभावित होकर ही वैष्णवी ने खेलों में अपना करियर बनाने का संकल्प लिया। यही कारण है कि आज वे अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँची हैं। कोच निखिल आर्य ने कहा कि वैष्णवी की मेहनतए अनुशासन और निरंतर अभयास उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# आईपीएल - 12वां मैच, केकेआर को वापसी की तलाश

## कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आज पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 12वें मैच में यहां ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। दोनों टीमें इस मुकाबले में बिल्कुल अलग फॉर्म और आत्मविश्वास के स्तर के साथ उतर रही हैं।

केकेआर जहां वापसी की तलाश में होगी वहीं पंजाब किंग्स जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए इस सीजन की शुरुआत मुश्किल रही हैद्ध उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है और वे अंक तालिका में नीचे खिसक गए हैं। उनकी बैटिंग यूनिट ने अपनी क्षमता की झलक तो दिखाई है, लेकिन उसमें निरंतरता की कमी रही है। उम्मीद है कि कप्तान अजिक्य रहाणे टॉप ऑर्डर को स्थिरता प्रदान करेंगे। युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी अब तक टीम के लिए एक सकारात्मक पहलू रहे हैं, जबकि फिन एलन पावरप्ले में आक्रामक तेवर दिखाते हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें कैमरन ग्रीन, रिकू सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं, को एक मजबूत विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े और असरदार योगदान में बदलने की जरूरत होगी। केकेआर की गेंदबाजी आक्रमण को नियंत्रण बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा है, और वरुण चक्रवर्ती को अभी तक मिडिल ओवर्स में अपनी लय नहीं मिल पाई है। वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और ब्लेसिग मुजारबानी जैसे तेज गेंदबाज शुरुआती सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि सुनील नारायण और अनुकूल रॉय जैसे ऑलराउंडर टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। मनीष पांडे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम की बेंच स्ट्रेंथ और भी मजबूत हो जाती है। इसके विपरीत, पंजाब किंग्स ने लगातार जीत के साथ इस सीजन की जोरदार शुरुआत की है और टीम के सभी विभाग काफी संतुलित नजर आ रहे हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर अच्छी फॉर्म में हैं और केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी काफी शानदार रहा है, जिससे वह टीम की बैटिंग लाइनअप के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। ओपनर्स प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली ने टीम को ठोस शुरुआत दी है, जबकि मिडिल ऑर्डर में नेहल वढेरा, शशांक सिंह और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी टीम को गहराई और आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी भी काफी असरदार रहा है, जिसकी अगुवाई युजवेंद्र चहल कर रहे हैं। मिडिल ओवर्स में विकेट लेने की उनकी क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, विजयकुमार वैशाक और ऑलराउंडर मार्को जानसेन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो टीम के गेंदबाजी में विविधता और नियंत्रण दोनों लाते हैं। प्रियांश आर्य जैसे 'इम्पैक्ट प्लेयर्स' टीम की बेंच स्ट्रेंथ को और भी मजबूत बनाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित होगी। इस मैदान पर हाल के मैचों के रुझानों को देखते हुए, इस मैच में भी बड़े स्कोर बनने की पूरी संभावना है। रोशनी के नीचे ओस के कारण टीमों को पीछा करने में मदद मिल सकती है, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण कारक बन जाएगा, क्योंकि टीमें संभवतः पहले गेंदबा. जी करना पसंद करेंगी। कुल मिलाकर, प्रतियोगिता एक स्पष्ट विरोधाभास प्रस्तुत करती है: कोलकाता नाइट राइडर्स स्थिरता और सीजन की पहली जीत की तलाश में है, जबकि पंजाब किंग्स का लक्ष्य जीत की लय को आगे बढ़ाना और तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना है।





## मुश्किल दौर के बाद अपनी लैंथ पर बहुत काम किया: रवि बिश्नाई

**अहमदाबाद।** राजस्थान रायल्स (आरआर) गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कहा कि 2025 के मुश्किल दौर के बाद मैंने अपनी लेंथ, फिजिकल, तकनीकी और मानसिक पहलुओं पर बहुत काम किया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ शनिवार रात जीत के बाद बिश्नोई ने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब लेने के बाद कहा कि पिछला सीजन मुश्किल था।

लेकिन मैंने अपने प्रोसेस पर भरोसा रखा। मेरी एक कमजोरी थी कि अगर मेरी लेंथ ग़लत होती थी तो मुझे चौके और छक्के पड़ते थे। मैं उसी पर काम कर रहा था। मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर किया। सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। आज भी जब गेंद ज्यादा फुल हुई तो मुझे मार पड़ी। मानसिक, तकनीकी और फिजिकल, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया है। ऑफ सीजन में और मैचों के बीच भी मैंने फिटनेस पर बहुत मेहनत की है, कल मैच में बिश्नोई ने 11वें ओवर में साई सुदर्शन को आउट किया। फिर 13वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स और वॉशिगटन सुंदर को पवेलियन भेजा। 15वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया का विकेट लेकर स्पेल पूरा किया। फिलिप्स को छोड़कर उनके बाकी सभी शिकार बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। ग्राउंड के एक तरफ बाउंड्री बड़ी थी और उनके पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज थे, इसलिए मैं मिडल और लेग से गुगली डालने की कोशिश कर रहा था, जिससे उनके लिए लेग साइड की बड़ी बाउंड्री पार करना मुश्किल हो।

# मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ा हैदराबाद

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के साथ ही अब इस सीजन में 7 टीमों ने अपना खाता खोल लिया है। लखनऊ की 2 मैच में ये पहली जीत है, जबकि सनराइजर्स की 3 मैच में दूसरी हार है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी आईपीएल 2026 में अपना खाता खोल ही लिया है।

ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की। अपने घर में छोटे स्कोर वाले मुक. ाबले में हारने के बाद लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में शिकस्त दी। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के घातक स्पैल के दम पर सनराइजर्स को 156 रन पर रोकने के बाद लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के जुझारू अर्धशतक के दम पर आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद के



■ ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की, पंत ने आईपीएल सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया

राजीव गांधी स्टेडियम में रविवार 5 अप्रैल को 'डबल हेडर' के पहले मैच में लखनऊ ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ये जीत दर्ज की। पहले मैच की ही तरह लखनऊ के तेज गेंदबाजों ने एक बार फिर शुरुआती ओवर्स में ही बैटिंग टीम को बैकफुट पर धकेल दिया था। मोहम्मद शमी इस बार भी लखनऊ के बालिंग अटैक की जान रहे, जिन्होंने सिर्फ 7 गेंदों के अंदर ही हैदराबाद के दोनों विस्फोटक ओपनर, अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड, को पवेलियन लौटा दिया था। शमी ने लगातार 4 ओवर डाले और सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। शमी के अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव (2/34) और स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ (1/29) ने भी हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग को खुलने का मौका नहीं दिया, जिसके चलते टीम ने सिर्फ 26 रन तक 4 विकेट गंवा दिए थे। हालत ये थी कि शुरुआती 10 ओवर में ट्भ के स्कोर में सिर्फ 35 रन ही जुड़े थे, मगर ऐसे वक्त में हेनरिख क्लासन (62) और नीतीश कुमार रेड्डी (56) ने पारी को संभाला और काउंटर अटैक किया। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतक जमाते हुए 116 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। मगर आखिरी 2 ओवर में हैदराबाद सिर्फ 12 रन बना सकी और 4 विकेट गंवा दिए, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी की वापसी हुई और दोनों ने तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि मार्श जल्दी आउट हो गए लेकिन मार्करम (45) ने हमला जारी रखा और कप्तान पंत के साथ 40 रन की पार्टनरशिप की। मगर यहीं पर अचानक 2-3 विकेट गिर गए और जल्द ही स्कोर 105/4 हो गया। इस वक्त तक पंत खुलकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और अब्दुल समद के साथ मिलकर कुछ बाउंड्री बटोरकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इस दौरान पंत ने सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया। आखिरी ओवर में लखनऊ को 9 रन की जरूरत थी और लखनऊ के कप्तान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिलाई। पंत 50 गेंदों में 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस तरह लखनऊ इस सीजन में जीत दर्ज करने वाली 7वीं टीम बन गई।

## 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने विभिन्न गेम जोन में भाग लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**नई दिल्ली।** 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 68वें संस्करण में नियमित पांच किमी साइकिलिंग राइड के अलावा, विश्व स्वास्थ्य दिवस से दो दिन पहले, 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में शामिल हुए। आज यहां यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग पूल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में कई एक्टिविटी जोन में बैडमिटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिग चुनौतियां, और यहां तक कि कैरम, लूडो और सांप-सीढ़ी जैसे पुराने जमाने के इनडोर खेल भी शामिल थे।



आयुष मंत्रालय की 'योग 365' पहल के तहत एक विशेष योग परामर्श बूथ बनाया गया था, जहां प्रतिभागियों ने निर्देशित सत्रों और परामर्शों के माध्यम से तनाव कम कियाए वहीं, दिमागी कसरत के लिए 'स्मार्ट वॉल फिटनेस चैलेंज' और 'डाट्र्स स्टेशन' ने सभी आयु वर्ग के लोगों को खूब आकर्षित किया। दिल्ली की स्थानीय निवासी रितु शर्मा ने कहा कि मैं यहां सिर्फ साइकिल चलाने आई थी, लेकिन यह एक पूरे फिटनेस उत्सव जैसा लग रहा है। मेरे बच्चे बैडमिटन और टेबल टेनिस खेल रहे हैं, जबकि मैं योग कर रही हूं। यहां हर किसी के लिए कोई न कोई एक्टिविटी मौजूद है। इस आयोजन की सबसे खास बात थी भारत के स्वास्थ्य सेवा समुदाय की जबरदस्त भागीदारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में हाथ मिलाया। ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा जैसे साझेदारों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा और फिटनेस का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जिसने इस संदेश को और मजबूत किया कि बीमारियों से बचाव और सक्रिय जीवनशैली, दोनों पूरक हैं। डॉक्टर और नर्स को अक्सर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे आगे देखा जाता है।

## मैड्रिड में निकी का जलवा



**मैड्रिड (स्पेन)।** भारत के निकी कालियंडा पूनाचा और उनके जोड़ी थाईलैंड के प्रुच्य इसारो ने ओपन मेनोर्का 2026 टेनिस टूर्नामेंट में युगल का खिताब जीत लिया। क्ले कोर्ट पर खेले गए एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी से एक घंटे 20 मिनट में 6-3, से हरा दिया। पूनाचा और उनके थाई पार्टनर ने पहले सेट को जीतने के लिए पांचवें और नौवें गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़ी। जीत की लय को बरकरार रखते हुए, निकी कालियंडा पूनाचा और प्रुच्य इसारो ने अगले सेट के दूसरे गेम में भी बंथिया और डोंस्की की सर्विस तोड़ी, लेकिन अगले ही गेम में उन्हें तुरंत वापसी का मौका मिल गया।

## करनदीप कोचर इंटरनेशनल सीरीज में पांचवें स्थान पर रहे

**चिबा.जापान।** भारत के करनदीप कोचर ने रोमांचक चौथे राउंड में बर्डी की हैट्रिक लगाकर 2 मिलियन डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान में पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस स्मिथ ने रविवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में आखिरी होल पर ईगल लगाकर खिताब जीता।

उथल-पुथल भरे तीसरे राउंड के बाद कोचर आखिरी दिन बोगी-फ्री रहे और उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर टूर्नामेंट को 12-अंडर 272 के साथ खत्म किया, जो विजेता स्मिथ से तीन शॉट पीछे थे। इस बीच, स्मिथ का ड्रीम रन तब जारी रहा जब उन्होंने पार-फाइव 18वें होल पर ईगल पट लगाकर टूर्नामेंट को एक शॉट से शानदार तरीके से जीत लिया। टोक्यो के पास कैलेडोनियन



गोल्फ क्लब में एक शानदार फिनिश में, स्मिथ 20-फुटर शॉट मारकर थाईलैंड के पावित तांगकामोलप्रासर्ट और जापान के रयोसुके किनोशिता के साथ प्ले-ऑफ से बाल-बाल बच गए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के शानदार आखिरी पट में उन्होंने सात-अंडर- पार 64 का स्कोर किया और 15-अंडर पर पहुंच गए, जबकि पावित और किनोशिता दोनों क्लब हाउस में 14-अंडर पर थे। पावित और किनोशिता ने पहले ही टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 62 और 63 के शानदार राउंड शूट किए थे, और बहुत पीछे से आगे आए थे। पावित आखिरी ग्रुप से 10वें और किनोशिता छठे स्थान पर थे। कोरिया के होंगटेक किम और जापान के शुगो इमाहिरा ने दिन की शुरुआत लीड शेयर करते हुए की थी, लेकिन वे तय हो रही तेज रफ्तार के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए। किम ने 69 का स्कोर करके बराबरी पर पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि इमाहिरा ने 70 का स्कोर करके बराबरी पर सातवां स्थान हासिल किया। इवेंट द इंटरनेशनल सीरीज पर सीजन का ओपनिंग इवेंट है, और यह स्मिथ की सीरीज में पहली सफलता है - एशियन टूर पर इवेंट्स का अपर-टियर लेवल जो द इंटरनेशनल सीरीज रैंकिंग्स के जरिए लिव गोल्फ लीग का रास्ता दिखाता है।

# बीसीबी के तीन डायरेक्टर्स ने एक ही दिन में इस्तीफा देकर चौंकाया

■ फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को निर्णय के बारे की जानकारी दी जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद कदम उठाया

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के तीन डायरेक्टर फैजुर रहमान, शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने लंबी चली बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

शनिवार को ढाका में हुई लंबी बोर्ड बैठक के बाद कुछ ही घंटों में बीसीबी के तीन डायरेक्टरों ने इस्तीफी दे दिया। फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को अपने निर्णय के बारे की जानकारी दी, जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद यही कदम उठाया। इस तरह बीसीबी चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले डायरेक्टरों की संख्या छह हो गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बैठक में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से फैजुर, तनीम और चौधरी ने यह फैसला लिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने की, जबकि अस्वस्थ होने के कारण उपाध्यक्ष फारूक अहमद ऑनलाइन जुड़े। बैठक के बाद नए मीडिया चेयरमैन मोहम्मद मुखसेदुल कमाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें फैजुर के पद छोड़ने की जानकारी मीडिया से मिली। अन्य दो डायरेक्टरों ने संवाददाता सम्मेलन के बाद इस्तीफा दिया। कमाल ने कहा, ष्हमने बोर्ड में इस पर चर्चा नहीं की। जिन्होंने इस्तीफा दिया, उन्होंने निजी कारण बताए हैं। यह उनका व्यक्तिगत फ़ैसला है। जिनका आप जिक्र कर रहे हैं द्धफैजुरत्र्, वे बैठक में हमारे साथ मौजूद थे। हमें बैठक के बाद उनके इस्तीफे की खबर मिली।ष फैजुर क्रिकेट कमेटी ऑफ ढाका मेट्रोपोलिस के उपाध्यक्ष थे। हाल ही में उन्होंने बीसीबी की लीग्स को सही तरीके से चलाने में कमी पर खुलकर सवाल उठा चुके थे।

सरकार फिलहाल पिछले साल अक्तूबर में हुए बीसीबी चुनावों की जांच कर रही है, और इस पर बनी समिति अगले हफ्ते अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। खेल मंत्री अमीनुल हक़ ने यह भी कहा है कि वह यह जांच करवाना चाहते हैं कि बंगलादेश इस साल भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप में क्यों हिस्सा नहीं ले सका। पिछले हफ्ते संसद सत्र में उन्होंने बीसीबी में राजनीतिक पक्षपात के आरोपों की भी जांच कराने की बात कही।

## बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संवैधानिक संशोधन जरूरी: जांच समिति

**ढाका।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के 2025 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए बनाई गई पांच-सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एकेएम असदुज्जमां ने रविवार को कहा कि उन्होंने बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है।

यहां रिपोर्ट जमा करने के बाद एनएससी परिसर में पत्रकारों से बातचीत में असदुज्जमां ने कहा, ष्जैसा कि आप जानते हैं, हम आज यहां इसलिए आए हैं क्योंकि हमें एक जांच का काम सौंपा गया था। हमने अपनी जांच पूरी कर ली




है और आज रिपोर्ट जमा करने आए हैं। हमने इसे आधिकारिक तौर पर सौंप दिया है।ष उन्होंने कहा, ष्हमने पूरी प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह से निष्पक्ष रहने का प्रयास किया। हमने उन सभी लोगों से पूछताछ की, जिनका हमें इसमें कोई भी हाथ लगा। हमें जो भी पता चला, उसके आधार पर हमने बिना किसी बेबुनियाद आरोप के, एक संक्षिप्त और निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार की है। हमने चुनाव से जुड़ी अपनी टिप्पणियों को ठीक वैसे ही बताया है, जैसा हमने उन्हें पाया। जब आप रिपोर्ट देखेंगे, तो आपको सारी बातें समझ आ जाएंगीद्ध हमने किसी खास व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया पर अपनी निष्पक्ष टिप्पणियां और सुझाव दिए हैं।ष उन्होंने कहा कि अभी इस द्धरिपोर्टत्र् पर टिप्पणी करना मेरे लिए सही नहीं होगा। हमने रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। वे इसकी समीक्षा करेंगे और जरूरी जानक. ारी सार्वजनिक करेंगे। मैं फिर से इस बात पर जोर देना चाहूंगा: हम कोई अदालत नहीं हैं। हम वहां किसी पर आरोप लगाने या धारा 432 जैसी आपराधिक सुनवाई की प्रक्रिया का पालन करने के लिए नहीं गए थे। यह हमारा काम नहीं था। हमने यह जांच करने के लिए एक पड़ताल की कि क्या कानूनी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन किया गया था। हमने किसी पर भी 'आरोप' नहीं लगाया। हमने व्यवस्था के बारे में बताया कि क्या हुआ और क्या नहीं।

# 2027 विस चुनाव : हरदा की नाराजगी पड़ सकती है कांग्रेस पर भारी

## कड़वा सच : गुटबाजी, नेतृत्व संकट, जनाधार व सियासी मफाद के बीच उलझी कांग्रेस

अख्तर मालिक

**रुड़की।** 2027 विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है सत्ताधारी दल दोबारा से सत्ता में आने के लिए हर मुमकिन जोडतोड व हथकंडा अपनाकर चुनावी अभियान शुरू कर चुकी हैं। वहीं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस आपसी गुटबाजी, नेतृत्व संकट, जनाधार व सियासी मफाद के बीच उलझी हुई दिखाई दे रही है। कुल मिलाकर कांग्रेस में आपसी खींचतान चरम पर है। और पूर्व सीएम हरीश रावत को लेकर कांग्रेस में खुलकर गुटबाजी हो रही है।



पर कांग्रेस की एक असल हकीकत यह भी है कि राज्य में आज भी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जैसा कद्दावर नेता कांग्रेस के पास कोई दूसरा नहीं है ऐसे में अगर पार्टी हाई कमान ने राज्य के आला नेताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में न उतारा तो यह भी तय की हरदा की नाराजगी कांग्रेस को भारी पड़ सकता है। क्योंकि हरीश रावत भले ही अपना चुनाव नहीं जीत पाए हो लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि वह दूसरों को चुनाव हराने के माहिर खिलाडी हैं। और दूसरी जमीनी हकीकत यह भी है कि हरीश रावत भले ही अब उम्र दराज हो गए हो लेकिन आज भी सूबे में कुछ लोग उनके दीवाने हैं और शहर देहात व पलेन से पहाड तक उनके वफादार हैं और उनके साथ खडे हैं। इसलिए अगर कांग्रेस नेताओं ने हरीश रावत को किनारे करके चुनाव मैदान में उतरने की कोशिश की तो इसका खामियाजा राज्य कांग्रेस को हर हाल में भुगतना पड़ेगा सकता है। गौर तलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत फिलहाल राज्य के सबसे उम्रदराज नेताओं में ही शुमार हैं लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि हरीश रावत आज भी राज्य में कांग्रेस के सभी नेताओं के मुकाबले सबसे मजबूत जन आधार वाले लोकप्रिय नेताओं में शुमार है। क्योकि हरीश रावत ने प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए मैदान से पहाड तक की पगडंडियों को नाम डाला। और लोगों के बीच जाकर सीधा संवाद बनाकर रखा। जो शायद राज्य का कोई कांग्रेस नेता नहीं कर पाया। वहीं हरीश रावत ने सीएम रहते हुए भी भले ही अपने वफादार लोगों को केवल लीपोप दिया और अपनों का कभी भला नहीं किया लेकिन हरीश रावत की खूबी रही के अपने लोगों को उम्मीद के सहारे ही अपने से जोडे रखा।

❖हरदा भले ही उम्रदराज हो गए हों पर पर राज्य में अभी कांग्रेस के सबसे लोकप्रिय व मजबूत नेता

❖पूर्व सीएम भले ही खुद न जीत पाए पर दूसरों को हराने के हैं माहिर खिलाड़ी

खासकर हरिद्वार जनपद में कांग्रेस के अन्य नेताओं के मुकाबले हरीश रावत का वजूद उन सब के मुकाबले बहुत बड़ा है यह भी एक जमीन हकीकत है कि कांग्रेस में भले ही आज बहुत नेता अपने आप को कद्दावर समझते हो लेकिन जनपद हरिद्वार में कांग्रेस में हरीश रावत के मुकाबले कोई दूसरा नेता नहीं है हरदा के पास आज भी बड़ी तादाद में नेता कार्यकर्ताओं की फौज है। कांग्रेस के पास हरिद्वार में केवल हरदा ही एक चेहरा है कि जो कभी भी कहीं भी खडा हो जाये तो पीछे हर तबके लोग खडे हो जाएंगे। हालांकि हरदा ने हरिद्वार वालों को भी आज तक कुछ नहीं दिया है लेकिन फिर भी हरिद्वार के हर तरफ कोने में उसके अपने कुछ वफादार नेता कार्यकर्ता हैं। और हरिद्वार जनपद में खासकर विधानसभा की सीटों की जीत का अंतर भी नजदीक का रहा है। जहां हरदा अगर चाहे तो अपनी इस फौज के जरिये प्रत्याशियों को अगर जिता न पाये तो हराने का काम जरूर कर सकते हैं इसलिए हरदा की नाराजगी कांग्रेस पर भारी पड सकती है।

### फितरत : हरीश किसी के सगे नहीं और अपनों को भी कभी कुछ दिया नहीं

अख्तर मालिक

**रुड़की।** अब अगर हरीश रावत की फितरत या कार्य शैली की बात करें तो यह कहा जा सकता है कि हरीश रावत किसी के भी सगे नहीं हैं और अपनो वफादारों को भी सिवाय लोलीपाप के कुछ दिया नहीं हैं।

हरीश रावत के राज्यभर में बडी तादाद में वफादार नेता हैं जो हमेशा से हरदा के प्रति वफादार रहकर उम्मीद के सहारे उनके साथ खडे हैं लेकिन हरदा अगर सीएम भी भी रहे तो हरदा ने अपने ही वफादारों का कभी भला नहीं सोचा दूसरों को जरूर कुछ न कुछ थमाते रहे और यही वजह रही कि हरीश रावत का साथ ऐसे बहुत वफादार मजबूत जनाधार वाले नेताओं ने छोड दिया जो कांग्रेस के हमेशा वफादार रहे लेकिन हरीश रावत ने कभी वफादारों की कद्र नहीं की। न हीं उन्हें सम्मान दिया। लेकिन न जाने क्यों फिर भी उनके कुछ वफादार नेता कार्यकर्ता आज भी उनके साथ पूरी तरह वफादार हैं ईमानदारी से उनके हैं। हरीश रावत की दूसरी खास बात यरही कि उन्होंने हमेशा अपने वफादारी को ही निचोड़ा है कभी अपने वफादारों को और वफादार बनाने की कोशिश नहीं की है। हाथ में सब कुछ होते हुए उन्होंने अपने वफादरों को दिलाया या लॉलीपॉप दिया है ओर यही वजह रही कि हरीश रावत के बहुत वफादारों ने उनसे दूसरी बना ली।

लेकिन अब 2027 का आगाज हुआ तो हरदा फिर अपनी आखरी सियासी पारी खेलने के लिए फिर से फुल फलेश मैदान में आने के लिए जोड तोड करने लगे हैं भले ही प्रदेश के अन्य नेता एकजुट होकर हरदा को घेरकर उन्हे किनारे करने लगे हैं लेकिन हरीश रावत अपनी आदद के मुताबिक चुपचाप अपनों को एकजुट कर फिर से अपने आपको एक मजबूत योधा के तौर खडा करने की जोड तोड में जुटे हैं।

## एक बाइक चोर गिरफ्तार पुलिस ने बाइक की बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा एक बाइक चोर गिरफ्तार कर लिया हैं उसके पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 03.04.26 को वादी मोहतसीन पुत्र गुलजार निवासी इस्लामनगर रुड़की के द्वारा अपनी मोटरसाइकिल ना17 वी 7454 चोरी करने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर तहरीर सूचना दी गई जिसके आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 109/26 धारा 303 (2) बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक आनंद मेहरा के सुपुर्द की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया पुलिस टीम के द्वारा पता रसी सुराग रसी एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्त इस्माइल पुत्र जमशेद निवासी इस्लामनगर रुड़की कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को नहर पटरी रुड़की से चोरी किए गए मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## हरदा ने फुरकान विधायक के घर जाकर दी ईद की बधाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से विजयी हो कर सरकार बनाएगी।पीरान कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद के रामपुर स्थित निवास पर ईद की शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा जनता में भ्रम फैला कर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है और कांग्रेस में मतभेद की झूटी खबरें फैला कर कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ना चाहती है,जिसमें उसे कामयाब नहीं मिलेगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है और रहेगी।इस अवसर पर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कार्यकताओं के साथ उनका स्वागत किया।विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि हरीश रावत कांग्रेस के भीष्म पितामह है और इनकी सेवाओं को प्रदेश व देश का नेतृत्व मानता है।युवा कांग्रेस नेता प्रणय प्रताप सिंह ने हरीश रावत का स्वागत करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी,वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंवर जावेद इकबाल एवं मास्टर मोहम्मद उस्मान के आवास पर भी पहुंचे,जहां उन्होंने ईद की मुबारकबाद दी।इस अवसर पर मेलराम प्रजापति राव आफाक अली,सुभाष सैनी, सेठपाल परमार किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष,श्रवण गोस्वामी,नसीर प्रवेज,भानु प्रताप आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पुलिस ने 5 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** विशु वर्धधाना राव स्टेशन हेडक्वार्टर रुड़की हरिद्वार के द्वारा सतपाल सिंह पुत्र हरफूल सिंह निवासी 442 आवास विकास रुड़की कोतवाली गंगनगर जनपद हरिद्वार के विरुद्ध 383438 रुपए का गवन करने के संबंध में कोतवाली रुड़की में मुकदमा अपराध संख्या 294/24 धारा 409 भादवि पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक ध्वजवीर पवार के द्वारा संपादित की जा रही थी उक्त अभियुक्त वर्ष 2024 से फरार चल रहा था जो कोतवाली रुड़की 5000 रु0 का इनामी फरार अभियुक्त है प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के द्वारा इनामी /फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उप निरीक्षक ध्वजवीर पवार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा इनामी/फरार अभियुक्त सतपाल सिंह उपरोक्त को सिक्का किमाया आईआईटी पार्क शास्त्रधारा रोड देहरादून से गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। 'गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सतपाल सिंह पुत्र हरफूल सिंह निवासी 442 आवास विकास रुड़की कोतवाली गंगानगर हाल निवासी फ्लैट नंबर 506 सिक्का किमाया आईआईटी पार्क शास्त्रधारा रोड देहरादून है।

## सड़क हादसे में एक की मौत दो घायल, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** क्षेत्र में डंपर से हुए सड़क हादसे में एक की मौत दो के गंभीर होने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सहारनपुर के थाना देवबंद ग्राम खेड़ा मुगल निवासी जावेद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे शहजाद के साथ मंगलौर से बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वे झबरेड़ा में किसान चौक से थोड़ा पहले पहुंचे, तभी गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने लापरवाही से उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और डंपर सहित मौके से फरार हो गया था। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया।, शहजाद की मौत हो गई थी। वहीं, जावेद का इलाज रुड़की के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। भाई के सुपुर्द-ए-खाक और इलाज के बाद पीड़ित जावेद ने 4 अप्रैल को झबरेड़ा थाने में आरोपित डंपर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** कोतवाली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोतवाली के पुलिसकर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने लोगों को रक्तदान के फायदे भी बताएं। कोतवाली लक्सर पर भगीरथ प्रयास संस्था के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोतवाली लक्सर में नियुक्त पुलिसकर्मियों व क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीओ लक्सर द्वारा उपस्थित जन को रक्तदान के फायदे से भी अवगत कराया गया।

## समाज व देश के लिए शिक्षा जरूरी: अंकुश राज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की** शहर में रविवार को महर्षि कश्यप जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इसको लेकर शहर में धूमधाम से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों की थाप, बैंड-बाजों की मधुर धुन और केसरिया झंडों ने शहर को भक्तिमय बना दिया। सुंदर झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया। बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा के साथ चले।

शोभायात्रा का शुभारंभ पश्चिमी अंबर तालाब स्थित कश्यप समाज धर्मशाला से विधि-विधान के साथ हुआ। यहां से शुरू हुई यात्रा सिविल लाइंस, मुख्य बाजार, नगर निगम रोड और बीटी गंज होते हुए गंगनहर के स्थित महर्षि कश्यप घाट पहुंची। यात्रा के दौरान सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र विभिन्न पौराणिक प्रसंगों पर आधारित सजीव झांकियां रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा के करनाल (इंद्री) से विधायक रामकुमार कश्यप व समाजसेवी एवं कश्यप समाज के युवा नेता अंकुश राज ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। लोग नाते गाते शोभायात्रा के साथ चले। गंगनहर के महर्षि कश्यप घाट पर पहुंचकर यात्रा सभा के रूप में बदल गई। सभा में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति का एकमात्र मार्ग शिक्षा है। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों और संस्कृति से रूबरू कराते हैं, लेकिन हमें संकल्प लेना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षित और संस्कारवान बनाएं। कहा कि कश्यप समाज का उत्तराखंड के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अहम योगदान है। नगर निगम की मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि युवाओं की भारी भागीदारी यह बताती है कि नई पीढ़ी अपनी परंपराओं को सहेजने के प्रति जागरूक है। युवा नेता अंकुश राज ने युवाओं को देश, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी समझ में देश के विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है।इस मौके पर दर्जा प्राप्त शोभाराम प्रजापति, अरविंद कश्यप, नवीन जैन, सौरभ सिंघल, राकेश गर्ग, राजीव कश्यप और संजय कश्यप आदि मौजूद रहे।



## रोटरी क्लब ने निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**रुड़की।** रुड़की में रोटरी क्लब ऑफ रुड़की मिडटाउन एवं मेदांता अस्पताल नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भार्गव नर्सिंग होम में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां निशुल्क प्रदान की गईं। आयोजन में रोटरी क्लब के सदस्यों एवं चिकित्सा टीम का सराहनीय योगदान रहा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता जताई।

## हाईकोर्ट के आदेश पर तीसरी बार पैमाइश, फिर भी अवैध कब्जे बरकरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** उच्च न्यायालय नैनीताल के सख्त रुख के बावजूद लक्सर तहसील के अब्दिपुर गांव में अवैध कब्जों का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। तहसील प्रशासन की टीम ने आज तीसरी बार गांव में पैमाइश की, लेकिन शिकायतकर्ता और वन विभाग दोनों ही कार्रवाई से असंतुष्ट नजर आ रहे हैंमामले की मुख्य बातेंलगातार तीसरी पैमाइश: 26 फरवरी और 27 मार्च के बाद आज 1 अप्रैल को तीसरी बार राजस्व विभाग की टीम पैमाइश करने पहुँचीअवैध कब्जा जारी: शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार का आरोप है कि पैमाइश के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है बंजर और वन विभाग की भूमि पर अभी भी अवैध कब्जे बरकरार हैंफसल का खेल: आरोप है कि पहले अवैध रूप से लाखों के पॉपुलर और गन्ना काटे गए, और अब अधिकारी अवैध कब्जे वाली गेहूं की फसल कटने का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों का पक्षराजस्व विभाग के कानूनगो अनिल गुप्ता ने बताया कि सभी नंबरों को चिन्हित कर लिया गया है। जिन लोगों ने अवैध कब्जा कर गन्ना या गेहूं बोया है, उनकी सूची तैयार कर आज ही उप जिलाधिकारी (क्ड) लक्सर को भेज दी जाएगी। आगामी कार्रवाई क्ड के आदेशानुसार होगीवहीं, वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र गिरी ने तहसील प्रशासन पर असहयोग का आरोप लगाते हुए कहा:राजस्व टीम ने अभी तक वन विभाग की भूमि की स्पष्ट हदबंदी नहीं बताई है। जैसे ही हमें हमारी जमीन सौंप दी जाएगी, हम तुरंत कब्जा लेकर उसे सुरक्षित करेंगे शिकायतकर्ता की हताशाशिकायतकर्ता का कहना है कि प्रशासन केवल कोर्ट के दबाव में पैमाइश का नाटक कर रहा है।

## रेलवे स्टेशन लक्सर पर चला चेकिंग अभियान

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु टीम द्वारा रेलवे स्टेशन लक्सर परिसर में सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ठवे टीम द्वारा स्टेशन परिसर, यात्री डिब्बों में, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, पार्किंग स्थल एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में गहन जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध वस्तुओं/लावारिस सामान की विशेष रूप से जांच करते हुए अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। टीम द्वारा यात्रियों को भी सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। चौकिंग अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई।

## प्रधनमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को लेकर कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** केंद्र सरकार द्वारा आरंभ की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से जुड़ी जानकारी के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा लघु उद्योग भारती रुड़की और रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के माध्यम से कार्यशाला रामनगर औद्योगिक क्षेत्र रुड़की में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से जुड़ी जानकारी जिसके अंतर्गत 1अगस्त 2025 के पश्चात नए युवाओं को अपनी औद्योगिक इकाई में रोजगार देने पर श्रमिक और उद्यमी दोनों को केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की माध्यम से छूट दिए जाने का प्रावधान है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने उद्यमियों को अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाकर युवाओं को इस योजना के माध्यम से रोजगार देने का निवेदन किया। कार्यशाला में केतन भारद्वाज, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, वीरेंद्र शुक्ल, महामंत्री, लघु उद्योग शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय शायर अफजल मंगलौर को मिला सर्वोच्च उर्दू साहित्य पुरस्कार उत्तराखंड गौरव सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बीएसएम डिग्री कॉलेज के शिक्षक व अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलौरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश का सर्वोच्च उर्दू साहित्य पुरस्कार ष्उत्तराखंड गौरव सम्मान-2025ष मिलने पर कालेज के शिक्षकों द्वारा स्नेह मिलन सत्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अफजल मंगलौरी ने कहा कि आज तक जो भी सम्मान मुझे मिले हैं,उनके लिए मैं अपने सरंक्षक स्व० पंडित मनोहर लाल शर्मा की प्रेरणा,मार्गदर्शन व संरक्षण को अपना आदर्श मानता हूँ।उन्होंने कहा कि बीएसएम कालेज मेरी कर्मभूमि,प्रेरणा धरती व रचनात्मक धरा है,यहीं से मेरे जीवन को आदरणीय गुरुजनों के आशीर्वाद और उत्साहवर्धन से पूरे विश्व मे पहचान मिली।उन्होंने सर्वप्रथम बाबू पंडित मनोहर लाल शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।अफजल मंगलौरी ने कहा कि बाबू जी ने अपना समस्त जीवन शिक्षा सेवा,समाजसेवा व जनकल्याण में व्यतीत किया और उन्होंने हजारों छात्रों के जीवन में शिक्षा की रोशनी देकर उनके जीवन को सफल बनाया।उन्होंने कहा कि बीएसएम शिक्षण संस्थान को जो आज पूरे प्रदेश में बुलन्दी मिली है,उसमें बाबू जी का बड़ा योगदान है।

अफजल मंगलौरी को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान मिलने पर संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट पंडित ममतेश शर्मा व निदेशक एडवोकेट पंडित रजनीश शर्मा ने भी बधाई दी।इस अवसर पर प्रोफेसर भरत अरोरा,संजय धीमान,अनिल धीमान,डॉ०दीपक डोभाल,अजय राजवंशी,डॉ०सुष्मिता पन्त,सविता सैनी,शाइना मलिक,डॉ०सुनीता रानी,डॉ०राकेश पांडेय,डॉ०प्रवीण शर्मा,सुमन सती,डॉ०संतोष कुमार,विवेक कुमार, मेहनाज,सचिन कुमार,प्रोफेसर दीपक मिश्रा,प्रोफेसर रचना सैनी,विवेक कुमार,अजय कुमार,विजय मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## सिविल पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ''ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025'' के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/हेरोइन/चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में एस0एस0पी0 महोदय हरिद्वार द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के तहत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है, आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी रूडकी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अलग-अलग टास्क दिये गये है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, उक्त क्रम में दिनांक- 04.04.2025 को उ0नि0 चन्द्र मोहन सिह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति आरिफ पुत्र सैय्याद निवासी खेमपुर लण्ढौरा थाना कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार उम्र 25 वर्ष को 10.87 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार करने मे कामयाबी हासिल की, अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली रूडकी पर मु0अ0स0 111-2026 धारा 8/21/29 छक्चै ।बज का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को न्यायालय समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-आरिफ पुत्र सैय्याद निवासी खेमपुर लण्ढौरा थाना कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार उम्र 25 वर्ष फरार अभियुक्त का विवरण-साहिब पुत्र मुशरफ निवासी ग्राम बिजौली कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार है।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# खतरनाक मोड़

अमेरिका-इस्राईल और ईरान संघर्ष अब सैन्य ठिकानों से आगे बढ़कर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों तक पहुंच गया है। पुल, रिफाइनरी और गैस सुविधाओं को निशाना बनाने से वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। होर्मुज स्ट्रेट संकट से तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक महंगाई - मंदी का खतरा बढ़ गया है, जबकि शांति प्रयास जारी हैं। अमे. रिका-इस्राईल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और यूएई में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा, लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20 प्रतिशत ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं, लेकिन अगर एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे। कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल-गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल-काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है। वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की, लेकिन अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है। इसमें गड़बड़ी से मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी, जिसका असर भी दिखने लगा है। होर्मुज को खुलवाने के लिए कई देश मिलकर प्रयास कर रहे हैं। यह तो जरूरी है ही, जल्द ही यह युद्ध भी रुकना चाहिए।

## सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती



पहले जनगणना कराई जाए, फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए, जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा, अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है, महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है, आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है, तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं, इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है, जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे, तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प व नेतन्याहू





तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गए बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फजीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राजधानी के सबसे ऊंचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस निर्माणाधीन हाईराइज ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुए लिखा कि डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुखघ नहीं बदला तो उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था। ट्रंप ने इस हमले को अमेरिकी सेना की ताकत का छोटा नमूना बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरुआत में 28 फरवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्एबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिक. ांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाखाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे युद्ध अपराध करार दिया गया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाकों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यत: नहीं किए जा सकते। यह युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों, सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना जरूरी है, परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्राइल को भी न तो मानवीय कानून की फिक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिए अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गजा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहां तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुए युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालांकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्राइली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22-23 लाख की आबादी वाले इस इलाके में 19 लाख से ज्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज्यादा लोग अस्थाई विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के घर-मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाकों, स्कूल्स, बाजार, अस्पताल, स्कूल यहां तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गई हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के खिलाफ अपराध, हत्या, उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे यहूदी-विरोधी तथा राजनीतिक साजिश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है। इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को श्पाषाण युगश में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिए। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आखिर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुए क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाए अपने इस्तीफे दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं और आज ईरान की ताकत व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाजा किए बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका जिम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि -अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज्यादा मजबूती के साथ बनाया जाएगा परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पाएगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुकसान।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत खतरे को नकारें। राष्ट्रपति पेजे. श्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच अमेरिका फर्स्ट को आगे रख रहा है या फिर वह केवल इजरायल के लिए एक प्रॉक्सी के तौर पर काम कर रहा है? पेजेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है, परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बोर्ड परीक्षा पूरी कहानी नहीं, जीवन का एक अध्याय

**हर बच्चा डॉक्टर, इंजी. नियर या सरकारी अधिकारी बनने के लिए नहीं बना होता। कोई चित्रकला में अच्छा होता है, कोई खेल में, कोई लेखन में, तो कोई तकनीक या व्यवसाय में। यदि बच्चा किसी अलग क्षेत्रा में रूचि दिखाता है, तो उसे कमजोरी नहीं, संभावना समझें। आवश्यकता हो तो करियर काउंसलर, शिक्षक या अनुभवी व्यक्ति की सहायता लें। कई लोग स्कूल या बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, लेकिन बाद में अपनी लगन और कौशल के बल पर बड़ी सफलता तक पहुंचे।**



कृति आरके जैन

बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने वाले हैं। तारीख करीब आते ही हजारों घरों में बेचौनी बढ़ने लगती है। कहीं विद्यार्थी देर रात तक जागकर अपने अनुमान लगा रहा है, तो कहीं माता-पिता चुपचाप उसके चेहरे की चिंता पढ़ रहे हैं। किसी को अच्छे अंकों की उम्मीद है, किसी को डर कि मेहनत के बाद भी परिणाम मनचाहा न आए। परिणाम के दिन मोबाइल की घंटी, वेबसाइट का खुलना, रोल नंबर डालती कांपती उंगलियांकृसब उस पल को और भारी कर देते हैं। और जब स्क्रीन पर अंक उम्मीद से कम दिखें या असफलता सामने खड़ी मिले, तो लगता है मानो सब समाप्त हो गया। विद्यार्थी को भविष्य अंधेरा दिखने लगता है, अभिभावक चिंता और अपराधबोध से भर उठते हैं। लेकिन इसी क्षण सबसे जरूरी है यह याद रखना कि यह केवल एक परीक्षा है, पूरा जीवन नहीं। एक परिणाम आपके व्यक्तित्व, क्षमता और भविष्य का अंतिम निर्णय नहीं हो सकता। सबसे पहले विद्यार्थी और अभिभावक, दोनों को अपनी भावनाएं दबाने के बजाय उन्हें स्वीकार करना चाहिए। निराशा, दुख, गुस्सा, आंसू या चुप्पीकृए सब स्वाभाविक हैं। विद्यार्थी यदि रोना चाहता है, तो उसे रो लेने देंय यदि कुछ देर अकेला रहना चाहता है, तो उसे समय दें। उसी तरह अभिभावक भी अपनी चिंता छिपाने के लिए कठोर न बनें। इस समय सबसे बड़ी जरूरत साथ की होती है। बच्चे के पास बैठकर केवल इतना कहना हम तुम्हारे साथ हैं, यह अंत नहीं है उसके टूटे मन को संभाल सकता है। कई बार लंबे भाषण नहीं, बल्कि एक शांत स्पर्श, एक गले लगाना और बिना निर्णय उसकी बात सुन लेना सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। अभिभावकों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि वे तुलना और तानों से पूरी तरह बचें। हफलां के इतने अंक आए, तुम्हारे क्यों नहीं? या इतना खर्च किया, फिर भी क्या हुआ? जैसे वाक्य बच्चे के मन पर गहरे घाव छोड़ते हैं। असफलता के बाद विद्यार्थी पहले ही अपराधबोध और शर्म से भरा होता है। यदि घर में भी उसे केवल आलोचना मिले, तो उसका आत्मविश्वास और टूट जाता है। इस समय बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि उसका महत्व केवल अंकों से नहीं है। वह एक इंसान है, जिसके भीतर योग्यताएं, भावनाएं, रुचियां और सपने हैं। घर का वातावरण शांत, भरोसे से भरा और सकारात्मक रखना ही इस कठिन समय में अभिभावक का सबसे बड़ा कर्तव्य है। विद्यार्थियों को यह समझना होगा कि असफलता का अर्थ अयोग्यता नहीं होता। कई बार कम अंकों के पीछे अनेक कारण होते हैं तनाव, समय प्रबंधन की कमी, सही रणनीति का अभाव, स्वास्थ्य की समस्या या किसी विषय में कमजोरी। इसलिए स्वयं को मैं किसी काम का नहीं कहकर दोषी ठहराने के बजाय अपनी तैयारी का ईमानदारी से विश्लेषण करें। सोचें, कमी कहां रह गई और अगली बार क्या बदला जा सकता है। यदि कोई विषय कठिन लगा, तो उसका अधिक अभ्यास करें। यदि समय कम पड़ा, तो समय बांटने की आदत डालें। यदि तनाव ने असर डाला, तो पढ़ाई के साथ विश्राम, व्यायाम और ध्यान को भी जीवन का हिस्सा बनाइए। हर गलती अगली सफलता का रास्ता दिखाती है। असफल परिणाम के बाद आगे बढ़ने के अनेक रास्ते होते हैं। यदि किसी विषय में कम अंक आए हैं, तो कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षा दी जा सकती है। यदि पूरी परीक्षा में सफलता नहीं मिली, तो अगले वर्ष बेहतर तैयारी के साथ फिर प्रयास किया जा सकता है। आज शिक्षा की दुनिया पहले से कहीं अधिक खुली है। केवल एक धारा या एक करियर ही जीवन का अंतिम रास्ता नहीं है। विज्ञान, वाणिज्य और कला के अलावा भी अनेक विकल्प हैं डिजिटल मार्केटिंग, डिजाइन, होटल प्रबंधन, एनीमेशन, खेल, संगीत, कंप्यूटर, फोटोग्राफी, फैशन, आईटीआई, डिप्लोमा, उद्यमिता और कई कौशल आधारित क्षेत्र। कई बार एक असफलता हमें उसी दिशा में मोड़ देती है, जहां हमारी वास्तविक प्रतिभा छिपी होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इस समय बच्चे की रुचियों को समझने की कोशिश करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राघव चड्ढा विवाद : लोकतांत्रिक प्रक्रिया या आंतरिक अनुशासन





विनीत नारायण

हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राजसभा सांसद राघव चड्ढा और पार्टी नेतृत्व के बीच खुला विवाद सामने आया। 2 अप्रैल को पार्टी ने राजसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाने और उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को नियुक्त करने की सूचना दी। साथ ही, पार्टी ने अनुरोध किया कि चड्ढा को पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। अगले दिन चड्ढा ने 'साइलेंस्ड, नॉट डिफीटेड' शीर्षक से एक वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि वे हमेशा आम आदमी के मुद्दे उठाते रहे, लेकिन पार्टी उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। यह घटना पार्टी के आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करती है और सवाल उठाती है कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया है या सख्त अनुशासन का मामला। राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल के करीबी माने जाते थे, लेकिन पिछले एक साल से रिश्तों में दरार दिखने लगी थी। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान चड्ढा विदेश में आंखों की सर्जरी करा रहे थे और पार्टी के कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को हालिया छूट मिलने पर भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से कोई बड़ा बयान नहीं दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह अनुशासनहीनता और पार्टी लाइन से विचलन माना गया। वहीं चड्ढा ने संसद में हवाई अड्डों पर महंगे खाने, डिलीवरी पार्टनर्स की समस्याएं, टोल प्लाजा और बैंक चार्जेस, गिग वर्कर्स के अधिकार जैसे मुद्दे उठाए, जिन्हें उन्होंने 'आम आदमी' के हितों से जोड़ा। लेकिन पार्टी ने इन्हें 'सॉफ्ट पीआर' करार दिया। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस विवाद पर बयान भी दिए। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चड्ढा बीजेपी से डरते हैं, विरोधी दलों के वॉकआउट में शामिल नहीं होते और पंजाब के मुद्दों पर चुप रहते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें 'कम्प्रोमाइज्ड' बताया और कहा कि जब पार्टी एमएसपी या केंद्र से फंडिंग जैसे बड़े मुद्दे उठाती है, तब चड्ढा छोटे-छोटे मुद्दों पर फोकस करते हैं। आतिशी और अनुराग धंडा ने भी यही स्वर दोहराया कि संसद में सीमित समय में 'समोसे सस्ते' जैसे विषयों पर बोलना राष्ट्रहित से दूर है। पार्टी का तर्क है कि एक छोटी पार्टी के पास संसद में बोलने का सीमित कोटा होता है, इसलिए उसे केंद्र सरकार के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहिए, न कि 'सॉफ्ट' मुद्दों पर। इस पर चड्ढा ने अपने वीडियो में इन आरोपों का सीधा जवाब दिया। उन्होंने पूछा, हक्या आम आदमी के मुद्दे उठाना अपराध है? मैंने हवाई अड्डे के खाने की महंगाई, गिग वर्कर्स की दुर्दशा, अशुद्ध भोजन और लूटखसोट के मुद्दे उठाए, जिससे आम आदमी को फायदा हुआ। पार्टी को इससे क्या नुकसान हुआ? उन्होंने पार्टी को चेतावनी दी, मेरे मौन को हार मत समझिए। मैं वह नदी हूं जो समय आने पर बाढ़ बन जाती है। यह बयान न केवल व्यक्तिगत दर्द जाहिर करता है, बल्कि पार्टी में असहमति के अधिकार पर भी सवाल खड़ा करता है।

वहीं अन्य राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया ने इस विवाद को और भी रंग दिया है। भाजपा ने इसे आम आदमी पार्टी का आंतरिक मामला बताया, लेकिन चड्ढा को बोलने से रोकने को 'अत्यधिक आपत्तिजनक और तानाशाही' करार दिया। कांग्रेस ने इसे पार्टी में दरार का सबूत माना। पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारींग ने कहा कि च्ढा पहले से ही पार्टी से 'अलग' दिखते थे, खासकर केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय उनकी अनुपस्थिति को देखते हुए। कुछ कांग्रेस नेताओं का अनुमान है कि च्ढा पार्टी छोड़कर कहीं और जा सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी पार्टी की एकता पर सवाल उठाए हैं। कुल मिलाकर, विपक्षी दलों ने इस घटना को पार्टी की कमजोरी के रूप में पेश किया है। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि चड्ढा पार्टी की आक्रामक एंटी-बीजेपी रणनीति से सहमत नहीं हैं। वे ज्यादा मुद्दा-आधारित और कम व्यक्तिगत हमले वाले रुख अपनाते रहे, जो आम आदमी पार्टी की मौजूदा जरूरत (केंद्र सरकार पर सीधा हमला) से मेल नहीं खाता। दूसरी अटकल यह है कि चड्ढा की बढ़ती लोकप्रियता और मीडिया कवरेज केजरीवाल के लिए खतरा बन गई। स्वाती मालीवाल जैसी पिछली घटनाओं की घटना की याद दिलाते हुए कुछ राजनैतिक पंडित कहते हैं कि आम आदमी पार्टी में 'केजरीवाल से ज्यादा चमक' बर्दाश्त नहीं की जाती। अनुशासन और पंजाब-केंद्रित रणनीति भी एक कारण हो सकता है, क्योंकि चड्ढा पंजाब से सांसद हैं लेकिन पंजाब के बड़े मुद्दों जैसे एमएसपी पर कम सक्रिय रहे। कुछ स्रोतों का दावा है कि चड्ढा को बीजेपी 'प्रमोट' कर रही है या वे स्वतंत्र रूप से राजनीति करने की सोच रहे हैं। हालांकि, इनमें से कोई भी पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी ने इसे 'रूटीन संगठनात्मक बदलाव' बताया है, लेकिन टाइमिंग और बोलने पर रोक ने संदेह बढ़ा दिया है। देखा जाए तो यह एक संसदीय लोकतंत्र में पार्टी अनुशासन बनाम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सवाल है। क्या एक सांसद को पार्टी कोटा से बोलने का अधिकार पार्टी नेतृत्व के विवेक पर निर्भर होना चाहिए? संविधान और संसदीय परंपरा में सांसद पार्टी से कहीं ज्यादा जनता का प्रति. निधि है। लेकिन वास्तविकता में व्हिप और पार्टी लाइन बाध्यकारी हैं। आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी जो स्वयं 'स्वराज' और पारदर्शिता का नारा देती रही, में यह घटना उसके सिद्धांतों से मेल नहीं खाती। इसके साथ हीपार्टी की आंतरिक संरचना पर भी कई सवाल उठते हैं। केजरीवाल-केंद्रित पार्टी में असहमति को कैसे हैंडल किया जाता है? पार्टी बनने के समय जो-जो बड़े व चर्चित चेहरे केजरीवाल के साथ थे वे एक-एक करके अलग हुए। अब राघव चड्ढा जैसी घटनाएं पार्टी की 'एकता' की छवि को धक्का पहुंचाती हैं। आम आदमी पार्टी जैसे दलों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत रहने के लिए आंतरिक एकता जरूरी है। चड्ढा जैसे युवा, शिक्षित और मीडिया-सेवी नेता पार्टी की छवि को आधुनिक बनाते थे।

उनका साइडलाइन होना युवा नेताओं को निरुत्साहित कर सकता है। चड्ढा ने जो मुद्दे उठाए वे वाकई आम आदमी से जुड़े थे, महंगाई, श्रमिक अधिकार, उपभोक्ता शोषण, लेकिन राजनीति में संसद सीमित समय में प्राथमिकता 'बड़े राजनीतिक हमले' को दी जाती है। क्या यह 'सॉफ्ट' बनाम 'हार्ड' पॉलिटिक्स का टकराव है? दोनों पक्षों में सच्चाई तो है, एक तरफ पार्टी की रणनीतिक जरूरत, दूसरी तरफ संसद को जन-समस्याओं का मंच बनाने का प्रयास। इस विवाद से भारतीय राजनीति को दो सबक मिलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने दी फिर भारत को धमकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ नें सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फाल्स फ्लैग आपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है।

### युद्ध के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 17 लोग गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायली पुलिस ने तेल अवीव के थिएटर स्क्वायर पर युद्ध के विरोध में रैली कर रहे 17 लोगों को हिरासत में लिया है। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी अधिकारियों से लेबनान, ईरान और गाजा पट्टी में जारी सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। हालांकि इस रैली को मंजूरी दी गई थी, लेकिन यह नागरिक सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में आयोजित की गई थी।

### पाकिस्तान में ईंधन सब्सिडी पर पीएम ने की समीक्षा बैठक

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया क्षेत्रीय तनाव के बीच पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय पाकिस्तान के अनुसार बैठक में सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ-साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई।

### फ्रांस ने की चीन में अपने नागरिक को मृत्युदंड की निंदा

**पेरिस।** फ्रांस ने अपने नागरिक चान थाओ फूमी (62) को चीन के कैंटन में मृत्युदंड दिए जाने पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 2010 में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराए गए चान को दो दशकों से अधिक समय तक कारावास में रखने के बाद मृत्युदंड दिया गया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने के कारण ऑटो-रिक्शा की लंबी कतारें।

## घेब्रेएसस ने ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा पर की चिंता व्यक्त

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि आज सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेएसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं।

# अमेरिकी सेना की गतिविधियां एआई से ट्रैक कर रही चीनी कंपनियां

## ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं

**वाशिंगटन।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियां ईरानी संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन-सोर्स डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कई प्राइवेट कंपनियां ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं। हालांकि, चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है। कंपनियां पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना की तैनाती का विस्तार से विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के साथ मिला रही हैं। इस डेटा में सैटेलाइट इमेजरी, फ्लाइट ट्रैकर और शिपिंग जानकारी शामिल है। पांच हफ्ते पहले ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से यह ट्रेंड और बढ़ गया है। आनलाइन पोस्ट में अमेरिकी कैरियर मूवमेंट, एयरक्राफ्ट की पोजिशनिंग और बेस गतिविधियों की डिटेल्स दिखाई गई हैं। इसे विश्लेषक तेजी से बढ़ता इंटेलिजेंस मार्केटप्लेस बता रहे हैं। इसमें शामिल कुछ कंपनियों के चीन के मिलिट्री इकोसिस्टम से लिंक होने का दावा किया जा रहा है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह चीन की रक्षा क्षमता में निजी क्षेत्र के नवाचार को शामिल करने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है, जिसे उसकी सिविल-मिलिट्री एकीकरण रणनीति के तहत बड़ा सरकारी निवेश भी मिला है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों और विश्लेषकों के विचार इस मुद्दे पर अलग-अलग हैं कि खतरा कितना गंभीर है। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीटयूट के फेलो रयान फेडासियुक ने द वाशिंगटन पोस्ट से कहा कि चीन में निजी क्षेत्र की जियोस्पेशियल एनालिसिस (स्थान-आधारित डेटा जुटाने वाली) कंपनियों के बढ़ने से उसकी रक्षा क्षमता मजबूत होगी।



■ चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है

# अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकाला: ट्रम्प

## कहा: अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार सुबह घोषणा की कि अमेरिका ने ईरानी क्षेत्र से उन दो लड़ाकू पायलटों को सुरक्षित निकाल लिया है, जो शनिवार को ईरानी सेना के हमले में दो अमेरिकी विमानों के गिराए जाने के बाद से लापता हो गए थे।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर कहा कि हमने उन्हें पा लिया है! मेरे प्यारे देशवासियों, पायलट अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस 'चमत्कारी' अभियान में दूसरे पायलट को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया है। इससे पहले एक अन्य पायलट को भी सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन इसकी पुष्टि इसलिए नहीं कि गई थी क्योंकि वे दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि पिछले कुछ घंटों के दौरान, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था और दुश्मन हर घंटे उसके करीब पहुंच रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि वह पायलट कभी अकेला नहीं था क्योंकि कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष चौबीसों घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे और बचाव की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने उसे वापस लाने के लिए दुनिया के सबसे घातक हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे थे। पायलट को कुछ चोटें आई हैं, लेकिन वह ठीक हो जाएगा। अमेरिकी सैन्य इतिहास में यह पहली बार है जब दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से अलग-अलग बचाया गया है। ट्रम्प ने गर्व से कहा कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। ट्रम्प ने दावा किया कि बिना किसी अमेरिकी सैनिक के हताहत हुए इन दोनों ऑपरेशनों को पूरा करना यह साबित करता है कि अमेरिका ने ईरानी आसमान पर पूर्ण वर्चस्व हासिल कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंत में कहा कि यह एक ऐसा क्षण है जिस पर सभी अमेरिकियों को गर्व होना चाहिए और एकजुट होना चाहिए।



■ दावा: तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को किया खत्म
■ पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था: ट्रम्प

## ईरान में लगातार 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'नेटब्लॉक्स' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में जारी 'इंटरनेट ब्लैकआउट' अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है। लगातार इतने दिनों से संचार ठप होने के कारण आम नागरिकों का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

## ईरान में हवाई हमले में रेड क्रिसेंट स्वयंसेवक की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में एक हवाई हमले में अब्दुलफजल देहनवी नामक 20 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत हो गई। वह ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के साथ मानवीय सहायता कार्यों में जुटे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला मोबारकेह काउंटी में हुआ, जहां देहनवी नागरिकों की मदद और राहत कार्यों में लगे थे। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार, सहयोगियों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है। बताया गया है कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के दौरान अमेरिकी-इजरायली हमलों में देहनवी की जान गई।

## पश्चिम एशिया संकट के चलते यूक्रेन युद्ध को भूली दुनिया

**इस्तांबुल।** पश्चिम एशिया संकट का असर वैश्विक तौर पर दिख रहा है और पूरी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस युद्ध से खास तौर पर तनावग्रस्त हैं।

जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि अगर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन की प्राथमिकताओं में बदलाव के चलते यूक्रेन को बेहद जरूरी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलों की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस्तांबुल में 'द एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि रूस के रोजाना हमलों का सामना करने के लिए यूक्रेन को अमेरिका में बने पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की सख्त जरूरत है। रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए हमले के बाद से अग्रिम मोर्चे के अलावा शहरी इलाकों में भी रूसी हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, जिससे ड्रोन और मिसाइल उत्पादन बाधित हुआ है और सर्दियों में नागरिकों को हीटिंग और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है।



■ संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है: जेलेंस्की






















